www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

12 अगस्त, 2025
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 293




कई आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि नेमरा में सीएम से मिले






# एनकाउंटर में मारा गया सूर्या हांसदा

- पुलिस ने ललमटिया में मार गिराया
- कई संगीन मामलों में था फरार
- चार बार लड़ चुका था विधानसभा चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा में सोमवार को पुलिस से एनकाउंटर में अपराधी सूर्या हांसदा मारा गया। मुठभेड़ बोआरीजोर थाना क्षेत्र स्थित ललमटिया धमनी पहाड़ में हुई। सूर्या के पास से कई हथियार और खोखा बरामद हुआ है। सूर्या कई संगीन मामलों में फरार चल रहा था। रविवार शाम को उसकी गिरफ्तारी की चर्चा निकली थी। इसके बाद एनकाउंटर में मौत की सूचना से पूरे इलाके में हड़कंप है। हाल ही में साहिबगंज के मिर्जा चौकी थाना और गोड्डा के ललमटिया थाना में सूर्या हांसदा के खिलाफ कई संगीन अपराधों में संलिप्त रहने के आरोप में एफआइआर दर्ज की गयी थी।

सूत्रों के अनुसार, सूर्या हांसदा छिपा कर रखे हथियार को बरामद करवाने के लिए पुलिस के साथ ललमटिया धमनी पहाड़ पहुंच था। इस दौरान सूर्या हांसदा के गैंग के सदस्य वहां पहले से मौजूद थे। उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर सूर्या को छुड़ाने की कोशिश की। इसी बीच सूर्या हांसदा ने पुलिस का



हथियार छीन कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने सूर्या हांसदा को एनकाउंटर में मार गिराया। सूर्या अब तक चार बार विधानसभा चुनाव लड़ चुका था। हालांकि उसे चुनाव में जीत नहीं मिल पायी थी।

**पुलिस ने हांसदा के मारे जान की पुष्टि की:** गोड्डा एसपी मुकेश कुमार ने सूर्य नारायण हांसदा उर्फ सूर्या हांसदा के एनकाउंटर में मारे जाने की पुष्टि की है। सूर्या हांसदा की मां नीलमुनि मुर्मू ने बताया कि रविवार शाम को देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव से उनके बेटे सूर्या की गिरफ्तारी हुई थी। उन्होंने बताया कि रविवार शाम करीब 5 बजे सादे लिबास में बाइक से आये पुलिसकर्मियों ने सूर्या को उसकी मौसी के घर नावाडीह से पकड़ा और अपने साथ ले गये थे।

**हाइवा में आग लगाने के मामले में भी आरोपी था :** पुलिस के मुताबिक सूर्या 27 मई की रात इसीएल राजमहल कोल परियोजना ललमटिया में हुए गोलीकांड का मुख्य सूत्रधार था। इसके अलावा साहिबगंज के मिजाचौकी थाना क्षेत्र में पोकलेन मशीन और डंपर में आग लगाने के मामले भी उसका नाम सामने आया था। गोड्डा जिले के ललमटिया थाना क्षेत्र स्थित बाबूपुर के पास 11 जून को रात एक हाइवा में आग लगाने के मामले में भी वह आरोपी था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही वह कई महीनों से फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी।

### 2024 में जेएलकेएम के टिकट पर लड़ा था चुनाव

सूर्या हांसदा का कई राजनीतिक दलों से संबंध रहा था। वह बोरियो विधानसभा से चार बार चुनाव लड़ चुका था। पहली बार उसने 2009 में झारखंड विकास मोर्चा (झाविमो) से चुनाव लड़ा था। दूसरी बार 2014 में भी उसने झाविमो से चुनाव लड़ा। तीसरी बार 2019 में भाजपा ने उसे टिकट दिया था। उस चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रहा था। 2024 में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर उसने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उसने जेएलकेएम पार्टी से चुनाव लड़ा, लेकिन वह किसी भी चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाया था।

# कोसी का नाम आते ही कुछ लोगों को बिहार चुनाव दिखेगा: नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री ने सांसदों के लिए बने फ्लैट के उद्घाटन के मौके पर विपक्ष पर कसा तंज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सोमवार को संसद सदस्यों के लिए 184 नवनिर्मित फ्लैटों का उद्घाटन किया। उन्होंने सिंदूर का पौधा लगाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले मैंने कर्तव्य पथ ओर कर्तव्य भवन का लोकार्पण किया था। आज मुझे संसद में अपने सहयोगियों के लिए आवास के उद्घाटन का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन फ्लैटों का नाम भारत की चार महान नदियों के नाम पर रखा गया है, जो देश की एकता को दर्शाती है। मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोगों को इन नामों से भी परेशानी होगी।


**प्रधानमंत्री ने सांसदों को दी बधाई :** प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि आज मुझे संसद में अपने सहयोगियों के लिए इस आवासीय परिसर का उद्घाटन करने का अवसर मिला। मैं सभी सांसदों को बधाई देता हूं। मैं इन फ्लैटों के निर्माण में शामिल सभी इंजीनियरों और श्रमिक मित्रों की भी सराहना करता हूं, जिनकी कड़ी मेहनत से यह परियोजना संभव हो पायी है। हमारे सांसद साथी जिस नये आवास में प्रवेश करेंगे, अभी मुझे उसका एक सैंपल फ्लैट देखने का भी मौका मिला। मुझे पुराने सांसद आवासों को देखने का मौका भी मिलता रहा है। पुराने आवास जिस तरह बदहाली का शिकार होते थे, सांसदों को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नये आवासों में गृह प्रवेश के बाद उनसे मुक्ति मिलेगी। सांसद साथी अपनी समस्याओं से मुक्त रहेंगे, तो वो अपना समय और अपनी ऊर्जा और बेहतर तरीके से जनता की समस्याओं के समाधान में लगा पायेंगे।

**भारत के विकसित होने को अधीर है 21वीं सदी:** मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत जितना विकसित होने के लिए अधीर है, उतना ही संवेदनशील भी है। आज देश कर्तव्य पथ और कर्तव्य भवन का निर्माण करता है। तो करोड़ों देशवासियों तक पाइप से पानी पहुंचाने का अपना कर्तव्य भी निभाता है। आज देश अपने सांसदों के लिए नए घर का इंतजार पूरा करता है। तो पीएम-आवास योजना के जरिये चार करोड़ गरीबों का गृह प्रवेश भी करवाता है।



### चार टावर के नाम बेहद सुंदर

प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां के चार टावरों के नाम भी बेहद सुंदर हैं। कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली। भारत की चार महान नदियां, जो करोड़ों लोगों को जीवन देती हैं। अब उनकी प्रेरणा से हमारे जन प्रतिनिधियों के जीवन में भी आनंद की नयी धारा बहेगी। मोदी ने इस दौरान तंज कसते हुए कहा कुछ लोगों को परेशानी भी होगी। कोसी नदी पर नाम रखा है, तो उनको कोसी नदी नहीं दिखेगी, उनको बिहार का चुनाव नजर आयेगा। ऐसे छोटे मन के लोगों के मन की परेशानियां भी दिखेंगी। नदियों के नामों की परंपरा देश की एकता के सूत्र में हमें बांधती है।



# एक सितंबर से दिल्ली-वॉशिंगटन एअर इंडिया की उड़ानें निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एअर इंडिया ने सोमवार को एक सितंबर 2025 से दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच अपनी उड़ानों को अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की है। यह फैसला कई परिचालन कारणों की वजह से लिया गया है, जिसमें पूरे हवाई मार्गों की विश्वसनीयता और संचालन की मजबूती सुनिश्चित करना शामिल है। एअर इंडिया ने कहा कि यह निलंबन एअर इंडिया के विमान बेड़े में विमानों की अस्थायी कमी के कारण किया जा रहा है। एअर इंडिया ने पिछले महीने अपने 26 बोइंग 787-8 विमानों की रिट्रोफिटिंग (नया और उन्नत बनाना) की प्रक्रिया शुरू की है। यह एक बड़ा और विस्तृत कार्यक्रम है, जिसका मकसद यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है। इस प्रक्रिया के कारण एक ही समय में कई विमान लंबे समय तक सेवा से बाहर रहेंगे और यह स्थिति कम से कम 2026 के अंत तक बनी रहेगी। इसके साथ ही पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के लगातार बंद रहने से एअर इंडिया की लंबी दूरी की उड़ानों पर असर पड़ रहा है।

### तिरुवनंतपुरम-दिल्ली एअर इंडिया फ्लाइट की चेन्नई में लैंडिंग

चेन्नई (आजाद सिपाही)। तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया फ्लाइट एआइ2455 की रविवार रात चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। एयरलाइंस ने तकनीकी गड़बड़ी और खराब मौसम को इसकी वजह बताया। एयर ट्रैफिक ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 के अनुसार फ्लाइट ने रात 8:17 बजे उड़ान भरी। इसे 10:45 बजे दिल्ली पहुंचना था। फ्लाइट में मौजूद कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने  पर लिखा कि चेन्नई में जब इमरजेंसी लैंडिंग की पहली कोशिश हुई तो सामने (रनवे) दूसरा प्लेन खड़ा था। पायलट प्लेन को दोबारा हवा में ले गया और दूसरी कोशिश में सुरक्षित लैंडिंग हो सकी।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजिल अर्पित करने वालों का लगा तांता

# अलग राज्य के निर्माण में गुरुजी का अतुलनीय योगदान



बिरसाइत पंथ के अनुयायियों ने सोमवार को नेमरा, रामगढ़ स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक आवास में स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन की आत्मा की शांति हेतु विशेष प्रार्थना की।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/गोला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग सोमवार को नेमरा गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेमरा स्थित पैतृक आवास पर लोगों ने स्मृति-शेष गुरुजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। गुरुजी को श्रद्धांजलि देने वालों में आम और खास सभी लोग शामिल थे। मौके पर लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। मालूम हो कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म के आज सातवें दिन सुबह से ही उनके नेमरा स्थित पैतृक आवास में उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा।



### गुरुजी को जननायक के रूप में याद किया



दिशोम गुरु शिबू सोरेन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए लोगों ने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में गुरुजी का अतुलनीय योगदान रहा। झारखंडवासी सदैव उनका ऋणी रहेंगे। गुरुजी ने अपना जीवन आदिवासी, गरीब, दलित, शोषित, वंचित एवं उपेक्षित समुदाय के उत्थान के लिए समर्पित किया। स्मृति-शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन का संघर्ष, आदर्श एवं उनके द्वारा दिखाये रास्ते राज्यवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा, सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पूरा देश गुरुजी को हमेशा जननायक के रूप में याद रखेगा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राज्य के मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।






## वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ विपक्ष का मार्च

# राहुल-प्रियंका और अखिलेश दो घंटे हिरासत में

प्रदर्शन के दौरान दो महिला सांसद बेहोश हुईं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च निकाला। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गयी, जहां से दो घंटे बाद रिहा कर दिया गया। मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब



सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया, तो वे जमीन पर बैठ गये। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगाये। प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गयी। वे बेहोश हो गयीं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की।

**संविधान बचाने की लड़ाई:** हिरासत में लिये जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है।

**सांसदों ने मार्च के लिए अनुमति नहीं मांगी:** मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में 'वोट बचाओ' के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी थी, इसलिए चुनाव आयोग जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया।

### लोकसभा में नया आयकर बिल पास

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। वोटर वेरिफिकेशन और वोटों की चोरी के आरोपों पर हंगामे के बीच सरकार ने सोमवार को नया आयकर बिल (नंबर-2) 2025 और कराधान कानून संशोधन बिल-2025 लोकसभा में पास कराया। राज्यसभा में गोवा विधानसभा एसटी रिजर्वेशन बिल पेश हुआ, दो खेल बिल और मणिपुर से जुड़े तीन विधेयक पेश किये गये। हालांकि इन बिलों को पेश करते समय विपक्ष का हंगामा जारी रहा। इस पर राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चर्चा के लिए कहा जा रहा है कि हाउस ऑर्डर में नहीं है और बिल पारित हो रहे हैं। यह लोकतंत्र के साथ धोखा है। लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए। चेयर को, नेता सदन को यह स्पष्ट करना चाहिए। ये कैसा लोकतंत्र है।

# यूपी के फतेहपुर में मकबरे पर भगवा लहराया

- बवाल, पथराव, तोड़फोड़
- हिंदू संगठनों का मंदिर होने का दावा
- सड़क पर जाम लगाकर हनुमान चालीसा पढ़ी



आजाद सिपाही संवाददाता

**फतेहपुर।** यूपी में संभल के बाद अब फतेहपुर में मंदिर-मस्जिद का विवाद शुरू हो गया। यहां सोमवार सुबह करीब 10 बजे अचानक बजरंग दल, हिंदू महासभा समेत कई हिंदू संगठनों के दो हजार लोग ईदगाह में बने मकबरे पर पहुंच गये। पुलिस ने पहले से मकबरे के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर दी थी, लेकिन लाठी-डंडे से लैस हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मकबरे को मंदिर बताकर तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। कुछ युवकों ने मकबरे की छत पर चढ़कर भगवा झंडा लगा दिया। हिंदू महासभा के नेता मनोज त्रिवेदी भीड़ के साथ मकबरे के अंदर पहुंचे और पूजा करने लगे। मकबरे पर भगवा झंडा और पूजा-पाठ देख मुस्लिम समुदाय के लोग भड़क गये। करीब डेढ़ हजार मुस्लिम इदगाह पहुंच गये। इसके बाद दोनों तरफ से पथराव होने लगा। पुलिस ने लाठियां चलाकर भीड़ को खदेड़ा। बवाल इतना बढ़ा कि 10 थानों की फोर्स बुलायी गयी। इसके बाद हिंदू संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता मकबरे से 500 मीटर दूर डाक बंगला चौराहे पर जाम लगा दिया। सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे।

बताते चलें कि फतेहपुर के आबूनगर इलाके में इदगाह परिसर में नवाब अब्दुल समद का मकबरा है। यह 200 साल पुराना है। हिंदू संगठन इसमें ठाकुरजी का मंदिर होने का दावा कर रहे हैं। बवाल की सूचना पर एडीजी जोन प्रयागराज संजीव गुप्ता मौके पर पहुंचे। फ्लैग मार्च कर ड्रोन कैमरे से निगरानी शुरू की गयी है। एडीजी के आदेश पर 6 जिलों के एएसपी फतेहपुर पहुंचे हैं। उधर, शहर काजी सईदुल इस्लाम अब्दुल्ला ने मुस्लिम समुदाय से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने शहर का अमन चैन खराब करने के लिए हुड़दंग किया है, लेकिन हमें शांत रहना है। प्रशासन अपना काम करेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 12 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार के चुनावी मैदान में इस बार 'बाहुबली रिटर्स'

## ■ अनंत सिंह और आनंद मोहन की नीतीश से मुलाकात ने दिया संकेत

## ■ महागठबंधन और एनडीए में बाहुबलियों को लेकर नहीं है कोई फर्क

**आजाद सिपाही विशेष**

**दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाले बिहार में अभी विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है। सभी राजनीतिक दलों ने अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। एनडीए हो या महागठबंधन, या फिर नीतीश कुमार हों या तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी हों या जीतन राम मांझी या चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा, सबकी गोटी सेट होने लगी है। इस बीच बिहार के दो चर्चित बाहुबलियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की है और इससे राजनीतिक माहौल में एक अजीब सी सनसनी कायम हो गयी है। पिछले दो दिन में अनंत सिंह और आनंद मोहन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की है। अनंत सिंह अभी जेल से बाहर आये हैं और मोकामा से जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ने का एलान कर चुके हैं। नीतीश से उनकी मुलाकात के अगले ही दिन आनंद मोहन ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इन दोनों की सीएम से मुलाकात के मायने निकाले जा रहे हैं। मुलाकात के बाद अब यह संकेत पुख्ता हो गये हैं कि बिहार के चुनावी मैदान में इस बार बाहुबलियों का जलवा खूब देखने को मिलेगा, जैसा कि 90 के दशक में दुनिया देख चुकी है। इस बार खास बात यह है कि बाहुबलियों के प्रति नजरिये में सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी महागठबंधन में कोई खास अंतर नहीं दिख रहा है। दोनों ही गठबंधन बाहुबलियों को चुनाव मैदान में उतारने से परहेज करने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। अनंत सिंह और आनंद मोहन सिंह की नीतीश से मुलाकात के क्या हैं सियासी मायने और बिहार चुनाव पर इसका क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

विधानसभा चुनाव की तपिश झेल रहे बिहार में इन दिनों 'बाहुबली रिटर्स' की खूब चर्चा हो रही है। लोग पूछ रहे हैं कि क्या बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 90 की दशक की ओर लौट रहे हैं। यह सवाल इन दिनों बिहार की राजनीति में काफी मौजूं हो गया है। पिछले तीन दिनों के भीतर दो बाहुबलियों और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुलाकात के बाद यह चर्चा परवान पा रही है कि राजनीति का घूमता चक्र कहीं रिटर्न बैक तो समता पार्टी नहीं हो गया है।

### सीएम से मिले अनंत सिंह

जेल से छूटने के महज दो दिन बाद यानी गत शनिवार को मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह ने पटना में सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की। मोकामा विधानसभा से बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी चुनाव जीती थीं। मगर 2020 के विधानसभा चुनाव में नीलम देवी राजद की उम्मीदवार थीं। पर शक्ति परीक्षण के दौरान नीलम देवी ने पाला बदला और एनडीए की शरण में आ गयीं। इस बार अनंत सिंह खुद चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने जेल से बाहर निकलने के बाद इस बात का एलान भी कर दिया कि वह जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने यहां तक कह दिया कि यदि तेजस्वी यादव भी उनके खिलाफ चुनाव लड़े, तो वह उनकी भी जमानत जब्त करा देंगे। अनंत सिंह अपनी पत्नी पर गुस्सा हैं कि विधायक के रूप में नीलम देवी ने अच्छा काम नहीं किया और वह जनता से जुड़ने में विफल रहीं। यही वजह है कि अनंत सिंह मोकामा से जदयू के टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश करने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आशीर्वाद लेने पहुंचे थे।

सीएम से मिले आनंद मोहन

अब इसे संयोग कहें या सेटिंग, लेकिन हुआ यह कि जैसे ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अनंत सिंह मिल कर निकले, आनंद मोहन की गाड़ी सीएम हाउस में प्रवेश कर गयी। पूर्व सांसद आनंद मोहन अपनी पत्नी सह पूर्व सांसद लवली आनंद और विधायक बेटे चेतन आनंद के साथ सीएम से मिलने पहुंचे। बता दें कि कुछ दिन पहले एम्स विवाद में चेतन आनंद बुरी तरह घिर गये थे। आनंद मोहन की मुख्यमंत्री से इस मुलाकात को चुनावी माना जा रहा है। अब कुछ माह में विधानसभा चुनाव होना है। इस वजह से चुनाव के लिए टिकट को लेकर इस मुलाकात के निहितार्थ माने जा रहे हैं।



### बाहुबली के करीब

इन दोनों बाहुबलियों की सीएम से मुलाकात के बाद अब लोगों को वर्ष 1989 का चुनाव याद आने लगा है। उस साल लोकसभा का चुनाव जब नीतीश कुमार लड़ रहे थे, तो उन पर बाहुबली के सहयोग लेने का आरोप लगा था। तब जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़ रहे नीतीश कुमार को 368,972 मत मिले थे और कांग्रेस के उम्मीदवार राम लखन यादव को 290,625 मत मिले। लगभग 78 हजार मतों से नीतीश कुमार को जीत मिली। राजनीतिक गलियारों में यह बात आज भी चर्चा में है कि नीतीश कुमार की जीत में बाहुबली दुलारचंद यादव, अनंत सिंह और सूरजभान जैसे लोगों का योगदान रहा था।

### समता पार्टी और बाहुबली

राजद सुप्रीमो लालू यादव से अलग हो कर नीतीश कुमार ने जब समता पार्टी बनायी थी, तब भी बाहुबलियों की एक बड़ी फौज नीतीश कुमार के समर्थन में खड़ी थी। तब सूरजभान सिंह, प्रभुनाथ सिंह, उमानाथ सिंह, सुनील पांडेय, राजन तिवारी, आनंद मोहन, मुन्ना शुक्ला और देवेंद्र दुबे सरीखे बाहुबली समता पार्टी की शोभा बढ़ा रहे थे। हालांकि नीतीश कुमार ने बाहुबलियों का मददगार होने का दाग सुशासन की डोर पकड़ कर काफी हद तक धो लिया, लेकिन हकीकत यही है कि वह बाहुबली से कभी दूर, तो कभी नजदीक होते रहे हैं। नीतीश कुमार ने कई बाहुबलियों को विधानसभा चुनाव में टिकट दिया। उन्होंने देवेंद्र दुबे को समता पार्टी का उम्मीदवार बनाया, लेकिन देवेंद्र दुबे जब किसी हत्याकांड में फंस गये, तो नीतीश कुमार ने उनको अपना उम्मीदवार नहीं बनाया। यही अनंत सिंह के साथ भी हुआ। अनंत सिंह से जब नीतीश कुमार नाराज हो गये, तो वह राजद के टिकट से मोकामा से विधायक बने।

### महागठबंधन में भी बाहुबलियों से परहेज नहीं

महागठबंधन में भी इस बार बाहुबलियों से परहेज नहीं दिख रहा है। आनंद मोहन और अनंत सिंह के जेल से बाहर आने के बाद चुनावी ताल ठोकने के लिए बेचैन दिखने के बीच यह भी हकीकत है कि राजद की ओर से कई बाहुबली मैदान में ताल ठोकते नजर आ जायेंगे। इसमें जेल में बंद राजद के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। ऐसे में बिहार में 'बाहुबली रिटर्स' की यादें ताजी हो जा सकती हैं।

---

# आज भी चौकी पर ही सोते हैं नीतीश कुमार

## अशोक चौधरी ने बताया, सीएम के बेडरूम में बस तीन सामान

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के नेता और बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सादगी भरे जीवन को लेकर कहा है कि सीएम आवास में उनके बेडरूम में बस तीन सामान हैं और वह आज भी चौकी पर ही सोते हैं। चौधरी ने बताया कि नीतीश कुमार के कमरे में चौकी जैसा एक बिस्तर, दो प्लास्टिक की कुर्सी और एक अलमारी है। अशोक चौधरी ने एक इंटरव्यू में नीतीश कुमार के इकलौते बेटे के जन्मदिन पर भोज में जमीन पर बिठाकर पत्तल में खिलाने की कहानी भी सुनायी। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव सत्ता में बने रहने के लिए किसी भी हद तक जा सकते थे। अगर



मंत्रियों के बीच विभाग बांटने का नियम नहीं होता, वह सारे विभाग अपने ही पास रख लेते। चौधरी ने हालांकि कहा कि लालू यादव बिहार की राजनीति को बहुत अच्छे से समझते हैं।

नीतीश की सादगी को लेकर सवाल पर उन्होंने बताया, 2017 या 2018 की बात है। उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। बुखार था। मैंने हाल-चाल जानने के लिए टेलीफोन किया, तो बुला लिये। गया तो चौकी पर लेटे थे। चौकी जैसा बिस्तर है। अशोक चौधरी ने बताया कि सीएम आवास के उनके बेडरूम में उस चौकी के अलावा दो प्लास्टिक की कुर्सी और एक आलमीरा है। चौधरी ने कहा, नीतीश राजनीति को सेवा भाव से देखते हैं। व्यक्तिगत लाभ के लिए राजनीति नहीं की। कुछ दिन पहले निशांत का जन्मदिन था। निशांत हनुमान मंदिर गये थे। वहां शायन से भेंट हुई, तो उन्होंने शायन को जन्मदिन पर घर आमंत्रित किया और कहा कि शांभवी को लेकर आना। शांभवी ने वहां से निकल कर मुझे फोन किया कि कोई आदमी ऐसे बड़ा नहीं होता है। मुख्यमंत्री आवास में बाल्टी में दाल-चावल और पत्तल पर नीचे बैठकर भोजन कराना। देश में किसी मुख्यमंत्री का परिवार अपने इकलौते बेटे का जन्मदिन ऐसे नहीं मनाता होगा।

---

# तेजस्वी को जेड और सम्राट को जेड प्लस सुरक्षा

**बिहार चुनाव से पहले पांच नेताओं की सुरक्षा बढ़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। बिहार चुनाव से पहले राज्य के पांच दिग्गज नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। नीतीश सरकार ने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पांच नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी है। जिन नेताओं की सुरक्षा बढ़ायी गयी है, उनमें पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, अररिया सांसद प्रदीप कुमार, बाढ़ के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू और जदयू विधान पार्षद नीरज कुमार सिंह शामिल हैं। गृह विभाग की अधिसूचना के मुताबिक, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को जेड प्लस और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव



को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, प्रदीप सिंह और ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू को वाइ प्लस, जबकि नीरज कुमार को वाइ श्रेणी की सुरक्षा दिये जाने का निर्णय लिया गया है। विभाग ने डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। बता दें कि कुछ दिनों पहले बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की सुरक्षा को लेकर कई गंभीर सवाल उठे थे। नवादा से पटना लौटते समय पटना के मरीन ड्राइव के पास राजद नेता के काफिले में एक कार घुस गयी थी। इससे पहले उनके काफिले में शामिल एक कार को ठोकर मारने की घटना भी हुई थी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को हाल ही में जान से मारने की धमकी मिली थी। इनके अलावा पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव भी लंबे समय से अपनी सुरक्षा बढ़ाये जाने की मांग उठाते रहे हैं।

**जेड प्लस सुरक्षा श्रेणी क्या है :** बता दें कि जेड प्लस सुरक्षा श्रेणी सबसे उच्च स्तर की सुरक्षा श्रेणी होती है। किसी व्यक्ति को यह सुरक्षा देने से पहले गृह मंत्रालय राज्य सरकार से सलाह के बाद निर्णय लेता है। जेड प्लस सुरक्षा में करीब 55 जवान वीआइपी की सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहते हैं। ये एनएसजी के कमांडो होते हैं। ये कमांडो वीआइपी के घर से लेकर उनके दफ्तर तक उनके साथ रहते हैं।

### तेजस्वी यादव के साथ रहेंगे 22 सुरक्षाकर्मी

जेड श्रेणी की सुरक्षा एक हाइलेवल सुरक्षा व्यवस्था मानी जाती है। राजद नेता और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को यह सुरक्षा प्रदान की गयी है। अब 22 सुरक्षा कर्मी तेजस्वी यादव के साथ साये की तरह हमेशा साथ रहेंगे। इसमें एनएसजी कमांडो और पुलिसकर्मी दोनों शामिल रहते हैं। इस कैटेगरी की सुरक्षा में आइटीबीपी या सीआरपीएफ के जवान भी शामिल रहते हैं।

### पप्पू यादव वाइ प्लस सुरक्षा घेरे में रहेंगे

पप्पू यादव को वाइ प्लस सुरक्षा दी गयी है। इस सुरक्षा श्रेणी के तहत वीआइपी की सुरक्षा में करीब एक दर्जन जवान तैनात रहते हैं। इनमें दो से चार कमांडो और तीन पीएसओ होते हैं। इसके अलावा वाइ श्रेणी सुरक्षा व्यवस्था के तहत वीआइपी की सुरक्षा में करीब आठ जवान हमेशा तैनात रहते हैं। इन जवानों के लिए दो गाड़ियों का इंतजाम रहता है।

---

## पूर्व सीएम ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को भेंट किया तिरंगा

# जब पूरा देश तिरंगामय होगा, तब देशभक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिलेगा : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पूर्व सीएम सह भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने सोमवार को एग्रिको स्थित अपने आवासीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सातों मंडल अध्यक्षों को सम्मानपूर्वक तिरंगा सौंपते हुए अभियान की सफलता का संकल्प दिलाया। पूर्व सीएम रघुवर



दास ने कहा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत के स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी झारखंडवासियों और जमशेदपुरवासियों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घर, दुकान और फ्लैट पर सम्मानपूर्वक तिरंगा लगाने की अपील की। उन्होंने कहा जब पूरा देश तिरंगामय होगा, तब देशभक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिलेगा। पूर्व सीएम ने कहा घर-घर तिरंगा लगाने से खादी ग्रामोद्योग और बुनकर भाइयों को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, जीवन लाल, पप्पू उपाध्याय, बबलू गोप, विकास शर्मा, सूरज, युवराज सिंह, रंजीत सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# विपक्ष फैला रहा भ्रम, एनडीए में नहीं कोई दरारः चिराग

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय मंत्री सह लोजपा आर के अध्यक्ष चिराग पासवान रविवार को हाजीपुर में केंद्रीय विद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि विपक्ष अफवाह फैलाकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है, ताकि एनडीए के भीतर मतभेद पैदा किये जा सकें। उन्होंने कहा कि जब मैं सीतामढ़ी में माता सीता के मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल नहीं पाया, या फिर व्यवस्थाओं पर सवाल उठाता हूं, तो इन सभी बातों के पीछे वही सोच होती है कि क्या गठबंधन में दरार है। मेरा इतिहास भी 2020



वाला रहा है। धारणा है कि 2020 में चिराग ने ऐसा किया था, तो इस बार भी ऐसा करेगा। लेकिन चिराग ऐसा कतई नहीं करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं मजबूती से एनडीए के साथ खड़ा हूं। ये विनिंग कांबिनेशन हैं। हम लोग 2025 में 225 सीटें जीतने की ओर अग्रसर हैं। परिणाम के बाद देखियेगा। एनडीए ऐतिहासिक जीत के साथ सरकार बनायेगा। बता दें कि हाल ही में चिराग पासवान ने विधानसभा चुनाव लड़ने का एलान किया था, जिसके बाद से कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गयी थीं।

वहीं गहन मतदाता पुनरीक्षण पर जारी घमासान के बीच चिराग पासवान ने आरोप लगाया कि विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने और जानबूझ कर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहा है। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर वोटर आइडी से जुड़े किसी भी मामले में गड़बड़ी है, तो चुनाव आयोग निष्पक्ष जांच करेगा और जरूरी कार्रवाई भी करेगा। लेकिन विपक्ष जान-बूझकर हर प्रक्रिया पर सवाल उठाकर एक सोची-समझी रणनीति के तहत भ्रम फैलाने में लगा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इस मुद्दे को राजनीतिक इवेंट बना दिया है। चिराग पासवान ने कहा कि विपक्षी शिकायत करते हैं, लेकिन जब सुधार की पहल होती है, तो उसी पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी हुए 10 दिन हो चुके हैं, लेकिन आज तक न राजद और न कांग्रेस की ओर से कोई लिखित आपत्ति दर्ज करायी गयी है। सिर्फ मीडिया में बयानबाजी कर माहौल बनाया जा रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.3 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.25 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 07.05 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 12 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


### कई आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि नेमरा में सीएम से मिले, कहा

# दुख की इस घड़ी में आदिवासी समाज हेमंत सोरेन के साथ है

**दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति झारखंड, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत और आदिवासी विस्थापित मोर्चा (धुर्वा) के प्रतिनिधिमंडल ने रामगढ़ के नेमरा गांव स्थित दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के पैतृक आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट की और गहरी संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर सरना धर्मावलंबियों ने चाला मां और धर्मेस बाबा से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और सोरेन परिवार को इस कठिन समय में दुख सहने की शक्ति प्राप्त हो। प्रतिनिधियों ने कहा कि पूरा आदिवासी समाज इस दुःख की घड़ी में सोरेन परिवार के साथ खड़ा है और उनके दुख में सहभागी है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन से पूरा आदिवासी समाज शोकाकुल है।

**दिशोम गुरु जनसेवा और संघर्ष के प्रतीक थे :** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का संपूर्ण जीवन जनजातीय अस्मिता, अधिकारों और सामाजिक उत्थान को समर्पित रहा है। वे जनसेवा और संघर्ष के प्रतीक थे। समाज को जागरूक करने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहते थे। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को वे सिर्फ पार्टी नहीं, बल्कि परिवार मानते थे। जब वे बीमार थे, तब सरना स्थलों में उनके स्वास्थ्य के लिए निरंतर प्रार्थनाएं की गयी थीं।

**प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे ये लोग :** इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, मुन्ना उरांव, राहुल उरांव, मदन उरांव, प्रकाश हंस, बिरसा कच्छप, अजय कच्छप, अनिल उरांव, वीरेंद्र उरांव, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, संगठन सचिव गैना कच्छप, बिगलाहा उरांव, महादेव उरांव, गांदुरा उरांव, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुभानी तिग्गा, सीता खलखो, सुचिता बाड़ा, कमला बाड़ा, बिनीता तिग्गा, सुनीता उरांव, फुलजेंसिया लिंडा समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।



## गुरुजी के श्राद्ध कर्म में विधि व्यवस्था संभालने के लिए आइएएस समेत सात अधिकारी प्रतिनियुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री और राजयसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म के दौरान विधि व्यवस्था संभालने के लिए रांची के पूर्व डीसी और वर्तमान में खान निदेशक के पद पर कार्यरत आइएएस अधिकारी राहुल सिन्हा को वरीय प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। उनके साथ रांची के एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ अलोक, कांके सीओ अमित भगत, अरगोड़ा सीओ नितिन गुप्ता, बुढ़मू सीओ सचिदानंद कुमार वर्मा, खलारी सीओ प्रणव अंबष्ठ और रांची सदर के कार्यपालक दंडाधिकारी असीम कुमार बाड़ा की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। उक्त सभी अधिकारी श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था संभालेंगे ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। बता दें कि 16 अगस्त को दिवंगत शिबू सोरेन का श्राद्ध कर्म उनके पैतृक गांव नेमरा (रामगढ) में आयोजित होगा। इस दौरान पूरे झारखंड से कई लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचेंगे।

# ... जब गुरुजी ने मेरी पोस्टिंग गोला में करायी

**दिशोम गुरु के कार्यकाल में बीडीओ रहे पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बतायी उनके प्रजेंस ऑफ माइंड की कहानी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन जब मुख्यमंत्री थे, तब राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो उनके गृह प्रखंड रामगढ़ जिला के गोला में बीडीओ थे। दिशोम गुरु ने ही उनका पदस्थापन वहां कराया था। डॉ. लंबोदर महतो बताते हैं कि कैसे उनके स्थानांतरण को लेकर दो विधायकों के बीच की लडाई को उन्होंने अपने प्रजेंस ऑफ माइंड से सुलझाया था। बकौल पूर्व विधायक, 'मैं वर्ष 2006- 07 में पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड में बीडीओ के रूप में पदस्थापित था। गुरुजी मुख्यमंत्री थे। सुफल मरांडी महेशपुर के झामुमो विधायक थे और चंद्र प्रकाश चौधरी रामगढ़ के विधायक और गठबंधन सरकार में मंत्री। चंद्र प्रकाश चौधरी ने मेरा एक साल के अंदर ही महेशपुर से बीडीओ के रूप में गोला ट्रांसफर करवा दिया। इस मामले को लेकर विधायक सुफल मरांडी गुरुजी के पास पहुंच गये। उन्होंने गुरुजी से कहा कि या तो लंबोदर महतो का ट्रांसफर रोकिए या मेरा इस्तीफा ले लीजिए। जब यह बात मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी के पास पहुंची तो वो भी गुरुजी पास चले गये और उनसे कहा कि अगर लंबोदर महतो का ट्रांसफर रद्द हुआ तो सुफल जी विधायक होकर इस्तीफा दे सकते हैं तो मैं भी मंत्री और विधायकी से इस्तीफा दे दूंगा। इस पर गुरुजी किंकर्तव्यविमूढ़ हो गये कि क्या करें क्या नहीं करें। तब गुरुजी ने अपने प्रजेंस ऑफ माइंड का प्रयोग करते हुए सुफल जी को बुलाकर उन्हें समझाया कि लंबोदर महतो चूंकि एक अच्छे पदाधिकारी हैं, इसलिए मैंने ही कहा था कि इनका पोस्टिंग मेरे गृह प्रखंड गोला में करो। मेरे कहने पर ही इनकी पोस्टिंग गोला हुई है। महेशपुर में जिस अधिकारी का कहो पोस्टिंग करवा देंगे। इस पर सुफल जी मान गये और मामला शांत हो गया।'



फाइल फोटो।

दरअसल, सुफल मरांडी उनका तबादला इसलिए रोकवाना चाहते थे क्योंकि डॉ लंबोदर अपने प्रशासनिक कार्यों व जन साधारण के साथ जुडाव की वजह से महेशपुर में लोकप्रिय हो गये थे। इधर, गोला स्थानांतरण के बाद गुरुजी के निर्देश पर एसजीआरआइ से उनके घर के सामने और पीछे का तालाब और सामने रोड का निर्माण उन्होंने ही कराया था। डॉ. लंबोदर महतो बताते हैं, वर्ष 1980 की बात है। कसमार प्रखंड के हिसीम गांव में गुरुजी की जनसभा थी। इस जनसभा में मैं भी मंच पर गुरुजी के साथ उपस्थित हुआ था। यह मेरे छात्र जीवन एवं राजनीतिक जीवन का पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था, जिसमें मेरा पहला भाषण हुआ था। मेरे भाषण से गुरुजी काफी प्रभावित होकर मुझे झारखंड आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और राजनीति में आने हेतु प्रोत्साहित किये थे। गुरुजी उस कार्यक्रम में खोरठा में भाषण दिये थे, जो स्थानीय लोगों को खूब भाया था। ऐसे ही गुणों से वे जनता में न केवल लोकप्रिय थे, बल्कि जननायक माने जाते थे। आज भी उनकी जननायक की छवि लोगों के मन-मष्तिष्क में है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## हाइकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद छवि रंजन ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी बेल

रांची (आजाद सिपाही)। रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट और झारखंड हाइकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के लैंड स्कैम के आरोपी व रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने सुप्रीम कोर्ट से बेल मांगी है। बीते 6 अगस्त को हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। छवि रंजन ने जिस मामले में बेल मांगी है, वह रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़ा केस है। इस केस में छवि रंजन के अलावा चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष आरोपी हैं। इसी केस के एक अभियुक्त अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों बेल दी है।

# लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई होगी : दीपक बिरुआ

**कोई व्यक्ति गलत तरीके से वाहन चला रहा हो या उपयोग कर रहा हो तो तस्वीर लें मुझे साझा करें, त्वरित कार्यवाही होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हरमू में हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत की घटना के मामले में परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है, किसे पता था कि एक लापरवाह वाहन चालक की वजह से ऐसी मृत्यु होगी। नशा नाश ही करता है और जरूरत से ज्यादा गति क्षति का मुख्य कारण बनती है।



पोस्ट में आगे लिखा है कि इस मां और उसके परिवार के साथ हम सभी की संवेदनाएं हैं और वाहन धारकों, परिवार युवाओं को सलाह देना चाहूंगा कि नशे और गति पर अगर नियंत्रण नहीं तो वाहन नहीं चलायें और संदेश देना चाहता हूं कि अब ऐसे मामलों हमेशा के लिए वाहन और वाहन चालक का लाइसेंस कैंसिल होगा और न्यायालय द्वारा जो दंड और सजा का प्रावधान वो अलग होगा।

जीवन अनमोल है, एक गलती समस्त परिवार को बिखेर देती है। जन-जन से अपील है आप सभी परिवहन साथी बनें, अगर कोई व्यक्ति गलत तरीके से वाहन चला रहा हो या उपयोग कर रहा हो तो तस्वीर लें मुझे साझा करें, त्वरित कार्यवाही होगी। सभी अपने आस पास के क्षेत्र से अपनी सहभागिता दें और इस मुहिम के माध्यम से समाज को जागरूक करें। जागरुक झारखंडी बनें।

# सत्ता के प्रति सीमित रह गयी है पुलिस : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने रविवार को रांची के हिंदपीढ़ी में युवक की गोली मारकर हत्या किये जाने का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में अपराध बेलगाम होता जा रहा है। इससे आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है।

बाबूलाल ने कहा कि राज्य में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन पुलिस प्रशासन अपराध पर नियंत्रण करने के बजाय सत्ता की कठपुतली बन चुका है। राजनीतिक विरोधियों को फर्जी मुकदमों में फंसाना और जबरन वसूली करना ही झारखंड पुलिस की प्राथमिकता बन गयी है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही जनता के प्रति नहीं, बल्कि केवल सत्ता के प्रति सीमित रह गयी है।



# राहुल गांधी की गिरफ्तारी की शिल्पी नेहा तिर्की ने की निंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के अन्य सांसदों एवं नेताओं की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग से पूछे गये सवालों का अब तक जवाब नहीं मिला है। मंत्री ने बताया कि राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों जैसे मृत लोगों के नाम, जीवित लोगों को मृत सूची में डालना, एक ही पते पर सौ से दो सौ लोगों के नाम और एक ही वोटर कार्ड का कई राज्यों की सूची में होना, जैसे चौंकाने वाले तथ्य उजागर किये थे। इसके बावजूद चुनाव आयोग ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। शिल्पी नेहा तिर्की ने सवाल उठाया कि क्या 2024 में बनी केंद्र सरकार सही तरीके से चुनी गयी है या हेराफेरी का नतीजा है। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग को तुरंत देश की जनता के सामने अपना पक्ष रखना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास कायम रहे।



### अगस्त क्रांति पर स्वदेशी शंखनाद का उद्घाटन

# स्वदेशी का संकल्प लेकर इसे घर-घर तक पहुंचायें: महेश पोद्दार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अगस्त क्रांति के अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में सोमवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभागार में स्वदेशी शंखनाद का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर वर्तमान परिवेश में स्वदेशी घर-घर तक पहुंचे इसके लिए स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के पत्रिका का लोकार्पण भी हुआ। इसका उद्देश्य स्वदेशी संकल्प को घर-घर तक पहुंचना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने विश्वविद्यालय के छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के 100वें वर्ष को इस पीढ़ी को देखना है एवं इस देश को स्वावलंबी बनाना है। इसी की शिक्षा देश के प्रधानमंत्री ने हम सभी को दी है। उन्होंने स्वदेशी के लिए संकल्प करने का घर-घर जाकर सूची बनाने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर ने कहा कि हमें अपने उपयोग में आने वाली सभी वस्तुओं की सूची बनाकर स्वदेशी सामग्री की खरीदारी करनी होगी। स्वदेशी सामग्रियों का इस्तेमाल करेंगे तो इसका फायदा देश को ही होगा। इस कार्यक्रम की भूमिका और प्रस्तावना रखते हुए स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय कुमार ने कहा कि हमें छोटा सा ध्यान करना है कि जब भी हम दुकान पर जायें दुकानदार भैया से पूछें कि जो सामान दे रहे हैं यह विदेशी सामग्री तो नहीं है। उसके बाद ही सामग्री की खरीदारी करें। सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक गोपाल पाठक ने कहा कि हमें ब्रांडेड सामान खरीदने की स्वतंत्रता तो है पर हमें अपने आचरण को भी ब्रांडेड बनाने की आवश्यकता है। मौके पर विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को प्रभु श्री राम और हस्तकला से बनी हुई मंदिर प्रदान किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के विजय छापरिया, प्रकाश हेतमसरिया, सत्य प्रकाश पांडेय, सरला बिरला विश्वविद्यालय के पूर्व सचिव सह डीन विजय कुमार सिंह, कुल सचिव श्रीधर, अंचल तिवारी, आलोक प्रमार, राधिका सिंह, देवंती कुमारी, ब्रजेश कुमार, हिमांशु, आशुतोष द्विवेदी, प्रशांत कुमार, प्रवीण कुमार, रविंद तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# मंत्री दीपिका पांडेय से मिले बंधु तिर्की, पेसा कानून पर दिये सुझाव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पेसा कानून को लेकर तैयार प्रारूप पर चर्चा की और उसमें आवश्यक संशोधनों के लिए सुझाव भी दिये। बंधु तिर्की ने कहा कि पेसा कानून का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। इससे झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और सुशासन को बढ़ावा मिलेगा।

**झारखंड के लिए पेसा कानून का विशेष महत्व :** पूर्व मंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे प्रदेश के लिए पेसा कानून काफी महत्वपूर्ण है और इसका प्रभावशाली तरीके से लागू होना जरूरी है। उन्होंने पेसा कानून के प्रारूप में ग्रामसभा की भूमिका को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा कि इससे ना केवल गांव का विकास होगा, बल्कि झारखंड की परंपरा और संस्कृति को संरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

**पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर**

बंधु तिर्की ने पेसा कानून के मसौदे में ग्रामसभा की शक्तियों को भी बढ़ाने का सुझाव दिया है। इससे ग्रामसभा को अपने अधिकारों का प्रयोग करने में मदद मिलेगी। साथ ही उन्होंने पेसा कानून के प्रारूप में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की बात कही। इससे ग्रामसभा के निर्णयों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

# 15 अगस्त को राज्यपाल संतोष गंगवार मोरहाबादी में फहरायेंगे तिरंगा

**राजभवन में नहीं होगा एट होम कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार 15 अगस्त को मोरहाबादी में तिरंगा फहरायेंगे। राज्य सरकार के प्रस्ताव पर राजभवन ने स्वीकृति दे दी है। वहीं इस साल स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में आयोजित होने वाले पारंपरिक एट होम कार्यक्रम को भी रद्द करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के सम्मान में लिया गया है। बताते चलें कि हर साल यह परंपरा रही है कि स्वतंत्रता दिवस पर सीएम मोरहाबादी में और राज्यपाल दुमका में झंडोत्तोलन करते हैं। लेकिन इस साल सीएम अपने पिता के श्राद्ध कर्म में जुटे हैं और इस कारण वे मोरहाबादी में झंडोत्तोलन नहीं कर पायेंगे।



# रिम्स डायरेक्टर डॉ राजकुमार को मिली धमकी, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स (रांची इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) के डायरेक्टर डॉ. राजकुमार को व्हाट्सएप कॉल के जरिए धमकी मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। धमकी देने वाले ने खुद को चंदन कुमार बताते हुए कहा कि वह 15 दिनों के अंदर डॉ. राजकुमार को जूते से पीटकर रांची से बाहर कर देगा। इस मामले में डॉ. राजकुमार ने बरियातू थाने में शिकायत दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी चंदन कुमार ने इससे पहले मई महीने में डॉ. राजकुमार से मुलाकात की थी और खुद को रांची के विनायक हॉस्पिटल का सीइओ बताया था। मुलाकात के दौरान उसने रिम्स में ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित कुछ मांगें रखी थीं। मांगें पूरी न होने पर उसने धमकी दी। डॉ. राजकुमार ने बताया कि व्हाट्सएप कॉल के जरिए मिली धमकी के बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। बरियातू थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुट गयी है और व्हाट्सएप कॉल के नंबर की जांच कर रही है।



## जेएमएम कार्यकर्ताओं ने दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि



**चलकुशा ( आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में जेएमएम प्रखंड सह बीस सुत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर प्रखंड सचिव नारायण दास, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अजमल अंसारी मुखिया सुखदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, पंसस प्रतिनिधि उमेश साव, समीम अंसारी, अशोक दास, कुर्बान अंसारी, रहमान अंसारी काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल और मिशन होस्पिटल द्वारा सिमारिया पंचायत भवन में सोमवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इसमें सामान्य स्वास्थ्य, दांत, नेत्र, सुगर, क्लोस्ट्रोल और रक्त का जांच जरूरतमंदों को मुफ्त प्रदान की गयी। कई जरूरतमंद मरीजों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। जिसमें डेंटल 45 और सामान्य 60 जनों का जांच और उपचार हुआ। चिकित्सकों ने जरूरतमंदों को उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया। ग्रामीणों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की सरहाना कर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार जताया। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को नि:शुल्क उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। मुख्य रूप से डॉ नुसरत फातिमा, प्रशिक्षु आकांक्षा, निकिता जयसवाल, पीआरओ राज कुमार और स्थानीय उपमुखिया जीवन कुमार ने सहरानीय योगदान दिया।

## स्वास्थ्य विभाग का दावा, कोडरमा में 7 महीने में 23 मलेरिया के मरीज मिले

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि कोडरमा में 7 महीने में 23 मलेरिया के मरीज मिले हैं। जारी आंकड़ा के अनुसार विगत सात माह में मलेरिया विभाग द्वारा 72441 मरीज के रक्त पट्ट का जांच किया गया है, जिसमें अब तक 23 लोग मलेरिया रोग से संक्रमित पाये गये जिनका उपचार किया जा चुका है। अगर पिछले वर्ष 2024 के समकालीन तुलनात्मक महीना से अगर आकलन किया जाये तो इस वर्ष मलेरिया के केस में संक्रामक मरीजों की संख्या में कमी देखने को मिला है वहीं जुलाई माह में 7540 मरीज के रक्त पट्ट और आरडीके के माध्यम से जांच उपरांत 4 मरीज मलेरिया से संक्रमित पाये गये जिनका उपचार किया जा चुका है। इस वर्ष मानसून में आए बदलाव को देखते हुए जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार के द्वारा जिले के विभिन्न शहरी इलाकों में डेंगू सर्विलांस का कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में मलेरिया विभाग द्वारा लगभग 1193 घरों की जांच किया जा चुका है जिसमें 96 घरों में डेंगू के लार्वा पाये गये। सर्विलांस टीम द्वारा 9910 जलपात्रो के अवलोकन उपरांत लगभग 104 जलपात्रो में डेंगू के लार्वा मिले हैं जिसको डेंगू सर्विलांस टीम द्वारा लावार्नाशी का छिड़काव कर नष्ट कर दिया गया है। वहीं लगभग 72 डेंगू सस्पेक्ट मरीजों के मिलने के उपरांत लिए गये रक्त नमूनो के जांच उपरांत निगेटिव परिणाम मिले है जिससे वर्तमान में डेंगू के कोई मरीज नहीं है। पर जिला द्वारा किये जा रहे डेंगू सर्विलांस टीम द्वारा निरंतर लोगों के घरो के अंदर और बाहर जल जमाव से होने वाले खतरों से अवगत और जागरूक किया जा रहा है।

## होमियोपैथी दवा के फायदे अधिक, दुष्प्रभाव नहीं: डॉ संदीप



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मुख्यालय में स्थित जगन्नाथ होमियोपैथी क्लिनिक के डॉ संदीप कुमार ने बताया कि होम्योपैथिक दवा लेने के कई संभावित फायदे हैं। इसके कम दुष्प्रभाव हैं: होम्योपैथिक दवाएं आमतौर पर कम दुष्प्रभाव पैदा करती हैं। पुरानी बीमारियों का इलाज– होम्योपैथिक दवाएं पुरानी बीमारियों जैसे कि एलर्जी, गठिया, और अवसाद के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकती हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित: होम्योपैथिक दवाएं आमतौर पर बच्चों और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित होती हैं। प्राकृतिक: होम्योपैथिक दवाएं प्राकृतिक पदार्थों से बनी होती हैं। समग्र दृष्टिकोण – होम्योपैथिक चिकित्सक रोगी के समग्र स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हैं, न केवल उनके लक्षणों पर। होम्योपैथी का उपयोग– होम्योपैथी का उपयोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है, जिनमें शामिल हैं– एलर्जी, श्वसन संबंधी समस्याएं, पाचन संबंधी समस्याएं मांसपेशियों और जोड़ों का दर्द चिंता और अवसाद त्वचा रोग बच्चों की सामान्य समस्याएं, गर्भावस्था से संबंधित समस्याएं का निजात किया जाता है।

## सदक हादसे में प्रधानाध्यापक का निधन



**मरकच्चो/गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चोपनाडीह पंचायत अंतर्गत बांसडीह में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक मो इम्तियाज अंसारी का निधन सोमवार की सुबह सड़क हादसे मे हो गया। वे रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड के निवासी थे। रक्षाबंधन की छुट्टी के बाद ड्यूटी के लिए बाइक से बांसडीह स्थित अपने विद्यालय लौट रहे थे। जानकारी अनुसार सोमवार को गोला स्थित अपने घर अपने विद्यालय आने के क्रम मे बगोदर प्रखंड के ढ़िबरा और करम्बा के बीच हेठली पुल के समीप जैसे ही पंहुचे सड़क किनारे स्थित पुराना बरगद का पेड़ अचानक उनके ऊपर गिर गया जिससे बाइक समेत वे उसमे दब गये और उनकी दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गयी। उनके निधन से शिक्षक संघ मे शोक की लहर दौड़ पड़ी। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में एक मिनट का मौन रख शोक व्यक्त किया गया। जानकारी मिलने पर प्रखंड के शिक्षक संघ के लोग बगोदर पहुंचे तथा रोते बिलखते परिजनों को ढाढस बंधाया, हर सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिया। उनके निधन पर प्रमुख विजय सिंह, शिक्षक मनोज ठाकुर, अर्जुन महतो, सुदामा पंडित, साकिब महमूद, कपिलदेव सिंह, नागेश्वर ठाकुर, वीरेंद्र यादव, वीरेंद्र राय, राजू यादव, न्यूटन कुमार, रामेश्वर विश्वकर्मा, अरविन्द पाण्डेय, नागेश्वर प्रसाद, मन्नू पांडेय समेत कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## सदर अस्पताल का शौचालय खुद बीमार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल कोडरमा का शौचालय खुद बीमार है गंदगी इतनी यदि मरीज या उसके परिजन यहां जायें तो बच्चे बीमार हो जाये पर इस हाल को ना कोई देखने वाला है और ना ही साफ-सफाई करने वाला आज एक मरीज के परिजन ने इसकी जानकारी फोन करके मीडिया को दी साथी तस्वीर भी शेयर की। वहीं आरोप है कि डॉक्टर मरीज को छूते नहीं हैं, मरीज से ही पूछकर दवा और जांच लिखते हैं।

# हजारीबाग के बभनबे पहाड़ पर भूस्खलन

**प्रशासन अलर्ट पर हताहत की सूचना नहीं**

भवेश मिश्रा





**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित बभनबे पहाड़ पर सोमवार सुबह भारी बारिश के चलते अचानक भूस्खलन हो गया। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पहाड़ का बड़ा हिस्सा खिसककर नीचे आ गया, जिससे बड़ी मात्रा में मिट्टी और पत्थर गिर पड़े। घटना स्थल के पास करीब 500 मीटर की दूरी पर कई ग्रामीणों के घर हैं। हालांकि, किसी तरह की जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन इलाके में डर का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने ऐसा नजारा पहले केवल उत्तराखंड या अन्य पहाड़ी राज्यों में देखा था। इस बार की बारिश ने हजारीबाग में भी पहाड़ खिसकने जैसी घटनाएं दिखा दी हैं। जिस स्थान पर बभनबे पहाड़ टुट कर गिरा है वहां पर पत्थर माफियाओं द्वारा कई वर्षों पूर्व पत्थर को निकाला गया था। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गयी। मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर ने बताया कि इलाके में एहतियात के तौर पर लोगों की आवाजाही रोक दी गयी है। आपदा प्रबंधन टीम को अलर्ट पर रखा गया है और मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार आगे की तैयारी की जा रही है।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 11वां अंचल सम्मेलन संपन्न

# केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता तबाह है: भुवनेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता




**कटकमसांडी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 11वां अंचल सम्मेलन कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम लुपुंग के विवाह मंडप में झंडातोलन और शहिद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरंभ हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता कामरेड माधो राम ने की। सर्वप्रथम दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन, गिरिडीह के पूर्व विधायक साथी ओमी लाल आजाद, हजारीबाग के सीपीआई नेता रामनरेश कुमार, माले नेता साथी मिथिलेश सिंह और साथी चांदो साव को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सीपीआई के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद सह झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान, मजदूर और मेहनतकश जनता तबाह है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार में देश की गुटनिरपेक्ष विदेश नीति समाप्त हो चुकी है और अमेरिका 50% टैरिफ लगाकर भारतीय किसानों को बर्बाद करने पर तुला है, जिससे अर्थव्यवस्था पर गंभीर संकट आयेगा। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आयोग ने खुलकर भाजपा का समर्थन किया है। श्री मेहता ने कहा कि झारखंड में लूट, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से जनता त्रस्त है, वहीं विस्थापन के मुद्दे पर राज्य सरकार मौन है और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 का पालन किये बिना कॉरपोरेट घरानों के पक्ष में काम हो रहा है। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में जनता मोदी सरकार को सबक सिखाने के लिए तैयार है। सम्मेलन में सर्वसम्मति से श्रीकांत मेहता को कटकमसांडी अंचल सचिव, मोहम्मद इम्तियाज और रघुनंदन सिंह को सहायक सचिव चुना गया। साथ ही 13 प्रतिनिधियों का चयन जिला सम्मेलन के लिए किया गया। बैठक में यह प्रस्ताव पारित हुआ कि कटकमसांडी के पूर्वी क्षेत्र के पंचायतों को मिलाकर छड़वा में अंचल सह प्रखंड कार्यालय निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन चलाया जायेगा और मुख्यमंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री को मांग पत्र सौंपा जायेगा। सम्मेलन को सीपीआई के जिला सह सचिव निजाम अंसारी और महेंद्र राम ने भी संबोधित किया। मौके पर ईश्वर प्रसाद मेहता, प्रभु रजक, सोहर राम, बंगाली राम, प्रभु मेहता, तपेश्वर मेहता, रघुनंदन सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री श्री 108 श्री स्वामी कैलाश प्रसाद शिव का समाधि पर्व संपन्न

**मरकच्चो(आजाद सिपाही)।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी लाल नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में संत श्री श्री 108 श्री स्वामी कैलाश प्रसाद शिव का 40वां वार्षिक समाधि महा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर बाबा की समाधि पर सैकड़ों की संख्या में भक्तों और उनके अनुयायियों की भीड़ उमड़ पड़ी। विधि विधान से श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर बारी-बारी से समाधि पर चादर चढ़ाया, मत्था टेका और मन्नतें मांगी। चादर पोशी, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम 11:00 बजे दिन से देर शाम तक अनवरत चलता रहा। संत श्री श्री 108 श्री स्वामी कैलाश प्रसाद शिव लंगटा बाबा खरडीहा और परमहंस बाबा डोमचांच के परम शिष्य थे। जानकारी के अनुसार संत स्वामी कैलाश प्रसाद शिव ने 1 सितंबर 1985 के दिन अपना शरीर त्याग कर समाधि ली थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरी शंकर प्रसाद, मुकुल चंद्र प्रसाद, धरणीधर प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, अरुण प्रसाद, दिलीप कुमार सिन्हा, अधिवक्ता निरंजन कुमार सिन्हा, सत्य नारायण प्रसाद सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, रंजीत कुमार सिन्हा, जयमंगल प्रसाद, गुंजित कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रेम कुमार सिन्हा, शिशिर कुमार सिन्हा, जुगनू कुमार सिन्हा, अंकित कुमार सिन्हा, आशुतोष कुमार, उदय कुमार सिन्हा, उज्ज्वल कुमार सिन्हा, प्रियांशु कुमार सिन्हा, केशव प्रसाद सिन्हा, सोनु वर्णवाल, राहुल वर्णवाल, नारायण सिंह, चन्द्रदेव सिंह, राहुल मोदी, सतेंद्र स्वर्णकार, सुभाष मोदी समेत कई भक्त लगे थे।

### विभावि में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को लेकर बैठक

# देश के अलग-अलग क्षेत्र से दस विषय विशेषज्ञ विभावि पहुंचे

**हर हाल में नयी शिक्षा नीति-2020 को सफलता से लागू जायेगा : कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में नयी शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए सोमवार को तीन दिवसीय उच्च स्तरीय बैठक को प्रारंभ किया गया। विवेकानंद सभागार के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने किया। बैठक का संचालन नई शिक्षा नीति 2020 के नोडल पदाधिकारी डॉ इंद्रजीत कुमार ने की। आज के बैठक में देश के भिन्न-भिन्न विश्वविद्यालय से अलग-अलग क्षेत्र से आये विशेषज्ञों ने भाग लिया। योगसरिता लिमिटेड नई दिल्ली के संस्थापक निदेशक सरिता शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय से मनोवैज्ञानिक काउंसलर प्रो नवीन कुमार, स्कूल ऑफ एजूकेशन, इग्नू के डॉ वेंकटेश्वरलू, स्कूल ऑफ एजूकेशन इग्नू से प्रो निराधार दे, तेजपुर विश्वविद्यालय असम के शिक्षाशास्त्र विभाग से डॉ सशापरा चक्रवर्ती और डॉ मोहम्मद आसिफ, साउथ बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी गयाजी के शिक्षाशास्त्र विभाग से डॉ तरुण कुमार त्यागी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड, रांची के अंतरराष्ट्रीय संबंध के प्राध्यापक डॉ अपर्णा, अकाल भारत अभियान के राष्ट्रीय संयोजक और कृषि विशेषज्ञ डॉ ललन शर्मा, इंडियन योग एसोसिएशन के झारखंड इकाई के सचिव अमित कुमार मैं आज के बैठक में भाग लिया। इन विशेषज्ञ ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम को अर्थपूर्ण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

इस अवसर पर डॉ इंद्रजीत कुमार ने शानदार पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विश्वविद्यालय के वर्तमान पाठ्यक्रम और प्रस्तावित पाठ्यक्रम कि भारतीयों को समझाया। बैठक में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अलग-अलग विषय के 17 शिक्षक शिक्षकों और प्राचार्य ने भी भाग लिया। बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कुलपति ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से हम नये पाठ्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय में कर रहे हैं। उस समय हमारे पास कोई अनुभव नहीं था। अब हम समीक्षा करेंगे हमारा पाठ्यक्रम ने कैसा किया। किस विषय को विद्यार्थियों ने पसंद किया और किस में सुधार की गुंजाइश है। कौन से नया पाठ्यक्रम की आवश्यकता है। इन सभी बिंदुओं पर अगले दो दिनों तक चलने वाले इस बैठक में विमर्श किये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व उन्हें कुलाधिपति महोदय से भी इस विषय पर विस्तार से विमर्श करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। कुलपति ने बताया कि की हर हालत में नयी शिक्षा नीति 2020 को सफलतापूर्वक लागू किया जायेगा।

# चिकित्सक की लापरवाही से महिला की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता




**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के अस्पताल चौक स्थित एक नर्सिंग होम में चिकित्सक की लापरवाही से महिला की मौत हो गयी। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक विष्णुगढ़ के लक्ष्मी नर्सिंग होम में दो दिन पूर्व एक महिला को यूटेरस के ओपरेशन के लिए भर्ती कराया गया। ऑपरेशन भी हुआ। दो दिनों के बाद रविवार की रात महिला की स्वास्थ्य बिगड़ने लगी। परिजनों ने चिकित्सक से महिला के बिगड़े स्वस्थ्य के बारे में जानकारी दी गयी। तो चिकित्सक ने बेहतर इलाज करने के बजाय उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया और बताया गया कि चलो हम भी साथ में हजारीबाग चलते हैं। चिकित्सक साथ में हजारीबाग गया भी। मरीज को हजारीबाग ले जाकर चिकित्सक मरीज का हालत चिंताजनक देख मौके पर से फरार हो गया। इसके बाद महिला की मौत हो गयी। इधर नर्सिंग होम बंद कर सभी स्टाफ भाग खड़े हुए। परिजनों ने नर्सिंग होम के बाहर आज चिकित्सक को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। पर चिकित्सक आना तो दूर मोबाईल बन्द कर रखा। बताया जा रहा है कि उक्त चिकित्सक झोलाछाप रहने के कारण महिला की जान चली गयी।

## 13 को इचाक में निकलेगी तिरंगा यात्रा, तैयारी पूरी



**इचाक (आजाद सिपाही)।** भाजपा इचाक पूर्वी मंडल की बैठक लोहड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता ने की। संचालन मंडल महामंत्री राजकुमार राम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तिरंगा यात्रा इचाक मंडल के सभी पंचायत से लेकर स्थानीय बोधी बागी शाहिद रघुवीर महतो के मूर्ति स्थल से प्रारंभ होकर इचाक बाजार होते हुए इचाक मोड भाया डुमरौन होते हुए शाहिद राजेश मिंज के मूर्ति स्थल पर जाकर समाप्त होगा। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, केदार सिंह, विशेश्वर राम, भरत प्रसाद मेहता, मनोज कुमार मेहता, विपिन कुमार दास, बंगाली प्रसाद मेहता, रंजीत कुमार, राजेंद्र कुशवाहा, मेघनाथ कुशवाहा, जगन्नाथ महतो, लक्ष्मण प्रसाद मेहता, प्रेमलाल प्रसाद मेहता, कालेश्वर रविदास, सत्येंद्र पांडे, बलराम महतो, राहुल कुमार राणा, अनुज कुमार के अलावा कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पैक्स अध्यक्षों ने नये डीएसओ का किया स्वागत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक पैक्स संघ के द्वारा हजारीबाग तत्कालीन डीएसओ सुधीर कुमार को अंगवस्त्र देकर विदाई दिया गया। साथ ही नये डीसीओ मुरली यादव को साल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर इचाक व्यापार मंडल के अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद मेहता, अलौंजा पैक्स अध्यक्ष कंचन प्रसाद मेहता, बरीयठ पैक्स अध्यक्ष विकाश कृष्ण चंद्र, रतनपुर पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, हजारीबाग एग्रो के अध्यक्ष पंकज कुमार मेहता, खैरा पैक्स अध्यक्ष राजेश रंजन के अलावा कई अन्य पैक्स अध्यक्ष मौजूद थे।

## पंचायत भवन स्थल चयन को लेकर जनप्रतिनिधियों ने दिया आवेदन




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत चंदौल के 8 वार्ड सदस्यों सहित पंसस के हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचला अधिकारी को दिया गया। जिसमे नया पंचायत भवन निर्माण स्थल के चयन के लेकर विवाद गहराते चला जा रहा है। पूर्व मे पंचायत के ग्रामीणों ने उप विकास आयुक्त को भी लिखित आवेदन देकर चंदौल के बहुल जनसंख्या वाले स्थल पर लोगो ने अपनी सहमति देकर बनवाने की आग्रह कर चुकी है। पंसस सुनीता देवी से पूछने पर बताई की जनता की आवागमन को देखते हुए चंदौल के बचवारिया मैदान के सरकारी जमीन मे बने जिससे सभी गांव लकुरा, चंदौल, मरदु सोती, महुगाई खुर्द के लिए सुविधाजनक हो। वही उप मुखिया शमसेर अंसारी ने कहा की जनता की इच्छा है सभी गांव के बीचों बिच स्थल बचवरिया मैदान में बने। वहीं समाज सेवी बिनोद यादव ने कहा की मुखिया किसी भी कार्य को जनप्रतिनिधि और जनता की भावना को कद्र नहीं करते हुए मनमानी कर रहे है जो लोकतंत्र के लिए बेहद दुर्भाग्य है यहां के ग्रामीण का भी मुखिया के क्रिया कलाप से खपा है। यदि प्रशासन जनता की भावना को दरकिनार करती है तो बाध्य होकर आंदोलन किया जायेगा। वही पूर्व मुखिया प्रतिनिधि असेश्वर राम ने कहा कि ग्राम पंचायत चंदौल के ग्राम चंदौल जनसंख्या बहुल गांव है पंचयात भवन का निर्माण वही हो जहां पूर्व पचायत भवन है नहीं तो बचवारिया में निर्माण हो। मौके पर वार्ड सदस्य सीमा देवी, मीना कुमारी, बसंती देवी, सुनीता देवी, सुमित्रा देवी, पिकी कुमारी, सुरेश चौधरी, महेंद्र यादव, राहुल पासवान, रोहित महतो, विक्की सिंह, पिंटू भुईया, संतोष सिन्हा सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## विहिप और बजरंग दल की हुई बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल बरकट्ठा की बैठक दुर्गा मंदिर कपका में हुई। बैठक की अध्यक्षता रामचंद्र चौधरी और संचालन मंत्री सत्यम भारती ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष भगीरथ प्रसाद, रंजीत कुमार, मनोज कुमार, तुलसी प्रसाद, मनोज कुमार, बिनोद प्रसाद उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से विहीप के उद्देश्य गांव-गांव तक सनातन धर्म प्रेमियों को अपने धर्म के प्रति जागरूक करना, हिंदू संस्कृति को जीवंत रखना, जैसी बातों पर चर्चा किया गया। मौके पर कपका पंचायत के विहिप बजरंग दल पदाधिकारीगण का चयन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए राजेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, मंत्री पद के लिए मोती प्रसाद, सह मंत्री नंददेव कुमार, संयोजक किशोर प्रसाद, सह संयोजक सुनील कुमार, सत्संग प्रमुख बिनोद पासवान, मिलन प्रमुख अर्जुन प्रसाद, प्रचार प्रसार प्रमुख कुलदीप पासवान को बनाया गया। मौके पर सत्यम भारती चुने गये लोगों से कहा कि विश्व हिन्दू परिषद की बातें लोगों तक पहुंचना है और सनातन धर्म बचाना है।

## राजदीप कुमार ने लिया इचाक थाना का प्रभार



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक थाने के नये प्रभारी के रूप में राजदीप कुमार ने सोमवार को प्रभार ले लिया। निवर्तमान थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने नये थाना प्रभारी को प्रभार सौंपा। इस दौरान राजदीप कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाये रखना और क्राइम मुक्त क्षेत्र बनाना पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान विधायक के निवर्तमान प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर की गयी बैठक

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में सोमवार को सभी विभागों के कर्मियों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में सर्व सम्मति से प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम को ले समय निर्धारित किया गया। जिसमें प्रखंड मुख्यालय में 8:30 बजे, पंचायत भवन उत्तरी 8:45, पशुपालन विभाग में 8:55, बी आर सी भवन में 9:05, थाना में 9:15, सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय में 9:30, पीएचइडी 9:35, परियोजना बालिका विद्यालय में 9:40, हॉस्पिटल में 9:55 और करतुरबा बालिका में 10:15 पूर्वाह्न निर्धारित है। बैठक में अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, थाना प्रभारी नन्द किशोर तिवारी, उषा टोपनो, विद्या सागर, आनन्द शेखर, शशि यादव, धर्मेंद्र राम, आनंद शेखर, राजेश कुमार, ऊषा टोपनो आदि उपस्थित थे।

## भादो अमावस्या महोत्सव 20 अगस्त से



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में चार दिवसीय 19वां भादो अमावस्या महोत्सव 20 से 23 अगस्त तक दादी मंदिर के भव्य प्रांगण में धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। महोत्सव को लेकर दादी जी के दरबार को रंग-बिरंगे विदेशी खुशबूदार फूलों से कोलकाता के प्रसिद्ध मालियों द्वारा सजाया जायेगा। मंदिर परिसर में रंग पेंट का कार्यक्रम चल रहा है। महोत्सव के दौरान आकर्षक विद्युत साजा भी की जायेगी। अमावस्या महोत्सव के प्रथम दिन बुधवार 20 अगस्त दोपहर 3.30 से दादी जी के हाथों में मेहंदी लगायी जायेगी, दूसरे दिन गुरुवार को 21 अगस्त तो सुबह 10 बजे से दादी जी का भव्य मंगल पाठ का आयोजन होगा। मंगल पाठ करने के लिए वाराणसी, उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध मंगल पाठ वाचिक पायल अग्रवाल और उनकी पूरी टीम के साथ आमंत्रित किया गया है। तीसरे दिन शुक्रवार 22 अगस्त रात्रि 7.30 बजे से भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा। भजन संकीर्तन के लिए बंगाल की प्रसिद्ध गायिका जूली खंडेलवाल रानीगंज को आमंत्रित किया गया है और चौथे दिन शनिवार 23 अगस्त को दादी जी की भादो अमावस्या उत्सव होगा। जिसमें सभी दादी भक्तजन सुबह 6 से पाटा पूजा और सवामणि प्रसाद का भोग दादी जी को बड़े प्रेम भाव से लगायेंगे। महोत्सव को लेकर सभी सदस्यों के बीच प्रभार बांट दिये गये हैं। श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट और श्री रानी सती महिला मंगल समिति के सभी सदस्य तैयारी में जुटे हैं। श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट ने शहर और आसपास के क्षेत्र के सभी दादी भक्तों को इस चार दिवसीय भादो अमावस्या महोत्सव में सपरिवार शामिल होने का आग्रह और निमंत्रण दिया है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन



लावालौंग/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पूणाडीह में युवा संघर्ष क्लब की ओर से हर साल की तरह 5वां सीजन का भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि खटट पार्टी के महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह लावालौंग पूर्व मुखिया प्रत्यासी प्रतिमा देवी, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता गोविंद ठाकुर, रक्त मित्र के विवेक केशरी, समाजसेवी सतीश कुमार, विष्णु रविदास संयुक्त रूप से फीता काटकर और किक लगाकर कर किया। मुखिया पूर्व प्रत्याशी प्रतिमा देवी ने आयोजक को पोल नेट और सहयोग राशि देकर मनोबल बढ़ाते हुए अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में ऐसे खेल आयोजन होना गर्व की बात है। खेल से मानसिक और शारीरिक विकास के साथ-साथ कैरियर भी बनाया जा सकता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने और क्षेत्र, राज्य व देश का नाम रोशन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस तरह के आयोजनों में हमेशा सहयोग करते रहेंगे, क्योंकि खेल केवल खेल नहीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल का माध्यम भी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष प्रकाश भोगता, सचिव सुरेन्द्र भोक्ता, कोषाध्यक्ष अमूना कुमार और सरबजीत कुमार, उपाध्यक्ष लालदेव भोगता के अलावे राहुल भोगता, रंजीत भोगता, सोहन भोगता, सोनू भोगता, कुलेश्वर भोगता, वीरेंद्र भोगता, बशारत मियां समेत कई लोगों का अहम योगदान रहा।

## सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत

कुजू (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र के कंजगी खैरा टोला में अपने ननिहाल में रह रहे एक छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गयी। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। मामला रविवार की देर शाम सात बजे की है। जानकारी के अनुसार, कंजगी खैरा टोला स्थित अपने मामा अजय बेदिया के यहां रहकर उत्क्रमित उच्च विद्यालय कंजगी में पढ़ाई कर रहे दोहाकातू करमाजारा रामगढ़ निवासी 15 वर्षीय भीम कुमार बेदिया पिता हितलाल बेदिया पड़ोसी 21 वर्षीय सुमित बेदिया पिता नरेश बेदिया के साथ हीरो स्प्लेंडर बाइक संख्या जेएच 02 सी 0459 पर सवार होकर जा रहा था। इसी बीच तीव्र गति से आ रही बोलेरो वाहन संख्या जेएच 02 एक्यू 1019 ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे बाइक चला रहे सुमित बेदिया घायल हो गया। जबकि बाइक पर सवार भीम कुमार बेदिया की मौत मौके पर ही हो गयी। घटना के बाद ग्रामीणों ने बोलेरो चालक पतरिया टोला चुंबा निवासी धीरज प्रजापति पिता तुलेश्वर प्रजापति की पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी। बाद में चालक मौका देखकर फरार हो गया। वहीं, पुलिस भीम कुमार बेदिया के शव को पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही, दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को पुलिस अपने कब्जे में कर मामा अजय बेदिया द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने में जुटी है।

## जवाहर नगर ज्योति क्लब में श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक, कमेटी गठित



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। श्री श्री दुर्गा पूजा मनाने को लेकर जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में रविवार को पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी और संचालन महेश्वर साहू ने किया। बैठक में साफ सफाई, रंग रोगन, देवी देवताओं की प्रतिमा, टेंट, लाइट, साउंड, कोष संग्रह करने सहित पूजा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस दौरान निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जवाहर नगर में पूरे धूमधाम और भावभक्ति भाव से दुर्गा पूजा मनाया जायेगा। साथ विजयदशमी के दिन रावण दहन का भी आयोजन किया जायेगा। पूजा की सफलता को सर्वसमिति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रदीप मांझी, सचिव बिहार मांझी, महासचिव कामेश्वर मेहता, संरक्षक बैजनाथ कुमार, लखेंद्र राय, दीपक कुमार और कोषाध्यक्ष का दायित्व श्रीनिवास अग्रवाल को सौंपा गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर बिट्टू दुबे, पप्पू मिश्रा, संतोष पासवान, अभिषेक दास, उपेंद्र शर्मा और सह सचिव पद पर डी.के. पडित, अजय साहू, आदर्श गुप्ता, सागर कुमार, उपेंद्र कुमार चुने गये। जबकि कार्यकारिणी सदस्यो में कल्लू मिश्रा, दुर्विजय भारद्वाज, कुमार उर्फ शेट्टी अंबष्टा, उमेश महतो, गोनु साव, रोशन राणा, प्रीतम गुप्ता, आशीष, अमन, आकाश, अंकित, राहुल, नैतिक, अजय आदि आदि शामिल हैं। बैठक में मुख्य रूप से महेश्वर साहू, कृष्णा पासवान, संजय पासवान, पवन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## आंख जांच शिविर का आयोजन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड एक के तहत संचालित सरकारी स्कूलों के वैसे बच्चों के लिए आंख जांच शिविर का आयोजन जयनगर मध्य विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। इसमें शिक्षकों द्वारा आंख की परेशानी से जूझ रहे बच्चों को चिन्हित किया गया था। उन चिन्हित बच्चों की आंख जांच की गयी। सांकुल, हफूआ, पालनी आदि गांवों में संचालित सरकारी विद्यालयों के कुल 43 बच्चों की आंख जांच की गयी। जांच के बाद नेत्र सहायक प्रदीप कुमार ने रिपोर्ट बनकर शिक्षा विभाग को सौंपेंगे। समस्याओं के समाधान के लिए विभाग पहल करेगी। मौके पर कई शिक्षक शामिल थे।

# पॉलीडॉक अस्पताल में मायस्थेनिक क्राइसिस की मरीज की बचायी गयी जान : डॉ कौशल



### अत्यंत दुर्लभ बीमारी का हुआ इलाज

डॉक्टर कौशल ने बताया कि सविता देवी अत्यंत दुर्लभ न्यूरो मस्कुलर बीमारी मायस्थेनिया ग्रेविस से जूझ रही थीं। सही समय पर इलाज नहीं होने के कारण मायस्थेनिक क्राइसिस हो गया। एसिटाइलकोलीन रिसेप्टर बाइंडिंग एंटीबॉडी टेस्ट से इसकी पुष्टि हुई। इसके अलावा सिटी स्कैन में छाती के बाएं हिस्से में है थायमोमा ट्यूमर भी मिला। संक्रमण को रोकने के लिए ब्रॉड स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक्स के साथ अन्य दवाइयां चलाई गयी। सविता देवी को निकट भविष्य में थायमोमा की सर्जरी करवाने की भी सलाह दी गयी, ताकि वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हो जायें। उन्हें इस बीमारी से पूर्ण रूप से ठीक होने के लिए लंबे वक्त तक दवाइयां खानी होंगी। लेकिन फिलहाल अब खतरे से बाहर हैं।

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। वृंदावन पॉलीडॉक हॉस्पिटल असाध्य बीमारियों के इलाज के लिए सबसे बेहतरीन संस्थान साबित हो रहा है। इस अस्पताल ने एक बार फिर एक 38 वर्षीया महिला को मौत से खींच निकला। इस महिला की जान मायस्थेनिक क्राइसिस नामक बीमारी से बचायी गयी। यह जानकारी सोमवार को अस्पताल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डॉक्टर कौशल ने दी। उन्होंने बताया कि हजारों में एक व्यक्ति को यह बीमारी होती है। शुरुआती दौर में यह बीमारी बेहद आसानी से ठीक की जा सकती है। लेकिन जब यह क्राइसिस मोड में पहुंच जाता है तो मरीज की जान बचा पाना मुश्किल हो जाता है। रामगढ़ के रांची रोड स्थित इस अस्पताल ने बोकारो जिले से आई महिला सविता देवी की जान बचाई है।

**एक पल के लिए रुक गयी थी सांस और धड़कन :** डॉ कौशल ने बताया कि सविता देवी 30 जुलाई को उनके अस्पताल पहुंची थी। इलाज के दौरान उनकी हालत काफी नाजुक थी। उनकी सांसें तेजी से कमजोर होती गयी और दिल की धड़कनें भी धीमी पड़ गयी थी। जब वह वृंदावन हॉस्पिटल में पहुंची तो उन्हें कार्डीओ पल्मोनरी अरेस्ट भी हो गया था। एक पल के लिए सांस और धड़कने दोनों ही रुक गए थे। तत्काल उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट दिया गया और उनका इलाज हाई डोज एस्टेरॉइड के साथ शुरू किया गया। जब तक उनकी जांच रिपोर्ट आई तब तक हाई डोज एस्टेरॉइड की वजह से उनकी मांसपेशियों में ताकत भी आने लगी थी।

# महावीर मंदिर पारडीह में भव्य जागरण का आयोजन

- बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु
- ऐसे कार्यक्रमों से भक्ति की भावना का प्रसार होता है: मनोज



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। नगर परिषद क्षेत्र के महावीर मंदिर पारडीह में अखंड हरिकीर्तन के समापन पर रविवार की रात्रि भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव सह निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि रोशन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का विशेष महत्व है। क्योंकि जहां भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन होता है, उस क्षेत्र में प्रभु की कृपा से खुशहाली आती है। कहा कि हमें अपने जीवन में थोड़ा समय भक्ति के लिए भी निकालना चाहिए। क्योंकि जीवन में सफल होने की लिए प्रभु की भक्ति जरूरी है। कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को एक दूसरे से मिलने का अवसर प्राप्त होता है, जिससे भक्ति की भावना के साथ साथ भाईचारे को भी बढ़ावा मिलता है। जागरण में धनबाद की प्रसिद्ध जागरण मंडली हेमंत दूबे की टीम ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत पेशकर उपस्थित श्रद्धांलुओं को झूमने पर विवश कर दिया। मौके पर अध्यक्ष अजय कुमार महतो, सचिव आकाश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष विनोद महतो, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार महतो, सचिन चौधरी, आदित्य कुमार महतो, दिलीप यादव, अनूप यादव, ईश्वर नाथ महतो, डमरलाल महतो, सेनालाल चौधरी, मीनू महतो, महेंद्र चौधरी, राजेंद्र महतो, फलेंद्र महतो, पुरन महतो, महेश महतो, रूपलाल महतो, चंद्रशेखर महतो, अमरलाल महतो, जगत महतो, करण कुमार महतो, भोला महतो, मनोज पांडे, राजन महतो आदि उपस्थित थे।

# छात्राओं ने हॉकी में शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में विद्यालय की उन छात्राओं का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिन्होंने सीबीएसई ईस्ट जोन क्लस्टर में हॉकी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करके प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस टूर्नामेंट में छात्राओं की इस कामयाबी पर विद्यालय ने धूमधाम और गाजे बाजे के साथ उनका शानदार स्वागत किया। छात्राओं की माताओं को भी मंच पर आमंत्रित किया गया और माताओं ने फूल माला पहनाकर छात्राओं को उनकी जीत पर बधाई दी। बताते चले कि छात्राओं ने सीबीएसई ईस्ट जोन क्लस्टर हॉकी प्रतियोगिता 2025-26, अंडर 14 में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कड़ी स्पर्धा के बाद छात्राओं ने बलिया में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल, कानपुर को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस टीम का हिस्सा रही कैप्टन सुजाता और खिलाड़ी के तौर पर रिया सिंह राफिया अस्मिता पाल इशिका कौर अलीना, शालू, श्रेया, आराध्या, प्रसिद्धि, राज नंदिनी, हर्षा और स्नेहल ने बेहतर प्रदर्शन किया। छात्राओं की इस कामयाबी पर पूरा विद्यालय भाव विभोर हो गया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरिंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह जग्गी आदि उपस्थित थे।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर कार्यकर्ताओं ने मौन धारण किया



कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)। सोमवार को महावीर मंदिर कुंदा में गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर उनके फोटो को रखकर कार्यकर्ताओं के द्वारा मौन धारण किया गया। जिसमें झामुमू के बैनर और झंडे के साथ लोगों ने एकजुट होकर उनके आत्मा के शांति के लिए मौन रखा गया। लोगों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया की झारखंड के महान नेता खोया जिससे आज पूरा झारखंड वाशी उदास है। मौके पर कई नारे भी लगाये गये। मौके पर कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत भोक्ता, सचिव समोध गंझू, कोषाध्यक्ष राजकुमार गंझू, राजद प्रखंड उपाध्यक्ष लक्ष्मण भोक्ता, जिला सचिव दिलीप यादव, समाजसेवी अनिल यादव, पिरथीवी गंझू के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## भाकपा के राज्य सम्मेलन के लिए डेलिगेट का चयन



चतरा(आजाद सिपाही)। भाकपा जिला परिषद चतरा की बैठक आर के हॉस्पिटल चतरा के हॉल में कामरेड बनवारी साव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य सम्मेलन जो कि रांची में 24 से 26 अगस्त को होना है उसके लिए डेलीगेट का चयन हुआ। जिसमें कामरेड गया नाथ पांडे, अरविंद शर्मा, मोहम्मद रहमतुल्ला, राम किशोर यादव, अर्जुन कुमार, जवाहर विश्वकर्मा, दशरथ ठाकुर, डोमन भुइयां, नर्वदेश्वर सिंह और विष्णु प्रसाद चुने गये। बैठक में जिले में व्याप्त जन समस्या, जैसे वृद्धा पेंशन, जातीय आवासीय, दलित समूह को वनभूमि पर अधिकार दिलाने, एक्सप्रेसवे से प्रभावित लोगों को मुआवजा, दलित बस्तियों में सरकारी स्कूल बंद किये जाने का विरोध, डीलर के द्वारा लाभार्थियों को कम अनाज का वितरण इत्यादि मुद्दों पर आंदोलन का निर्णय लिया गया। उपस्थिति: महेंद्र पांडे, सेवक गंझू, रामनाथ महतो, लोकनाथ साव, बीगन भारती, चिंतामणि साव, मदन दास, सोनू, सुरेंद्र दास, जोगेंद्र भारती सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिख समाज के प्रतिनिधिमंडल ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। दिशोम गुरु शिबू सोरेन श्रद्धांजलि देने के लिए रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नेमरा पहुंचा। गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और प्रतिनिधिमंडल में आए सदस्यों ने भी शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला। जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिख समाज के प्रतिनिधि मंडल का अभिवादन स्वीकार किया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने कहा विनम्रता पूर्वक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि अगर कोई भी जिम्मेदारी आपके तरफ से हमारे समाज को दी जाती है तो हमारा समाज आपके साथ हमेशा से साथ खड़ा रहेगा। सिख समाज के प्रतिनिधि मंडल में रामगढ़ गुरुद्वारा के महासचिव हरदीप सिंह होरा, रघुबीर सिंह छाबड़ा, जगजीत सिंह, एल आइसी वाले यश छाबड़ा, कुलजीत सिंह होरा, (नानक टेंट हाउस) करमजीत सिंह जग्गी गुरुनानक स्कूल कमेटी के वाइस चेयरमैन, बिट्टू सिंह चंडोक, पुष्पिंदरपाल सिंह छाबड़ा ऑडिटोरियम कमेटी से अध्यक्ष जितेंद्र सिंह पवार, वाइस चेयरमैन परमजीत सिंह सैनी, अमरपाल सिंह आनंद शामिल हुए।

## कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)। महावीर मंदिर के प्रांगण से सोमवार को तिरंगा यात्रा निकली गयी। जिसमें हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से न केवल ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने के बारे में बताया गया बल्कि इसके जरिए देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना दिखाया जायेगा। सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील किया गया है। कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा झंडा फहराने का आग्रह किया गया, जिसमें काफी संख्या में स्कूली बच्चों भी शामिल थे। पूरा प्रखंड क्षेत्र में घूमते हुए साप्ताहिक हाट बाजार होते हुए महावीर मंदिर में समाप्ति किया गया। मौके पर महामंत्री मनोज यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष घनश्याम यादव, दिलेशर भोक्ता, दिव्या भोक्ता के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## जिला अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा नेमरा, दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिला अधिवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के पैतृक गांव नेमार जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि दिशोम गुरु के निधन पर इस पूरे राज्य के साथ-साथ रामगढ़ जिला को अपूरणीय क्षति हुई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में संघ के उपाध्यक्ष ऋषि महतो, महासचिव सीताराम, अधिवक्ता बंशीधर गोप आदि उपस्थित थे।

## मांडू सीओ से मिले भाजपा नेता

कुजू(आजाद सिपाही)। मांडू सीओ तृप्ति विजया कुजूर से सोमवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान स्वागत कर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर सीओ ने सभी समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलाया। मुलाकात करने वालों में मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, महामंत्री अशोक कुमार, विवेक गुप्ता, दशरथ प्रसाद केसरी शामिल रहे।


**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: Sr.DMM/SBP/Stores/Tender Publication/2025
दिनांक: 06.08.2025

निविदा सं.: 40255748A

सामग्री का विवरण: 5 WATT डिजिटल VHF वॉकी टॉकी सेट। मात्रा: 935 सेट।

निविदा मूल्य: रु. 2,40,51,940.00, EMD 2% की दर से : रु. 4,81,040.00.

निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 01.09.2025 को 1500 बजे।

सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, सम्बलपुर
PR-458/O/25-26

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर/दक्षिण पूर्व रेलवे नीचे उल्लिखित निविदा संख्या जिन्हें 29.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे खोला जाना निर्धारित है, के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। क्र. सं. : 1। निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-51, दिनांक 07.08.2025। कार्य का नाम: राजखरसावां-नयागढ़, पदपहाड़-बोलानीखदान-गुआ खंड में टीआरआर (पी) तथा सीटीआर (एस) के सम्बन्ध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। निविदा मूल्य: ₹ 1,29,10,528.84। बयाना राशि: ₹ 2,14,600। पूरा करने की अवधि: 15 (पंद्रह) महीना। क्र.सं.: 2। निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-52, दिनांक 07.08.2025। कार्य का नाम: राजखरसावां जंक्शन-पदपहाड़ खंड में टीआरआर (पी) के सम्बन्ध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। निविदा मूल्य: ₹ 1,10,30,746.90। बयाना राशि: ₹ 2,05,200। पूरा करने की अवधि: 15 (पंद्रह) महीना। क्र.सं.: 3। निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-53, दिनांक 07.08.2025। कार्य का नाम: चक्रधरपुर मंडल के कालूँगा स्टेशन से टेक ऑफ के लिए सर्वश्री टाइम्स स्टील एंड पावर लिमिटेड की सेवा हेतु प्रस्तावित प्राइवेट साइडिंग (जीसीटी)। निविदा मूल्य: ₹ 29,41,327.68। बयाना राशि: ₹ 58,800। पूरा करने की अवधि: 06 (छह) महीना। क्र. सं.: 4। निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-54, दिनांक 07.08.2025। कार्य का नाम: मानीकुई स्टेशन पर अप एवं डाउन दोनों ग्रिड प्रत्येक में एक लूप लाइन तथा 70 मी. लम्बी एक सिक साइडिंग हेतु प्रावधान के सम्बन्ध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। निविदा मूल्य: ₹ 2,25,82,159.04। बयाना राशि: ₹ 2,62,900। पूरा करने की अवधि: 12 (बारह) महीना। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किये जाएंगे। (PR-502)


### चुटूपालू घाटी में चेटर मोड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना

# चालक-खलासी सहित तीन घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में सोमवार को चेटर मोड़ के पास सड़क पर पड़ी पहले से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर से एक और ट्रेलर जा टकरायी। इस घटना में चालक, खलासी सहित तीन लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार रांची से हजारीबाग की ओर से जा रही ट्रेलर संख्या एनएल 01एबी 8389 का अचानक घाटी में ब्रेक फेल हो गया। इस दौरान चालक कई वाहनों को बचाते हुए सड़क पर पड़े पहले से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर से जा टकरा गयी। इधर, घटना किसी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ट्रक के केबिन में फंसे चालक, खलासी और एक अन्य व्यक्ति को स्थानीय लोगों की मदद से निकलवा कर सदर अस्पताल भेज दी। जहां सभी का इलाज चल रहा है।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आवश्यक सूचना**

15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पशु वध एवं माँस-मछली की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

अत: आदेश दिया जाता है कि दिनांक 15.08.2025 को कोई भी व्यक्ति पशु वध एवं माँस-मछली की बिक्री नहीं करें, पकड़े जाने पर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 359366 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)

# सबसे तेज भारत की इकॉनोमी

सीजफायर और टैरिफ को लेकर डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा नम्र और सांकेतिक रखी गयी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान इस मायने में अलग और अहम है कि ट्रंप का नाम उन्होंने भी नहीं लिया, लेकिन इस बार जवाब ज्यादा सख्त था। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। कोई भी बातचीत बराबरी के स्तर पर होनी चाहिए। कुछ बॉस भारत से जलते हैं। अपने मन मुताबिक डील करने में नाकाम रहे ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को 'डेड' बताया था। राजनाथ सिंह ने इसी का जवाब देते हुए कहा- कुछ 'बॉस' भारत से जलते हैं। जिस रफ्तार से देश तरक्की कर रहा है, उससे वे खुश नहीं हैं। यह संयोग नहीं कि रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था पर बात की।

**भारत की तेज रफ्तार :** दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की डीजीपी ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5% पर बनाये रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब 3% है।

**रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की डीजीपी ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5% पर बनाये रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब 3% है।**

आइएमएफ के डेटा बताते हैं कि 2024 में भारत ने ग्लोबल डीजीपी ग्रोथ में लगभग 17% का योगदान दिया और अगले 5 साल में यह आंकड़ा 20% तक पहुंच सकता है।

**मुश्किल में अमेरिका :** महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की और युद्धों एवं वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी वह बढ़त बनाये हुए है। हकीकत यह है कि खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर में है। ट्रंप की नीतियों के चलते अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को वहां महंगाई दर बढ़ने का डर है, जिससे आर्थिक विकास दर पर बुरा असर होगा। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो असर दूसरे मुल्कों पर भी होगा।

**बातचीत से समझौता :** ट्रेड और टैरिफ पर ट्रंप का सख्त रुख किसी के लिए भी सही नहीं है। आखिरकार इस बढ़े टैक्स की कीमत अमेरिकियों को ही चुकानी पड़ेगी। ऐसे में बेहतर है कि समाधान बातचीत से निकाला जाये। लेकिन, वह बातचीत एकतरफा और अपनी मर्जी थोपने वाली नहीं हो सकती। अपनी ग्रोथ को बनाये रखने के लिए भारत की एनर्जी संबंधी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग हैं। इसी तरह, विशाल किसान आबादी को लेकर भी भारत की कुछ चिंताएं हैं। किसी भी समझौते में इन पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**आयुर्वेद में पंचकर्म एक चिकित्सा है, कोई आराम देने वाला उपचार नहीं। इसका उद्देश्य शरीर के अंदर से दोषों को निकालना है। वात, पित्त और कफः ये तीन दोष जब शरीर में इकट्ठा होकर संतुलन बिगाड़ते हैं, तो उनके निष्कासन के लिए पंचकर्म किया जाता है। ये एक दिन की बात नहीं होती। इसके लिए शरीर को पहले तैयार किया जाता है, फिर पंचकर्म होता है, फिर शरीर को वापस सामान्य स्थिति में लाने के लिए विशेष आहार-विहार दिया जाता है।**

# स्पा, मसाज और पंचकर्म- इन सबको एक बराबर मत तौलिए



वैद्य प्रदीप चौधरी

अब पंचकर्म शब्द हर जगह दिखता है। लोग इसे नया ट्रेंड समझ रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं कि उन्हें डिटॉक्स करना है, शरीर हल्का करना है, इसलिए पंचकर्म कराना है। कोई कहता है कि बहुत थक गया हूं, मन शांत नहीं रहता, मसाज कराइए। और कुछ तो सीधे कहते हैं कि हमें बस्ती चाहिए, हमने सुना है बहुत फायदा करता है। जब पूछा जाता है कि किसने कहा, किस लिए करवाना है, शरीर में क्या तकलीफ है, तो उनके पास कोई स्सष्ट जवाब नहीं होता। उन्हें लगता है पंचकर्म मतलब तेल लगाना, भाप देना, और शरीर को थोड़ा रिलैक्स करना। उन्हें यह मालूम ही नहीं कि पंचकर्म दरअसल क्या होता है, क्यों दिया जाता है और इसकी प्रक्रिया क्या है।

आयुर्वेद में पंचकर्म एक चिकित्सा है, कोई आराम देने वाला उपचार नहीं। इसका उद्देश्य शरीर के अंदर से दोषों को निकालना है। वात, पित्त और कफः ये तीन दोष जब शरीर में इकट्ठा होकर संतुलन बिगाड़ते हैं, तो उनके निष्कासन के लिए पंचकर्म किया जाता है। ये एक दिन की बात नहीं होती। इसके लिए शरीर को पहले तैयार किया जाता है, फिर पंचकर्म होता है, फिर शरीर को वापस सामान्य स्थिति में लाने के लिए विशेष आहार-विहार दिया जाता है।

**आज कल मसाज को ही पंचकर्म समझ लिया गया है।**

पंचकर्म के पांच मुख्य अंग होते हैं। पहला है वमन - यह तब दिया जाता है, जब शरीर में पित्त ज्यादा हो गया हो, त्वचा के रोग हों, या अजीर्ण लंबे समय से हो। इसमें औषधियों द्वारा उल्टी करायी जाती है। दूसरा है विरेचन -यह दस्त के माध्यम से पित्त और कफ दोष को शरीर से बाहर निकालता है। तीसरा है बस्ती -यह विशेषतः वात दोष के लिए दिया जाता है, इसके अंदर औषधीय एनिमा दी जाती है, जो वात को शांत करता है। चौथा है नस्य -यह नाक के माध्यम से औषध डाल कर सिर के विकारों को ठीक करता है, जैसे सिरदर्द, साइनस, नींद की समस्या। पांचवां है रक्तमोक्षण - यह खून से जुड़ी बीमारियों में किया जाता है, जिससे दूषित रक्त शरीर से निकले।

इन पंचकर्मों से पहले शरीर में स्नेहन और स्वेदन कराना जरूरी होता है। स्नेहन यानी शरीर में अंदर और बाहर तेल देना, और स्वेदन यानी पसीना लाकर दोषों को एक जगह लाना, ताकि उन्हें बाहर निकाला जा सके। इसके बिना अगर आप सीधे पंचकर्म करवाते हैं, तो या तो असर नहीं होता या शरीर उल्टा बिगड़ सकता है। इसी तरह, पंचकर्म के बाद शरीर को धीरे-धीरे सामान्य आहार पर लाना होता है। कई दिन तक विश्राम, पचने योग्य भोजन, मन और व्यवहार में संयम रखना होता है, तभी पंचकर्म सफल होता है।

आज कल मसाज को ही पंचकर्म समझ लिया गया है। बाजार में जगह-जगह पंचकर्म पैकेज बिक रहे हैं, जिनमें अभ्यंग यानी तेल लगाना, भाप देना और कोई खुशबूदार तेल डाल देना ही पंचकर्म कहलाता है। लेकिन ये आयुर्वेद नहीं है, न ही यह चिकित्सा है। ये देखने में सुंदर लग सकता है, कुछ देर आराम भी मिल सकता है, लेकिन इससे शरीर का शोधन नहीं होता। आयुर्वेद की प्रक्रिया में गहराई है, तैयारी है, क्रम है और जिम्मेदारी भी है।

कोई भी इलाज तब ही असर करता है, जब रोगी पहले स्वीकार करे कि उसे इलाज की जरूरत है। फिर डॉक्टर को पूरी जानकारी दे, उसकी सुनने की क्षमता रखे और उसके कहे अनुसार चले। यह इलाज की पहली शर्त है। लेकिन आजकल लोग खुद तय करके आते हैं कि हमें बस्ती चाहिए, हमें विरेचन चाहिए, हमने कहीं पढ़ा है, इससे फायदा होता है। ऐसा करने पर इलाज अधूरा रह जाता है, क्योंकि उसमें रोगी सिर्फ शरीर लाता है, भरोसा नहीं।

पंचकर्म कोई सुविधा नहीं है, यह एक अनुशासन है। यह शरीर के भीतर की सफाई करता है, लेकिन उसके लिए मन को भी तैयार करना होता है। समय देना होता है, संयम रखना होता है, और बीच के बाजारू विकल्पों से बचना होता है। इसलिए अगर कभी पंचकर्म कराने की सोचें, तो पहले यह समझें कि यह मसाज नहीं है। यह एक चिकित्सा पद्धति है, जो तभी असर करेगी जब उसके नियम को समझा और निभाया जाये। बाजार कुछ भी कहे, इलाज हमेशा सच्चाई से शुरू होता है, दिखावे से नहीं।

**(डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**



**पंचकर्म कोई सुविधा नहीं है, यह एक अनुशासन है। यह शरीर के भीतर की सफाई करता है, लेकिन उसके लिए मन को भी तैयार करना होता है। समय देना होता है, संयम रखना होता है, और बीच के बाजारू विकल्पों से बचना होता है। इसलिए अगर कभी पंचकर्म कराने की सोचें, तो पहले यह समझें कि यह मसाज नहीं है।**

## कोल्हान की खबरें

## पोटका, डुमरिया और जमशेदपुर के प्रखंडों में लगेगी शिबू सोरेन की प्रतिमा : संजीव सरदार



हाता/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पोटका प्रखंड समिति के तत्वावधान में हाता प्रखंड कार्यालय में झारखंड राज्य के निमार्ता एवं दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोटका विधायक संजीव सरदार ने गुरूजी के त्याग, संघर्ष और झारखंड आंदोलन में उनके योगदान को याद करते हुए कहा उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा है। विधायक ने घोषणा की पोटका, डुमरिया और जमशेदपुर के प्रखंडों में गुरूजी की आदमकद प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान को याद रख सकें।श्री सरदार ने कहा गुरूजी ने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ी और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंचाने का कार्य किया। उनके यादगार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन ने की। इस अवसर पर सुगीन महतो,बबलू चौधरी, चन्दनलाल महतो, भोला हेंब्रम, भुवनेश्वर सरदार, बहादुर किस्कू, विमी सोरेन, चक्रधर महतो, फूलचंद सरदार, अनूप हेंब्रम, रामकांत हेंब्रम समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## विधायक पूर्णिमा साहू ने नेमरा में दी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद रविवार को जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने उनके पैतृक गांव नेमरा (रामगढ़) पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गुरूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण नमन किया। मौके पर विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर विधायक के साथ उनके पति सह समाजसेवी ललित दास भी मौजूद रहे।

## बन्ना गुप्ता ने नेमरा में हेमंत सोरेन से मुलाकात कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। नेमरा/जमशेदपुर। झारखंड के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता नेमरा पहुँचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं श्रीमती कल्पना सोरेन से मुलाकात की। सोमवार को मुलाकात के दौरान पूर्व मंत्री ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शिबू सोरेन के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।बन्ना गुप्ता ने कहा स्व. शिबू सोरेन का जीवन संघर्ष, समर्पण और जनता के अधिकारों के लिए लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने झारखंड राज्य निर्माण और यहां के दलित-आदिवासी समाज के उत्थान में ऐतिहासिक योगदान दिया,जिसे हमेशा याद किया जायेगा।

### विधायक ने किया वेद अध्ययन अनुशीलन के लिए निर्मित शेड का उद्घाटन

# अब ऋषि-मुनियों की परंपरा को पुष्पित और पल्लवित करने का वक्त : सरयू राय

- धर्मरक्षिणी पौरोहित्य महासंघ वेद अनुशीलन के बारे में देंगे जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने स्वर्णरेखा नदी के तट पर नगर विकास विभाग की निधि से निर्मित वेद अध्ययन अनुशीलन शेड का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक श्री राय ने कहा अब समय आ गया है वेद का अध्ययन और अनुशीलन कर अपनी ऋषि-मुनियों की परंपरा को पुष्पित-पल्लवित करना।

श्री राय ने कहा वेद अनुशीलन के माध्यम से लोगों को न केवल वेदों की शिक्षा दी जायेगी, बल्कि उसमें निहित संदेश और सनातन संस्कृति की गहराई भी समझाई जायेगी। उन्होंने कहा आज आवश्यकता है हम अपने धर्म और संस्कृति के बारे में खुलकर चर्चा करें और उसे जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा धर्मरक्षिणी पौरोहित्य महासंघ इस केंद्र के माध्यम से वेद अध्ययन और अनुशीलन का कार्य करेगा। इस पुनीत कार्य में यदि किसी प्रकार की व्यवस्थागत की कमी आती है तो मैं स्वयं उसे दूर कराने में सहयोग करूंगा।

श्री राय ने कहा हमारे वेद ज्ञान के खजाने हैं, इन्हें पढ़ना, जानना और समझना समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

विधायक ने अपील की इस केंद्र का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग यहां आकर वेदों और हमारी सनातन परंपरा से जुड़ें। उन्होंने कहा वेद अनुशीलन से सनातन धर्म और भी मजबूत होगा। इस अवसर पर धर्मरक्षिणी पौरोहित्य महासंघ के अध्यक्ष बिपीन झा, सचिव उमेश कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष सुधीर झा, विवेक पांडेय, राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ झुन्ना, धर्मेंद्र प्रसाद, सत्येंद्र पांडेय, राज सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खुदीराम बोस जैसे अमर बलिदानी हमारे हृदय में बसते हैं : काले

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज नाम खुदीराम बोस की पुण्यतिथि पर नमन परिवार ने साकची कालीमाटी रोड स्थित कार्यालय में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन नमन परिवार के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और शहर के गणमान्य नागरिक गरिमामय उपस्थिति के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित सभी ने खुदीराम बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर वातावरण खुदीराम बोस अमर रहें एवं भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। नमन संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि खुदीराम बोस देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे को मुस्कुराकर गले लगाने वाले सबसे कम उम्र के वीर सपूत थे। उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि राष्ट्रहित से बड़ा कोई धर्म, कोई कर्तव्य और कोई लक्ष्य नहीं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाली पीढ़ियों को इस बलिदानी गाथा से प्रेरणा लेकर देश की अखंडता और एकता को बनाये रखने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्य अतिथि स्वामी सोमेश्वरानंद ने कहा खुदीराम बोस का साहस और देशभक्ति अद्वितीय है। विशिष्ट अतिथि अमिताभ चटर्जी ने कहा इतिहास के पन्नों में खुदीराम बोस का नाम सदैव अमर रहेगा। विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा हमें खुदीराम बोस की विरासत को संभालते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह, पूर्व सैनिक परिवार के वरुण कुमार, सरदार बलविंदर सिंह, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष नीरू सिंह, उत्तर प्रदेश संघ के रामकेवल मिश्रा, धनुर्धर त्रिपाठी एवं अन्य ने अपने विचार रखे धन्यवाद ज्ञापन जूगुन पांडे ने किया। इस अवसर पर नमन परिवार के जसवंत सिंह भोमा, जयंती रमन, संदीप कुमार सिंह, कैशव तिवारी, मुन्ना सिंह, गोपीकांत, कैलाश झा, किरण सिंह, पुतुल सिंह, रितिका श्रीवास्तव, सिमी कश्यप, आरती मुखी, कंचन देवी, ममता साहा, महालक्ष्मी देवी, माया देवी, सीमा शर्मा, पिंकी यादव, सुनीता देवी, सीता देवी, पिंकी प्रसाद, सुमन त्रिपाठी, सीमा गोस्वामी ने देशभक्ति की भावना को और प्रबल करने का प्रण लिया।

## शहीद खुदीराम बोस को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मानगो सुभाष कॉलोनी स्थित शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा शहीद खुदीराम बोस 18 वर्ष की उम्र में हंसते-हंसते फांसी में चढ़ कर देश के लिए त्याग व बलिदान दिया। ऐसे महापुरूषों के जीवनी से युवाओं को प्रेरणा लेना चाहिए। मौके पर प्रदेश सचिव सामंता कुमार, अंसार खान, आनंदमय पात्रा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नुवको सीमेंट कंपनी के ठेकेदार पर फाइनल सेटलमेंट में गड़बड़ी का आरोप, श्रम अधीक्षक से की शिकायत



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। शहर के जोजोबेड़ा में नुवको बिस्तास सीमेंट कंपनी के भेंडर सूरज एसोसिएट प्राइवेट लिमिटेड पर एक मजदूर को 25 वर्षों की सेवा के बाद फाइनल सेटलमेंट राशि सही तरीके से न देने का आरोप सामने आया है।जानकारी मिलने पर इस झामुमो नेता सह सामाजिक सेवा संघ के पदाधिकारी ने श्रम अधीक्षक से मुलाकात की। मौके पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत ने बताया मजदूर राजकुमार सिंह ने सीमेंट डस्ट के लोडिंग अनलोडिंग और मशीन ऑपरेटर के रूप में हाईस्किल कार्य 25 वर्षों तक किया। इस दौरान उनको वेतन प्रतिदिन 1130 रुपिया मिलता था। नियम के अनुसार फाइनल सेटलमेंट की राशि अंतिम वेतन व उपस्थिति के आधार पर तय होती है, लेकिन कंपनी की ओर से इस गणना में गड़बड़ी कर 3,27,577 का चेक दिया गया। जबकि मजदूर का आरोप है यह राशि में लगभग 1 लाख कम है। इस अवसर पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत, मुखिया शिवलाल लोहरा, झारखंड आंदोलनकारी नेता छोटे सरदार, महिला अध्यक्ष रूपम सिंह, पूर्णिमा पाल, मनोज चौरसिया और राजकुमार सिंह उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ और सरायकेला पुलिस ने तिरंगा लेकर पदयात्रा की




सरायकेला (आजाद सिपाही)। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 134 बटालियन दुगनी एवं सरायकेला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। सोमवार को यात्रा दुगनी कैंप से एसपी कार्यालय तक पैदल हाथों में तिरंगा लेकर निकाली गई। जिसमें देशभक्ति गीतों के बीच बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सीआरपीएफ बटालियन के अधिकारी राजेश कुमार ने नागरिकों से अपील की 11 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा लगाकर स्वतंत्रता दिवस का महापर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनायें।

# अन्नराज डैम में डूबने से 12वीं के छात्र की मौत

**बरामद हुआ शव, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित अन्नराज डैम रविवार को एक बार फिर दर्दनाक हादसे का गवाह बना। शांतिनिवास स्कूल में कक्षा 12 में पढ़ने वाला 16 वर्षीय आयुष चौबे अपने तीन दोस्तों के साथ यहां घूमने आया था। नहाने के दौरान वह पानी में कूद गया और वापस सतह पर नहीं आ सका। कुछ ही पलों में हंसी-खुशी का माहौल चीख-पुकार में बदल गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बृज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। किनारे पर आयुष की नारंगी टी-शर्ट और ग्रे लोअर मिली। पिता का रो-रोकर बुरा हाल था। वे बार-बार यही कहते रहे– उसे तैरना नहीं आता था... दोस्तों के कहने पर कूद गया... वह मेरा इकलौता बेटा था, कल ही बहनों से राखी बंधवाई थी।

स्थानीय गोताखोरों ने कई घंटों तक तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। शाम तक एनडीआरएफ को बुलाने की प्रक्रिया शुरू हुई। लगातार 24 घंटे की कोशिशों के बाद सोमवार सुबह 11:30 बजे आयुष का शव डैम से बरामद किया गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

**बरसों से दोहराई जा रही त्रासदी**

अन्नराज डैम में यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में यहां आधा दर्जन से ज्यादा लोग डूबकर अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद आज तक सुरक्षा के स्थायी इंतजाम नहीं किये गये। डैम में सालों भर पानी भरा रहता है और बरसात में यह लबालब हो जाता है, जिससे इसकी गहराई कई गुना बढ़ जाती है।

## एसडीएम ने अन्नराज डैम को घोषित किया 'नो स्विमिंग जोन', अगले आदेश तक वोटिंग पर भी रहेगा प्रतिबंध



अन्नराज डैम में सहीजना के किशोर युवक के डूबने की घटना के बाद सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव बाहर आने पर उन्होंने स्वयं घटनास्थल का दौरा किया तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने इस दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट हिदायत दी कि जब हर वर्ष यहां इस प्रकार की घटनाएं होती हैं तो उन्होंने एहतियातन प्रबंध/ उपाय क्यों नहीं किये। उन्होंने कहा कि यह डैम कोई स्विमिंग पूल नहीं है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की तैराकी या स्नान करना अब से प्रतिबंधित रहेगा। इतने गहरे जलाशय में उतरने से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसलिए मत्स्यजीवी समितियों के कुशल तैराक/ गोताखोरों के अलावा इस जलाशय में किसी के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी, विशेषकर जो पर्यटक या दूसरे इलाकों से लोग वहां घूमने आते हैं उनको स्विमिंग जैसी गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी।

## आहर में नहाने के दौरान वार्ड सदस्य पति के गहरे पानी में डूबे से मौत, दूसरे दिन निकला शव



मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेराल पश्चिमी के वार्ड नंबर तीन मकुना गांव स्थित पहाड़ की तलहटी में बना बड़का आहर के छठ घाट पर रविवार को वार्ड सदस्य फूलमती देवी के पति अशोक सिंह 40 वर्ष नहाने के क्रम में गहरे पानी में डूब गये। इसकी सूचना गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। स्थानीय युवाओं ने कड़ी मशक्कत कर 20 घंटा बाद सोमवार को अशोक के शव को आहर से बाहर निकाला। अशोक के शव को आहर के गहरे पानी से खोज निकालने वाले निजाम अंसारी, शंकर सिंह, मुख्तार अंसारी, बालेश्वर सिंह, प्रदीप सिंह, मुमताज अंसारी, जयकुमार सिंह, महेंद्र सिंह, रशीद अंसारी, सनोज कुमार को साहसिक कार्य के लिए सभी को धन्यवाद दिया तथा इस बहादुरी के लिए अपने तरफ से दो हजार नगद देकर सभी का उत्साहवर्धन किया।

# किस्मती कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग में स्वतंत्रता दिवस पर निःशुल्क नामांकन प्रारंभ

**ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा कॉलेज प्रबंधन का यह कदम : वीरेंद्र प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** 79वीं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग कॉलेज में पहले आने वाले 60 छात्र-छात्राओं का निःशुल्क नामांकन लिया जायेगा। सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए संस्था के सचिव वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि गढ़वा एवं आसपास के जिलों के अनुसूचित जाति/जन जाति एवं पिछडा वर्ग के छात्र-छात्राएं जो पैसे के अभाव में अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं, वैसे छात्र-छात्राओं के लिए कॉलेज प्रबंधन का यह निर्णय 'मिल का पत्थर' साबित होगा। उन्होंने कहा कि संस्थान अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, यहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार भी मुहैया कराई जायेगी।

निदेशक लव कुमार सिंह ने कहा कि हमारी संस्था कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान के प्रति हमेशा से काम करते आई है और आगे भी यह कार्य जारी रहेगा। मौके पर उप प्राचार्य विकास कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

# कांडी के 11 सहायक अध्यापक सहायक आचार्य बने

आजाद सिपाही संवाददाता




बीआरसी कार्यालय कांडी।

**कांडी।** झारखंड सहायक आचार्य नियुक्ति में कांडी प्रखंड के 6 से 8 वर्ग के विभिन्न श्रेणियों में कार्यरत 11 सहायक अध्यापकों ने सफलता प्राप्त कर प्रखंड का मान बढ़ाया है।

पीएम श्री उच्च विद्यालय लमारी कला के अमरेन्द्र कुमार पंडित (भाषा), रोशन कुमार सिंह, दीपक कुमार पांडेय और संतोष कुमार ठाकुर (सामाजिक विज्ञान) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के प्रवीण कुमार और सतेंद्र कुमार (सामाजिक विज्ञान) ने भी चयन पाकर सफलता हासिल की।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय अधौरा के धनंजय कुमार गुप्ता और उत्क्रमित प्रावि तेलियानिजामत के मृत्युंजय कुमार गुप्ता (सामाजिक विज्ञान) सगे भाई हैं और दोनों सहायक आचार्य बने हैं। प्रावि भंडरिया के लव कुमार सिंह और स्तरोन्नत उच्च विद्यालय डूमरसोता के नित्यानंद मेहता व अवधेश पाल (सामाजिक विज्ञान) का भी चयन हुआ है। इसके अलावा बुनियादी विद्यालय कुशहा के सहायक अध्यापक प्रभात रंजन सिंह की पत्नी ने भी गैर सहायक अध्यापक ग्रुप से चयनित होकर सफलता पाई है। 1 से 5 वर्ग का परिणाम अभी जारी नहीं हुआ है, जिसका इंतजार शिक्षकों को है।

सफलता पर सहायक अध्यापक राजेश कुमार दुबे, अरुण पांडेय, हेमेंद्र राम, राम लखन राम, देवेंद्र कुमार चौबे, अरुण कुमार, राजीव रंजन, उदय राम, राम रंजन, करंजु पाल, अवध बिहारी यादव समेत कई लोगों ने बधाई दी।

## मेराल में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



मेराल (आजाद सिपाही)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया। जागरुकता तिरंगा यात्रा अस्पताल चौक से प्रारंभ हुआ जिसमें देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अपने हाथों में तिरंगा झंडा लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम, तिरंगा हमारी शान है, घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है आदि नारा लगाते हुए लोगों को जागरुक करते हुए बस स्टैंड होते हुए पुनः अस्पताल चौक पहुंच समाप्त हुआ। इस अवसर पर मेराल दक्षिणी मंडल प्रभारी उदय कुमार कुशवाहा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान में छिपे आतंकवादियों के ठिकानों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत नेस्तनाबूत करने का कार्य किया गया है। कार्यक्रम को मंडल विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, अध्यक्ष मनोज जायसवाल, रुपू महतो, कंचन पांडे ने भी संबंध किया। तिरंगा यात्रा में विनय चौबे, आनंद चंद्रवंशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष गायत्री देवी, नरेश यादव, भुनू चौधरी, विनय चौधरी, मुनेश्वर चौधरी साहित्य कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## रामलला मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन आज



गढ़वा (आजाद सिपाही)। 12 अगस्त (मंगलवार) को रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्री रामलला मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा। प्रत्येक मंगलवार को अनवरत सुंदरकांड का संगीतमय वाचन करने वाले 80 से ज्यादा विद्वान सनातनियों का यह 554वां मानस महा महोत्सव होगा। मंगवार को शाम 6.30 बजे प्रारंभ होने वाले इस मानस पाठ में गढ़वा जिला मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों से कई विभूतियां शामिल होंगी। इसके पूर्व शाम 5.30 बजे शाम में उभरते सनातनी युवा मंडली की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। मानस पाठ के बाद भगवान की आरती होगी। तत्पश्चात महाप्रसाद के साथ इस दिव्यमयी कार्यक्रम का समापन होगा। इसकी जानकारी देते श्री रामलला मंदिर समिति के सचिव धनंजय सिंह ने दी।

## नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कैलान पंचायत स्थित शिवाजी खेल मैदान के प्रांगण में ज्योतिबा फुले स्पोर्ट क्लब द्वारा सोमवार को नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसका उद्घघाटन युवा समाजसेवी सह जेएमएम नेता दीपक प्रताप देव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को कीक मार कर किया। मौके पर दीपक प्रताप देव ने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव का तबियत खराब होने के कारण मुझे इस टूर्नामेंट का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कहा कि जीवन में पढ़ाई के साथ खेलकूद अत्यंत जरूरी है। प्रतियोगिता का उद्घघाटन मैच श्रीबंशीधर नगर सपोर्टिंग क्लब अधौरा और कांडी के बीच खेली गयी, जिसमें कांडी की टीम ने श्रीबंशीधर नगर स्पोर्टिंग क्लब अधौरा को 2- 0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधी रामप्रताप यादव, पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव, वरुण बिहारी यादव, विमलेश यादव, जेएमएम के मुक्तेश्वर पांडेय, मनोज यादव, क्लब के अध्यक्ष अनिल यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भवनाथपुर प्रखंड में यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड में इन दिनों किसानों को यूरिया खाद की गंभीर किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। खरीफ फसल के महत्वपूर्ण चरण में खाद की कमी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार, गढ़वा जिले में केवल दो ही यूरिया होल सेलर हैं, श्री दुर्गा ट्रेडर्स और न्यू सेठी स्टोर। ये दोनों ही डीलर पूरे जिले की मांग को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन भवनाथपुर प्रखंड में मांग के मुकाबले आपूर्ति बेहद कम हो रही है। बताया जाता है, कि हाल ही में होल सेलर की ओर से भवनाथपुर प्रखंड के लिए केवल एक ट्रक यूरिया भेजा गया था। यह मात्रा प्रखंड के सभी किसानों के लिए नाकाफी साबित हो रही है। किसानों का कहना है कि सीमित स्टॉक होने के कारण उन्हें पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे फसलों के विकास पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। कई किसानों ने आरोप लगाया है कि खाद वितरण में पारदर्शिता की कमी है और पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर वितरण होने से कई जरूरतमंद किसान वंचित रह जाते हैं।

किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि भवनाथपुर प्रखंड में यूरिया की आपूर्ति बढ़ाई जाये, ताकि समय पर खाद मिलने से फसलें प्रभावित न हों। वर्तमान स्थिति अगर जल्द नहीं सुधरी, तो फसल उत्पादन पर व्यापक असर पड़ने की आशंका है।

इस संबंध मे पूछे जाने पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है, कि बाजार में यूरिया खाद का किल्लत है, अगर ऐसा है, तो उच्च अधिकारी से बात कर यूरिया को बाजार में उपलब्ध कराते हुए किसान की समस्या को दूर किया जायेगा।

# कार्रवाई : अवैध बालू कारोबार को लेकर मझिआंव और गढ़वा के 12 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई

दो दिन पहले भी 11 लोगों पर किया जा चुका है प्रीवेंटिव एक्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने अवैध बालू उठाव को लेकर मिल रही शिकायतों के क्रम में एहतियातन मझिआंव और गढ़वा सदर प्रखंड के 12 लोगों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई आरंभ की है।

उन्होंने बताया कि माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की ओर से वर्तमान में नदी घाटों से बालू उठाव पर पूर्णतः रोक है। इसके साथ ही, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत उन्होंने खुद भी नदी घाटों के आसपास बालू उठाव, परिवहन और भंडारण पर विशेष निषेधाज्ञा लागू की है। इसके बावजूद उन्हें विभिन्न स्रोतों से लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग संगठित रूप से बालू उठाव का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल अवैध हैं बल्कि क्षेत्र में शांति भंग की आशंका भी उत्पन्न करती हैं, इसलिए गढ़वा प्रखंड के 8 तथा मझिलियों प्रखंड के चार लोगों पर निरोध आत्मक कार्रवाई की है। उन्होंने दो दिन पहले भी गढ़वा प्रखंड के 11 व्यक्तियों पर निरोधात्मक कार्रवाई की थी। आज जिन लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है उनमें अखिलेश जायसवाल, सुनील जायसवाल, सरवन तिवारी, बुधन बिंद, आनंद सिंह, तोफो खान, सुनील यादव, नूर आलम, नागेंद्र यादव, बबलू मेहता, विक्रमा यादव, प्रयाग चौधरी आदि लोगों के नाम शामिल हैं। फिलहाल सभी को कारण पृच्छा के साथ एसडीएम कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही सदर अनुमंडल क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में भी ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी।

**रंका एसडीपीओ ने सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत छात्राओं को किया जागरूक, कहा**

# देश में प्रति वर्ष हो रही डेढ़ लाख मौतें

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत सोमवार को परियोजना कन्या उवि के छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़े के अनुसार भारत देश में प्रति वर्ष डेढ़ लाख मौतें सड़क दुघर्टना में होती है। जबकि इंडिया में वाहनों की संख्या अन्य देशों की अपेक्षा कम और मौतें अधिक होती हैं। उन्होंने कहा कि बाइक दुर्घटना में अधिकांश मौतें हेल्मेट नहीं पहनने के कारण होती है। फोर व्हीलर गाड़ियों में बिना सीटबेल्ट के लोग चलते हैं, जो गलत है। प्रशासनिक रूप से हमलोग चेकिंग के दौरान हेल्मेट पहनने की हिदायत तो देते ही हैं, लेकिन आपलोग भी अपने अपने घर के लोगों को हेल्मेट पहनने की सलाह अवश्य दें। उन्होंने बाल विवाह को लेकर छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि आप अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि लड़कियों के लिए कानून के द्वारा निर्धारित उम्र 18 वर्ष है। इससे कम उम्र में यदि माता-पिता शादी करने के लिए दबाव बनाकर शादी करना चाहते हैं, तो विद्यालय के शिक्षक या समाज के गणमान्य व्यक्ति को बताएं या हमें सूचित करें। आपका सहयोग करने के लिए मैं तत्पर हूं। उन्होंने ने साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आंकड़ा है कि 2024 में पचास हजार करोड़ कि किसी भी तरह का मोबाइल वाट्सएप में नये मैसेज लिंक को क्लिक या छेड़छाड़ नहीं करें। खासकर लड़कियों और महिलाओं के साथ ज्यादा फ्रौड हो रहा है। आप अपने घर के सभी सदस्यों को और गांव के लोगों को बताएं क्यों कि अधिकांश लोगों को मोबाइल के बारे में जानकारी नहीं होती है। उन्होंने अंत में स्वच्छता को अपनाने और स्वस्थ जीवन जीने की सलाह दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार रजक, उज्जवल कुमार चौबे सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थीं।

## कांडी में एफसीआइ चावल गोदाम के पास सरकारी भूमि पर अतिक्रमण

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित एफसीआई चावल गोदाम के पास की सरकारी भूमि (खाता संख्या 01, प्लॉट संख्या 17) पर दबंग भू-माफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। इसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी राकेश सहाय को दी। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बताया कि उक्त भूमि को 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। विदित हो कि कांडी प्रखंड में सरकारी भूमि पर हजारों लोग झुग्गी-झोपड़ी, पान गुमटी और पक्के मकान बनाकर कब्जा जमाये हुए हैं। वर्तमान में प्रखंड मुख्यालय में बस स्टैंड, टेम्पो स्टैंड, यात्री शेड और बाजार लगाने के लिए भी जमीन उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद सरकारी भूमि पर कब्जा करने का सिलसिला लगातार जारी है।

# जमशेदपुर में लायंस क्लब इंटरनेशनल अवार्ड समारोह में गढ़वा ने कई पुरस्कार झटके

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जमशेदपुर के होटल एनएच हिल्स में लायंस क्लब इंटरनेशनल 322अ सत्र 2024-25 के लिए अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम ने सत्र 2024-25 में अपनी सेवाओं और सामाजिक कार्यों के लिए इतिहास रच दिया है। विभिन्न परियोजनाओं और जनहित के कार्यों के लिए क्लब के अध्यक्ष डॉ असजद अंसारी और क्लब को एक साथ कई प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों में परमानेंट प्रोजेक्ट स्वास्थ्य शिविर जो कि गढ़वा के मिलाप मेडिकल सेंटर में हर महीने के एक तारीख को आयोजित किया जाता है। इसके अलावा आउट स्टैंडिंग परफॉरमेंस अवार्ड, मेंबरशिप ग्रोथ एप्रिसिएशन अवार्ड, सर्विस रिपोर्टिंग अवार्ड, बैनर प्रेजेंटेशन के लिए पूरे जिला 322अ में तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं डॉ असजद अंसारी को बेस्ट प्रेसिडेंट का अवार्ड मिला। आपको बता दें कि वर्ष 2024 में डॉ असजद को लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, तभी से लगातार वो कई सामाजिक कार्य किये जिसके चलते उन्हें वर्ष 2025 में पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। ला. सीमा वाजपेयी ने क्लब के अध्यक्ष डॉ असजद अंसारी एमजेएफ उपाधि से सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ असजद ने कहा कि सत्र 2024-25 जिलापाल ला. सीमा बाजपेयी का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि उनके हाथों सम्मानित होते हुये बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है, और साथ ही साथ क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उप जिलापाल ला. सुभद्रा मजूमदार, ला. सुचित्रा रुंगटा, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के सक्रिए ला. उमेश अग्रवाल, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के सदस्ये ला. विजय केशरी और कई लोग उपस्थित थे।

**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
**(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)**
J.S.C.A. Stadium Road, Sector.-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone:0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**Tender Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids from eligible and interested contractors for Constructions of Physics/Chemistry/Biology Lab in Secondary and Higher Secondary Schools in different blocks/district of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 26.08.2025 at 2.00 PM.

The details of tender document can be seen and applied through website **http://jepc.jharkhand.gov.in** only.

Sd/-
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

Ref. No.: JEPC/CIV/03/1604/2025/3063 Ranchi, Date :- 08.08.2025
PR.NO.359327 Jharkhand Education Project Council(25-26):D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(नजारत शाखा)**

**:-अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना-:**

उपायुक्त, कोडरमा के निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त कार्यालय, कोडरमा के कार्यों का संचालन में उपयोग होने वाले स्टेशनरी सामग्री एवं अन्य तथा इलेक्ट्रॉनिक सामग्री का क्रय/आपूर्ति करने हेतु निम्नांकित आवश्यक नियम/शर्तों के साथ दर निर्धारण करने हेतु कोडरमा जिला एवं अन्य संचालन संस्था एवं प्रतिष्ठानों से सूचना आमंत्रित किया जाता है।

अतः कोडरमा जिला के वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर उल्लेखित विस्तृत शर्तो/निहित निर्देश के अनुसार निविदादाताओं के द्वारा **दिनांक 20/08/2025 के 01:00 बजे अपराह्न** तक उपायुक्त कार्यालय, कोडरमा के नजारत शाखा में स्वयं अथवा निबंधित डाक के माध्यम से उपायुक्त, कोडरमा अथवा जिला नजारत शाखा, कोडरमा समाहरणालय के पते पर लिफाफा (तकनीकी वीड एवं वित्तीय वीड) जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 20/08/2025 को अपराहन **03:00 बजे** समाहरणालय सभाकक्ष में खोला जायेगा, जिसमें आप स्वयं अथवा आपके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता,
कोडरमा

PR 359328 District(25-26)#D

## फुटबॉल मैच देखने गये गृह रक्षा वाहिनी के जवान की बाइक हुई चोरी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय समाहरणालय मैदान में आयोजित शहीद वीर बुधु भगत फुटबॉल टूर्नामेंट में मैच देखने आए गृह रक्षा वाहिनी के जवान अनिल उरांव की पैशन प्रो मोटरसाइकिल अज्ञात चोर ले उड़े। इस संबंध में अनिल उरांव ने बताया कि, लाल और काले रंग की पैशन प्रो बाइक नंबर जेएच 01सी 1969 से वह फुटबॉल मैच देखने आया था। मैच खत्म होने के बाद जब अपनी बाइक के पास पहुंचा तो बाइक गायब मिला। देर शाम तक बाइक ढूंढने के बावजूद बाइक नहीं मिली। अज्ञात चोर उसके बाइक चोरी कर फरार हो गये। घटना को लेकर सदर थाना में पीड़ित जवान अनिल उरांव ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज करा कर न्याय की गुहार लगाया है।

## लोहरदगा-रांची मेमू ट्रेन में बिना टिकट यात्रियों का कब्जा, टिकटधारी परेशान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा-रांची मेमो ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करने वालों का बोलबाला है। ये यात्री न केवल ट्रेन में चढ़ते हैं, बल्कि सीटों पर कब्जा जमाकर रखते हैं, जिससे टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को मजबूरन खड़े होकर सफर करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार, बिना टिकट यात्रा करने वालों में अधिकतर लोहरदगा, ईरगांव, आकाशी, नगजुआ, नरकोपी और टांगरबंसली के दैनिक मजदूर होते हैं, जो प्रतिदिन मजदूरी के लिए रांची आते-जाते हैं। यात्रियों का कहना है कि इस स्थिति के लिए रेलवे खुद जिम्मेदार है, क्योंकि रांची-लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन में शायद ही कभी टिकट जांच होती है। जांच की कमी के कारण इन बिना टिकट यात्रियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और वे खुलेआम नियमों की अनदेखी करते हैं।

## लोहरदगा में आज निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में, शहीदों और हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन करने हेतु लोहरदगा में 12 अगस्त, मंगलवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। यह यात्रा लोहरदग्गा के ललित नारायण स्टेडियम में पूर्वाह्न 10:30 बजे होगी। तत्पश्चात बरवाटोली, मिशन चौक भाया राणा चौक अपर बाजार, गुदरी थाना टोली, बाडू मोड़, सोमवार बाजार पावरगंज चौक से मैना बगीचा होते हुए जूरिया बीएस कॉलेज मोड़ होते हुए श्रद्धेय कार्तिक उरांव माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा की समाप्ति की जायेगी। हर घर तिरंगा यात्रा के अंतर्गत जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता, मोर्चा, मंडल, जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य, आमजन सभी सादर आमंत्रित हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, बाल्मीकि कुमार ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति और एकता का प्रतीक होगी। उन्होंने जिले के सभी सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और प्रबुद्ध नागरिकों से आग्रह किया कि वे समय पर एकत्रित होकर इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हों और इसे सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल हमारे शहीदों के बलिदान को स्मरण करेगी, बल्कि नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को भी प्रज्वलित करेगी।

## स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन की समय सारणी तय



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन करने को लेकर प्रमुख फुलझरी देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोतोलन करने के लिये समय निर्धारित किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेन्हा में प्रात: 8:30 बजे, स्वास्थ्य केंद्र में प्रात: 8:40 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रात: 8:50 बजे, प्रखंड कार्यालय में 9:10 बजे, थाना परिसर में 9:30 बजे और कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 10:00 स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन करने का समय सारणी निर्धारित किया गया है। मौके पर प्रखंड विमास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, बीपीआरओ सुजीत उरांव, महावीर असुर, प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा, बीपीओ प्रकाश रंजन समेत अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## गणशोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति भंडरा का एक अहम बैठक आनन्द कुमार दुबे की अध्यक्षता में गणेश पूजा स्थल भंडरा के पास रविवार संध्या 7:00 बजे हुई जिसमें 27 अगस्त 2025 से प्रारंभ होने वाले तीन दिवसीय गणशोत्सव धुम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पुराने कमिटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से श्रीकांत गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया साथ ही समिति का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष- विवेक यादव, शुभम साहु, अमित लहेरी, सचिव- चन्दन लहेरी, सहसचिव- विशल सोनी, सुरज साहु, आशिष यादव, कोषाध्यक्ष- अमर साहु, सहकोषाध्यक्ष- पंकज यादव, राजेश भगत, संगठन मंत्री- उज्जवल गुप्ता, शुभम प्रोहित, सुमित लहेरी, मनिष यादव, रोहित लहेरी, व्यवस्था प्रमुख- सन्याल यादव, अक्षय गुप्ता, सुरज ठाकुर, को बनाया गया बैठक में भारी संख्या में सरना सनातन समाज के भक्तजन उपस्थित थे।

## भक्तों का जत्था वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के तलसवार, परेवातरी और नयाटांड से करीब डेढ़ दर्जन श्रद्धालु भक्त 11 अगस्त को बरकाकाना जंक्शन से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुए। भक्तों का जत्था गरीब रथ ट्रेन से दिल्ली होते हुए 13 अगस्त को जम्मू के कटरा पहुंचेंगे जहां पर पैदल यात्रा करते हुए शाम में माता वैष्णो देवी का दर्शन कर पुजा अर्चना करेंगे। भक्तों के जत्थे में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो, प्रमोद कुमार, उपेंद्र राणा, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, दीलीप कुमार, मुरारी कु. कुशवाहा, बन्धु महतो, रितेश कुमार, सुरेश कुमार, जितेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, सुभाष राणा, रोहित महतो, धर्मेन्द्र कुमार, बादल कुमार, अजय मरांडी शामिल हैं।

# लोहरदगा में चोरी की बाइक और हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** रविवार रात करीब 9:45 बजे अजय उद्यान-राजा बंगला जुरिया रोड पर गश्ती के दौरान पुलिस ने संदिग्ध हालत में चार युवकों को रोका। पुलिस को देखते ही चारों युवक लाल-काले रंग की बजाज पल्सर (150 सीसी) मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे। पीछा करने पर तीन युवकों को पकड़ लिया गया, जबकि एक युवक मोबाइल फेंककर फरार हो गया। पकड़े गये युवकों के पास से चोरी की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल, तीन अन्य बाइकों की चाबियां, चार मोबाइल, दो बड़े चाकू, गांजा पीने का चिलम बरामद हुआ। जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल रांची के अड़गोरा थाना क्षेत्र से डेढ़ माह पहले चोरी की गयी थी और उसका असली नंबर प्लेट बदलकर फर्जी नंबर लगाया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में दो के खिलाफ पूर्व में भी चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी में इमरोज अंसारी (20), निवासी करगे, थाना नरकोपी, रांची, आरिफ अंसारी (19), निवासी मस्जिद टोला, थाना कैरो, लोहरदगा इरफान अंसारी (18), निवासी नागजुआ, थाना कैरो, लोहरदगा शामिल है। पुलिस ने लोहरदगा थाना कांड संख्या-143/25, दिनांक 10.08.25, धारा 317(5)/336(3)/338/340(2)/339/3(5) BNS 2023 के तहत मामला दर्ज कर तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापामारी दल में थानाप्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, पु.अ.नि. रवि रंजन कुमार, स.अ.नि. अमरनाथ पांडेय, स.अ.नि. चंद्रदीप मेहता, स.अ.नि. रमेश कुमार तिवारी, हवलदार जनेश्वर साहार, चा.पु. मुकेश कुमार शर्मा, चा.पु. सत्यकिशोर कुमार शामिल थे।

**चंदवा में सड़क दुर्घटना का कहर जारी**

## सड़क दुर्घटना में तीन वर्षीय बच्चे की मौत

मुकेश कुमार सिंह



**चंदवा(आजाद सिपाही)।** चंदवा रांची डालटेनगंज मुख्य मार्ग पर चंदवा प्रखंड के लाधुप सेन्हा में एनएचएआइ किनारे खड़े तीन वर्षीय बच्चा नबाब राय पिता युनुस राय को एक पिकअप वैन के टक्कर से घटनास्थल पर ही 3 वर्षीय बालक नवाब राय का शरीर छत भी छत हो गया ऐसा घटना होने के बाद ग्रामीणों ने तुरंत सड़क को जाम कर दिया और लगभग 2 घंटे रांची डाल्टनगंज मुख्य मार्ग को जाम रखा गया ग्रामीण घटना के बाद काफी उग्र थे। इधर घटना की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद और चंदवा पुलिस इंस्पेक्टर रणधीर कुमार को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर बातचीत किया वही परिजन गाड़ी को पकड़ने की मांग कर रहे थे उसके साथ ही मुआवजे की मांग कर रहे थे। साथ ही साथ लाधुप सेन्हा चौक पर ब्रेकर की मांग कर रहे थे प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी और आश्वासन के बाद 2 घंटे बाद जाम खुली मुआवजा में एक लाख की राशि आपदा प्रबंधन से देने की बात कही गयी और जाम को खुलवाया गया।

## दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण का वितरण

**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रखंड संसाधन केंद्र बड़कागांव में दिव्यांगों का प्रखंड स्तरीय जांच शिविर और सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जांच शिविर कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव में प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। जबकि सहायक उपकरण वितरण प्रखंड संसाधन केंद्र में 17 दिव्यांगों के बीच किया गया। जांच शिविर में 26 दिव्यांगों की जांच की गयी। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, बीपीएम प्रहलाद गुप्ता, रिसोर्स शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, विश्वनाथ कुमार, शंभू शरण दास, सागर कुमार गुप्ता, रणदीप नाग सहित अन्य लोग शामिल थे।

**एनएसयूआइ ने कॉलेज प्रशासन की मनमानी पर खोला मोर्चा**

# सीट बैरियर खत्म करने को लेकर विद्यार्थी करेंगे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला एनएसयूआइ ने बीएस कॉलेज प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए नामांकन प्रक्रिया में हो रही मनमानी का विरोध किया है। जिला अध्यक्ष मन्नोवर आलम के नेतृत्व में हुई बैठक में छात्रों के अधिकारों को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया।

बैठक में बताया गया कि विश्वविद्यालय की ओर से किसी भी विषय में नामांकन सीट की कोई सीमा तय नहीं की गयी है, इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन ने हिंदी, इतिहास, राजनीतिक शास्त्र, भूगोल, कुरुख, नागपुरी, उर्दू और आर्थिक शास्त्र जैसे सभी विषयों में सीमित सीट निर्धारित कर दी है। इस निर्णय के कारण नामांकन फॉर्म भरने वाले 100% में से केवल 40% छात्रों का ही प्रवेश हो पाया है, जबकि बाकी विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में है। प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा, ₹जब विश्वविद्यालय ने कोई बैरियर तय नहीं किया है, तो कॉलेज प्रशासन किस अधिकार से छात्रों के सपनों पर ताला लगा रहा है? यह शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन है और ठरवक इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं जिला अध्यक्ष मन्नोवर आलम ने कहा, इस समस्या को लेकर एनएसयूआइ ने पूर्व में तीन दिन पहले ही कॉलेज प्रशासन को अवगत करा चुकी है इसके बावजूद अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है इसलिए आकर्षित छात्र-छात्राओं के साथ कल दिनांक 12 अगस्त को एनएसयूआई के बैनर तले एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन ने तुरंत सीट बैरियर हटाकर सभी योग्य छात्रों को नामांकन का अवसर नहीं दिया, तो विवश होकर कॉलेज में तालाबंदी भी करने का निर्णय लिया है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में छात्र-छात्राओं को न्याय दिलाने के लिए जन आंदोलन चलाया जाएगा। NSUI ने स्पष्ट कर दिया है कि यह लड़ाई केवल सीटों की नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य और अधिकारों की है।

**लातेहार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन**

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, ई-विद्यावाहिनी में शिक्षकों की उपस्थिति, पोशाक, छात्रवृति, पोषण वाटिका, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह की ससमय उपलब्धता, पोषण वाटिका किचन गार्डेन की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया समेत जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर निर्देशित किया गया। कि जिले में बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पौष्टिक मिड डे मील देने को प्राथमिकता बताते हुए इस पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की ओर से विद्यालय स्तर पर चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिले। इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मी सजगता के साथ काम करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने पोशाक और छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक और छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया। स्कूल में बच्चों का नामांकन, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने संबंधित जानकारी लेते हुए सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरंतर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय और पीने की पानी समेत विभिन्न बिन्दुओ का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त द्वारा पीएम पोषण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चो को ससमय राशन, पुस्तक और योग्य बच्चों को ससमय छात्रवृत्ति मिले यह सुनिश्चित करें। जिन रसोइयों का वृद्धा पेंशन या आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, उन्हें जल्द से जल्द योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में मध्यान भोजन का संचालन किया जाये और मध्यान भोजन में जो खाद्य सामग्री छात्र-छात्राओं को दी जाती है। उसका निरंतर निरीक्षण संबंधित पदाधिकारी के द्वारा किया जाये। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने नेमरा पहुंचे पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंचे पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया। मौके पर श्री साहू ने कहा की गुरुजी सदैव झारखंड और झारखंड वासियों के हितों की लड़ाई लड़े हैं उनके जाने से मानो पूरा झारखंड शोक में डूब गया है। उनके द्वारा किये गये कार्यों को झारखंड वासी कभी नहीं भूल पायेंगे। दूसरे शब्दों में कहूं तो झारखंड की जनता के दिल में गुरुजी के प्रति प्यार और सम्मान सदैव बना रहेगा। गुरुजी ने युवा अवस्था से ही अपना सब कुछ झारखंड वासियों के लिए समर्पित कर दिया। स्वयं कष्ट में रहकर भी झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को प्रखर बनाकर हमें झारखंड जैसा सुंदर राज्य दिया। इस दुख की घड़ी में हम सभी गुरु जी के पूरे परिवार के साथ खड़े हैं और हम सब मिलकर आने वाले समय में गुरु जी के अधूरे सपनों को पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्ययन केशव महतो कमलेश उपस्थित थे।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों और पारंपरिक नेताओं को पेसा अधिनियम 1996 के अंतर्गत ग्राम सभा के अधिकार और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गयी। यह प्रशिक्षण पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार की ओर से आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं की भूमिका को सशक्त करना और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उनकी संवैधानिक शक्तियों से परिचित कराना था। प्रशिक्षण का विधिवत शुभारम्भ प्रमुख बरिया देवी और बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने दीप प्रज्वालित कर किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने प्रतिभागियों को पेसा कानून के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा न केवल निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेती है, बल्कि खनन, भूमि उपयोग, जल, जंगल और जमीन से जुड़े मसलों पर भी उसकी राय सर्वोपरि होती है। साथ ही, पारंपरिक सामाजिक व्यवस्थाओं की रक्षा और निगरानी में भी ग्राम सभा की अहम भूमिका होती है। बीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी मास्टर ट्रेनर अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर पेसा अधिनियम से संबंधित जानकारी का प्रचार-प्रसार करें ताकि गांव-गांव में जागरूकता फैले और ग्रामीण अपने अधिकारों को जान सकें। प्रशिक्षण में प्रखंड के प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम मुंडा सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कंडरा के समीप बाइक व साइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दूसरा व्यक्ति घायल है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की मन्हे निवासी 57 वर्षिय कैलू उरांव कोराम्बे स्थित पुराना घर से साइकल से मन्हे जा रहा था। उसी समय विपरीत दिशा से अलौदी निवासी 22 वर्षीय बसिया उरांव अपना मोटरसाइकिल बीआर 4 पी 7500 से आलौदी से घाघरा जा रहा था। उसी दौरान लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर कंडरा के पास दोनों में टक्कर हो गया। जिससे साइकल सवार कैलू उरांव और मोटरसाइकिल सवार बसिया उरांव दोनों घायल हो गये। घटना की सूचना थाना प्रभारी वारिश हुसैन को मिलते ही उनके निर्देश पर एसआइ मनीष कुमार महतो दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना की जानकारी लेते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा जांच कर कैलू उरांव को मृत घोषित कर दिया गया। घायल बसिया उरांव का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में चल रहा है। वहीं कैलू उरांव का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी है।

## समिति की पहल पर मरीज को मिला रक्त



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्रीराम समिति की ओर युवा बढ़ा रहे हैं अपना पांव शहर हो या गांव। जय श्री राम समिति की कार्यों को देखते हुए शहर से लेकर गांव तक युवा पीढ़ी मानवता का परिचय देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। किसी भी आफत में समिति के युवा हमेशा खड़े होकर अपना मानवता का परिचय देते हैं। वहीं बूटी झखरा के समिति सदस्य मुकेश महली की पत्नी जयंती देवी का सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती थी। इलाज के दौरान डॉक्टर द्वारा खून की कमी बतायी गयी। बूटी झखरा जय श्रीराम समिति के सदस्य मुकेश महली ने तत्काल पहल करते हुए जिला कमेटी से संपर्क किया। जिला कमेटी त्वरित पहल करते हुए ब्लॉक मोड़ के सदस्य अभिषेक महतो (मोंटी) से संपर्क किया। मोंटी ने सनातनी एकता का परिचय देते हुए तुरंत सदर अस्पताल पहुंचे और ब्लड डोनेट कर संगठन की मजबूती का परिचय दिया। वही समिति के मुकेश महली जो सेनहा प्रखंड के बूटी गांव के हैं उन्होंने कहा कि आज मुझे पता चला कि संगठन से जुड़ने से हमें कहीं कठिनाई नहीं होती है इसके लिए मैं समिति को हृदय से सम्मान करता हूं। मौके पर जिला महामंत्री प्रदीप साहू अभिषेक महतो (मोंटी) रिशु कुमार मुकेश महली राजमहली के साथ और भी लोग मौजूद थे।

## आंदोलनकरियों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन का शहादत दिवस मनाया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा हरली ने झारखंड के नायक शिबू सोरेन के शहादत दिवस हरली मंदिर चौक में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता केशव महतो ने की उन्होंने आगे कहा कि शिबू सोरेन बिहार से झारखंड अलग राज्य कराने में यह हम भूमिका थे। सभी आंदोलनकारी ने उनके तस्वीर पर पुष्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हरली पंचायत मुखिया कविता देवी, केशव नाथ महतो, सबुर महतो, जगदीश महतो, रूद्र प्रसाद मेहता, उपेंद्र कुमार, राम सुंदर महतो, त्रिवेणी महतो, तिलेश्वरी देवी, संतोष कुमार राणा, भागीरथ महतो, कन्हाई कुमार, धनेश्वर महतो, मुकुट धारी महतो, अनिल प्रसाद दांगी, महेंद्र महतो, खेमलाल महतो, विनय कुमार, कार्तिक महतो, शिवदयाल महतो, बाबूलाल महतो, शिव शंकर पांडे, रूदन महतो, राम प्रसाद महतो, गणेश महतो, भुवनेश्वर महतो, अमित महतो, कार्तिक महतो, सिद्धेश्वर महतो, राम सागर महतो, विजय कुमार, योगेंद्र महतो, शिव शंकर मेहता सहित बड़कागांव प्रखंड के आंदोलनकारी मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 12 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



### समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

# अगले शैक्षणिक सत्र में एक भी सीट खाली ना रहे, सुनिश्चित करें : समीरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस ने सोमवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान जिले में शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रवृत्ति, पोशाक, पाठ्य पुस्तक मध्यान भोजन आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। समीक्षा के क्रम में डीसी ने कहा कि प्राय: ऐसा देखा जाता है कि बच्चों को वितरण किये जाने वाले साइकल को खुले छत में रखने संबंधी खबरें प्रकाशित की जाती है। उन्होंने डीइओ से कहा कि खुले में कोई भी साईकल ना रहे, यह सुनिश्चित करें। इसके अलावे छात्रों के बीच तय समय से साइकल वितरण करना



पदाधिकारियों के साथ बैठक करती डीसी समीरा एस।

सुनिश्चित करें। उन्होंने डीइओ को डीडब्ल्यूयू से बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही। इस दौरान डीइंओ ने बताया कि वित्तिय वर्ष 2024-25 में शिक्षा विभाग द्वारा किये जाने वाले साईकल वितरण के लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया है।

**अगले शैक्षणिक कार्य में आरटीई की प्रक्रिया नवंबर से होगा शुरू :** बैठक में आरटीई के तहत बच्चों के एडमिशन की समीक्षा करते हुए डीसी ने पाया कि आरटीई के तहत कई सीटें खाली रह गयी हैं। इसमें कारण बताया गया कि आवेदन नहीं होने के कारण सीटें खाली रह गयी है। इस विषय पर डीसी ने चिंता जाहिर करते हुए अगले शैक्षणिक सत्र में इस तरह की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिये नवंबर माह से ही आरटीई के तहत एडमिशन की प्रक्रिया को शुरू करने की बात कही। इसे लेकर

## बच्चों और शिक्षकों का इ-विद्यावाहिनी पोर्टल पर अटेंडेंस बनवाना सुनिश्चित करें

**डीसी ने टीचर्स की अटेंडेंस (हाजिरी) की भी समीक्षा की। इस दौरान उंटारी रोड एवं तरहसी में कम हाजिरी होने के कारणों से अवगत हुई। इसके अलावे बच्चों की अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए कहा कि इसमें भी सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने सभी बीपीओ एवं बीइइओ को हर हाल में बच्चों के अटेंडेंस में बढ़ोतरी लाने की दिशा में कार्य करने की बात कही।**

उन्होंने डीएसइ को इस विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने पर बल दिया। इस कार्य के लिये उन्होंने प्रखंड स्तर पर कार्यरत बीआरपी,सीआरपी व अन्य स्टाफ का सहयोग लेने की बात कही। इसके अलावे समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधि, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन की अद्यतन स्थिति, विद्यालय में बच्चों की इनरोलमेंट, स्कूल सर्टिफिकेशन, डिजिटल शिक्षा, साइकिल वितरण, स्कूल किट, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई के माध्यम से चयन, आइसीटी प्रोग्राम एवं स्मार्ट क्लास,किचन गार्डन,विद्यालयों में लाइब्रेरी की उपलब्धता व मध्याह्न भोजन से संबंधित समीक्षा की गयी। इस मौके पर डीडीसी जावेद हुसैन, सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक आदि उपस्थित थे।

# उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना का पलामू जिले में हुआ शुभारंभ

**रामगढ़ के उलडंडा एवं नवाडीह में पीवीटीजी के बीच दस्तावेजों का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी समीरा एस की विशेष पहल उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना का सोमवार को पलामू जिले में शुभारंभ हुआ। रामगढ़ प्रखंड के उलडंडा पंचायत भवन में डीसी, डीडीसी, सहायक समाहर्ता सहित स्थानीय मुखिया ने दीप प्रज्वलन कर इस अभियान की शुरआत की। इसके बाद नवाडीह पंचायत में भी अभियान की शुरूआत की गयी। इसके पूर्व दोनों ही पंचायतों में डीसी के पहुंचने पर परंपरागत तरीके से ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। रामगढ़ पहुंची डीसी ने दोनों ही पंचायतों के लोगों के बीच उनके रोजमर्रा में जरूरत पड़ने वाले दस्तावेजों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र, आयुषमान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन स्वीकृति संबंधी दस्तावेज, स्थानीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, पीएम जनमन आवास से संबंधी दस्तावेज, जॉब कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों का वितरण किया गया। डीसी ने कई बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। इसके अलावे नवाडीह पंचायत में वन पट्टा का भी वितरण किया गया।




## आपके हक और अधिकार देने हम लोग आपके द्वार आये हैं : समीरा एस

अभियान को लेकर डीसी ने पीवीटीजी समुदाय के लोगों से कहा कि आज हम सभी आपके यहां हक एवं अधिकार है वो देने आये हैं। कहा कि आज जो दस्तावेजों का वितरण आप सबके बीच किया गया है, इन सभी को संभाल कर रखें। इन दस्तावेजों के जरिये आप विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। कहा कि उलडंडा में मोबाइल नेटवर्क के अधिष्ठापन को लेकर योजना बनायी जायेगी। कहा कि आज इन दोनों पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत अभियान की शुरूआत की गयी है। कहा कि अभी भी किसी का कुछ दस्तावेज छूट गया है, तो वे बलॉक के कर्मी से बनवा सकते हैं। गौरतलब हो कि उपरोक्त दोनों पंचायतों में दस्तावेजों से छूटे हुए लाभुकों का सर्वे पूर्व में ही करा लिया गया था। इसके बाद सभी से आवेदन भी प्राप्त कर लिये गये थे। इस मौके पर डीडीसी जावेद हुसैन, सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, रामगढ़ बीडीओ, चैनपुर सीओ, स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# कार्यशाला का उद्देश्य विकास कार्यों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाना है: प्रखंड प्रमुख

**हुसैनाबाद में महिला वार्ड सदस्यों का आयोजित हुआ तीन दिवसीय कार्यशाला**

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत सशक्त पंचायत नेत्री अभियान विषय पर महिला वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राज संस्थाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाना है। सशक्त महिला का सशक्त और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सराहनीय योगदान है। महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आत्मविश्वासपूर्वक भाग लेने और अपने एवं अपने समुदाय से जुड़े मुद्दों को




प्रभावशाली ढंग से उठाने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल और स्वच्छता जैसे प्राथमिक विषयों को प्राथमिकता देकर स्थानीय शासन की गुणवत्ता और समावेशिता को बेहतर बनाना है। कार्यशाला में उपस्थित मास्टर ट्रेनर गुड्डी देवी और सिमा देवी ने बताया कि सभी को समय-समय पर बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। इसी कड़ी में आज इस कार्यशाला के माध्यम से सभी महिला वार्ड सदस्य को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। बताया कि प्रशिक्षण सत्र का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर की महिला जनप्रतिनिधियों को योजनाओं, अधिकारों और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी देना है, ताकि वे अपने क्षेत्र में अधिक सशक्त और प्रभावी भूमिका निभा सकें। इस मौके पर मुखिया डब्ल्यू सिंह सहित दर्जनों महिला वार्ड सदस्य उपस्थित थीं।

# विश्रामपुर में हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता अभियान की शुरुआत



**- रंगोली प्रतियोगिता एवं कार्यशाला का आयोजन**

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद की ओर से सोमवार को हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गयी। इसके तहत 10 प्लस 2 जनता उच्च विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को नगर प्रबंधक प्रभात कुमार ने सील्ड एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया। इसके अलावा नगर परिषद कार्यालय सभागार में कार्यशाला भी आयोजित हुआ। जिसमें हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस मौके पर जनता उच्च विद्यालय के प्राचार्य अरुण सिंह, भोला राय, अनिल सिंह, दीपक कुमार, सुमित कुमार, रमेश कुमार, रवि चौधरी और मुबारक अंसारी आदि मौजूद थे।

# डीसी ने कैटेगरी-2 के बालू घाटों की नीलामी को लेकर दिये जरूरी निर्देश

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को बालू घाट के नीलामी को लेकर बैठक हुई। इस दौरान डीसी ने झारखंड बालू खनन की नियमावली 2025 के तहत कैटेगरी-2 के बालू घाटों की नीलामी को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने जानकारी दी कि झारखंड बालू खनन नियमावली, 2025 के अनुसार, नदियों को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। श्रेणी 1 (ग्राम पंचायत पर्यवेक्षण के तहत गैर-व्यावसायिक उपयोग के लिए) और श्रेणी 2 (जिला समिति द्वारा ई-नीलामी के माध्यम से व्यावसायिक खनन के लिए)। डीसी ने बताया कि बालू खनन की नीलामी प्रक्रिया के लिए विभागीय नियमावली तैयार है, जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कहा कि मानसून सत्र के दौरान 10 जून से 15 अक्तूबर तक एनजीटी के दिशा निर्देशों के अनुरूप नदी तल से बालू उठाव एवं परिवहन पूरी तरह वर्जित रहेगा। ऐसे में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध खनन पर शत प्रतिशत रोक लगाना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला खनन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल और डीएमएफटी की टीम आदि उपस्थित थे।



## भाकपा माले का सिंदरी नगर सम्मेलन संपन्न

**सिंदरी/झरिया (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले का नगर सम्मेलन चर्च हाल स्थित राम लायक सिंह नगर में संपन्न हुआ। छह सदस्यीय अध्यक्ष मंडली के नेतृत्व में आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए माले विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि सिंदरी के लोग पिछले दो दशकों से विभिन्न समस्याओ से जूझ रहे है। इससे निजात दिलाने के लिए, भाकपा माले सार्थक प्रयास करेगा। उन्होंने बताया कि भाकपा माले के कार्यकर्ताओं को पूरे साल तक जन हितों को लेकर संघर्ष का कार्यक्रम दिया गया है। हर क्षण भाकपा माले लोगें के साथ उनकी समस्याओ को लेकर संघर्षरत रहेगी। वहीं, राज्य समिति सदस्य सुरेश प्रसाद ने कहा कि भाकपा माले सिंदरी के लोगों के बीच सद्भाव और प्रेम के साथ अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करेगा। इस दौरान राज्य कमेटी के सदस्य कार्तिक प्रसाद हाडी के नेतृत्व में 25 सदस्यीय का गठन किया गया। जबकि राजीव मुखर्जी सचिव बनाये गये हैं। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा महतो ने किया। इस मौके पर नकुल देव सिंह, विमल कुमार, दशरथ ठाकुर, छोटन चटर्जी, सहदेव सिंह, अमर सिंह और पूरण सिंह मौजूद थे ।

# कार्तिक नाथ गोरिनाथ ठाकुर की पहली पुण्यतिथि आज

**देवघर (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध साहित्यकार और साहित्य प्रेमी कार्तिकनाथ गोरिनाथ ठाकुर की पहली पुण्यतिथि मंगलवार को मनायी जायेगी। 82 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया था, जिससे परिवार सहित पूरे शुभेच्छु समाज में गहरा शोक छा गया था। कविता, आलेख और अन्य विद्याओं में उनकी रचनाएं देश की कई प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं। देवघर



साहित्यिक जगत में 'भीष्म पितामह' के रूप में पहचाने जाने वाले ठाकुर का जाना साहित्य संसार के लिए एक अपूरणीय क्षति था। उन्होंने हरिवंश राय बच्चन, वात्स्यायन, नागार्जुन, रेणु जैसे कई दिग्गज साहित्यकारों से अपने गहरे संबंध स्थापित किए थे। उनके विचार और रचनाएं न केवल उनके समकालीनों बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी। साहित्यिक क्षेत्र में उनकी अनुपस्थिति हमेशा महसूस की जाएगी, लेकिन उनकी रचनाएं उन्हें सदा जीवित रखेंगी। परिवार में बेटा आस्तिकनाथ ठाकुर, बहन आर्या नरौने और कविता झा हैं।

# कांवड़ियों की सेवा करने वाले पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**देवघर (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष जागृति मंच की ओर से श्रावण मास में कावड़ियों की सेवा करने वाले झारखंड के पुलिस कर्मियों को अपनी क्षमता अनुसार सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम नेताजी सुभाष जागृति मंच के प्रधान कार्यालय झोसागढ़ी बाजार समिति से होते हुए गौशाला, बजरंगी चौक, बैद्यनाथ धाम रेलवे स्टेशन, बिग बाजार, महिला थाना, टावर चौक, पटेल चौक से जलसार पार्क, हदहदिया पुल, दुर्गा मंदिर के पास अल्पहार-पानी का बोतल वितरित किया गया। इसे सफल बनाने में राजीव सिंह, डॉ राजीव रंजन, गौरव बागची, कृष्ण कुमार ठाकुर, गौतम कर्मकार, उत्तम राय, कृष्ण कुमार गुप्ता, शंकर दास, दीपू झा, संजय जयसवाल, राकेश जयसवाल, अभिजीत दे, आशीष गुप्ता, केंद्रीय अध्यक्ष उदय चक्रवर्ती और जिला अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद शाह आदि की भूमिका सराहनीय रही।



## खुदीराम बोस के शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि

**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** नुनुडीह स्थित एके राय स्मृति भवन परिसर में सोमवार को खुदीराम बोस का 117वां शहादत दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम खुदीराम बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं, अपने संबोधन में मजदूर नेता सबूर गोराई ने कहा कि खुदीराम बोस का जन्म 1889 में हुआ था और 11 अगस्त 1908 को अंग्रेजी हकूमत ने उन्हें फांसी दे दी थी। 19 वर्ष की उम्र में अंग्रेजो के बढ़ते अत्याचार के खिलाफ उन्होंने आदोंलन का बिगुल फूंका और सभी को एकज्जुट करना शुरू किया। जिसके भय से अंग्रेजी हकूमत ने उनको फांसी पर चढ़ा दिया था। कहा कि आज के युवा जो नशे की लत में बढ़ते चले हैं जिससे वह अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उन्हें खुदीराम बोस की जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है जो देश को नई दिशा पर ले जाये। मौके पर सबूर गोराई, बिरेन गोराई, आरएन घोष, मोतीलाल गोराई आदि मौजूद थे।

### डीसी ने सहायक आचार्य नियुक्ति के जिला स्तरीय काउंसलिंग का निरीक्षण किया

# नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें : प्रियेश लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय में सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर चल रहे जिला स्तरीय काउंसलिंग कार्य का सोमवार को निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सहायक आचार्य (6-8 वर्ग) पद के लिए चल रहे काउंसलिंग को लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को निर्देशित भी किया। कहा कि सरकार का आदेश विज्ञापन प्रकाशन में दिये गये मानदंड और नियुक्ति नियमावली के नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिये बनाये गये हेल्प डेस्क द्वारा किये जा रहे कार्यों का




जायजा लिया। गौरतलब हो कि सफल घोषित और अनुशंसित कुल 94 अभ्यर्थियों की (11-12 अगस्त) को समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय में काउंसलिंग की गयी।

## दस्तावेजों का किया जा रहा है सत्यापन

काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों के साथ ही दो-दो स्वप्रमाणित प्रतियों की जांच की जा रही है। ये दस्तावेज दो अलग-अलग फोल्डरों में क्रमवार जमा किये जा रहे हैं। जिन पर अभ्यर्थी का नाम, अनुक्रमांक, विषय, पिता का नाम और श्रेणी स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। दस्तावेजों की जांच के दौरान यदि कोई कमी पाई जाती है, तो मौके पर ही सुधार का विकल्प दिया जाएगा, लेकिन अंतिम निर्णय प्रशासनिक मानकों पर आधारित होगा। इसके अतिरिक्त दस्तावेज सत्यापन के बाद चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापन पत्र जारी किए जाएंगे और उन्हें संबंधित विद्यालयों में नियुक्त कर दिया जाएगा। डीसी के निर्देश पर शिक्षा विभाग और चयन आयोग समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है, ताकि जिले के सरकारी विद्यालयों में योग्य शिक्षकों की बहाली जल्द से जल्द पूरी की जा सके। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमर प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम आदि उपस्थित थे।

## जश्रसं ने किया ऐना आउटसोर्सिंग का कार्य बाधित

**झरिया (आजाद सिपाही)।** जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) ने सोमवार को ऐना आउटसोर्सिंग प्रबंधन पर श्रमिकों की मनमानी तरीके से छंटनी करने और माइंस एक्ट के उल्ल्लंघन का आरोप लगाते हुए आरके अर्थ रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आउटसोर्सिंग का 10 घंटे कार्य ठप कर दिया। इसकी सूचना पाकर झरिया और बोरागढ़ पुलिस ऐना आउटसोर्सिंग पहुंच गयी। इसके बाद ऐना कोलियरी कार्यालय में आंदोलनकारियों, पुलिस और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। एक घंटे चली वार्ता में प्रबंधन ने जश्रसं से 12 दिनों का समय मांगा है। वार्ता में ऐना कोलियरी पीओ बीके झा, बोरागढ़ ओपी प्रभारी निरंजन कुमार, जश्रसं के अमर सिंह और प्रेम गोप आदि मौजूद थे।

## कार्यपालक पदाधिकारी से मिले विधायक प्रतिनिधि, समस्याओं से कराया अवगत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विधायक प्रतिनिधि हेसामुद्दीन अंसारी और कृष्णा कांत यादव उर्फ मुन्ना यादव ने सोमवार को विश्रामपुर नगर परिषद के नव पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने कार्यपालक पदाधिकारी को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। दोनों विधायक प्रतिनिधियों ने कार्यपालक पदाधिकारी को स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। हेसामुद्दीन अंसारी ने उम्मीद जताया कि अब समस्याएं दूर होंगी और नगर परिषद का समुचित विकास होगा। वहीं, कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने कहा कि विकास की गति को तेज करना मेरी पहली प्रथनिकता है। इस मौक पर इम्तियाज अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ डॉ. अनिल गुमला में 16 को

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड के सुप्रसिद्ध नस हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार 16 अगस्त दिन शनिवार को गुमला में रहेंगे। वे पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि ससमय पहुंच कर रोगी डॉ अनिल से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

## गुमला में तिरंगा यात्रा 13 को

गुमला (आजाद सिपाही)। देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर और मां भारती के वीर सपूत हमारे देश की सेना के अदम्य साहस और पराक्रम के परिणाम स्वरूप ऑपरेशन सिंदूर के अपार सफलता के बाद देश के शहीदों और सैनिकों के सम्मान में 13 तारीख दिन बुधवार को गुमला अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गेट वन से एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें शहर के विभिन्न सामाजिक और शिक्षण संस्थाओं तथा सभी प्रबुद्ध नागरिकों से आग्रह किया जाता है कि उक्त तिथि को प्रातः 9:00 बजे शाहिद अल्बर्टा के प्रतिमा के पास एकत्रित होकर तिरंगा यात्रा को सफल बनायें।

## ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच की ऑनलाइन बैठक 12 को

गुमला (आजाद सिपाही)। ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच की प्रमंडल स्तरीय ऑनलाइन बैठक 12 अगस्त 2025 को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है। बैठक में सितंबर माह से 15 नवंबर 2025 तक राज्य स्तर पर होने वाली जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की तैयारी करने, ज्यादा से ज्यादा सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, पल्स, वेलफेयर, इत्यादि दर्जनों-दर्जन ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर जमाकर्ता को जोड़ने, तथा 28 सितंबर 2025 को भगत सिंह जयंती के अवसर पर रांची पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब में आयोजित राज्य स्तरीय कैडर कन्वेंशन को सफल बनाने के अलावे कई विषयों पर बातचीत की जायेगी। बैठक में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह मुख्य रूप से भाग लेंगे।

# लायंस क्लब गुमला को मिले पांच अवार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता




गुमला। लायंस क्लब गुमला को लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 322अ के सत्र 2024-25 के अवार्ड शिरोमणि समारोह में पांच पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। पहले अवार्ड के रूप में आउटस्टैंडिंग क्लब का अवार्ड में लायंस क्लब गुमला ने जिला 322अ में अपना स्थान बनाया। दूसरे अवार्ड में सर्विस प्रोजेक्ट क्लब ने सर्विस प्रोजेक्ट में जिला 322अ में अपना स्थान लाया। सर्विस रिपोर्टिंग अवार्ड में क्लब को सर्विस रिपोर्टिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता क्लब ने फोटोग्राफी प्रतियोगिता में भाग लिया और पूरे जिला में सेकंड प्राइस से नवाजा गया। मोतियाबिंद ऑपरेशन में क्लब को मोतिया निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार ग्रहण करने वालों में पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, पूर्व सचिव अशोक कुमार जायसवाल, ला. दामोदर कसेरा के नाम शामिल हैं। लायंस क्लब गुमला के इस उपलब्धि से क्लब की सेवाभावी गतिविधियों और समर्पण को पहचान मिली है।

बताते चलें कि लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 322अ के सत्र 2024-25 के लिए झारखंड के जमशेदपुर में इस अवार्ड शेरोमणि का आयोजन होटल एनएच हिल्स में किया गया था।

इस समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. सीमा वाजपेई और पूरे कैबिनेट की टीम ने भाग लिया, और जिला 322 के 70 क्लबोन ने पारितोषिक वितरण समारोह में भाग लिया।

# सिरमी में शौच के लिए गयी महिला पर भालू का जानलेवा हमला, रिम्स रेफर

**भालू ने हमला कर महिला के सर के बाल समेत खाल को नोच कर अलग कर दिया उसके आंख, पेट और कमर में गंभीर जख्म है**

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरमी गांव में सोमवार की सुबह शौच करने गयी 49 वर्षीय महिला विरसो देवी पर भालू ने अचानक पीछे से हमला कर दिया। महिला कुछ समझ पाती इससे पहले ही भालू ने हमला कर उसके सर के बाल के खाल को नोच कर अलग कर दिया। उसके आंख, पेट और कमर में गंभीर जख्म है। घटना में महिला का एक आंख फूट गया है। महिला की चीख सुनकर ग्रामीण व परिजन घटना स्थल पहुंचे। शोर शराबा के बाद भालू वहां से भाग गया। इसके बाद महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गुमला भेज दिया गया। सोमवार की सुबह 10 बजे उसे सदर अस्पताल लाया गया। इधर सदर अस्पताल में इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। उसके सर के बाल की खाल को परिजन अपने साथ रिम्स लेते गये। घटना में महिला के सिर का आधा खाल उजड़ गया है। महिला की स्थिति काफी गंभीर है। महिला की बेटी ने बताया तीन-चार वर्ष पूर्व पूरे गांव में घर-घर शौचालय प्रशासन द्वारा बनाया गया था, लेकिन सभी शौचालय खराब हो गये हैं। मजबूरी में महिलाओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है।

# छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



सिसई। स्कूली बच्चों का मार्ग सुगम बनाने के लिए झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'उन्नति का पहिया' के तहत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिसई के निर्देश अनुरूप 11अगस्त 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2025 - 26 के कक्षा आठवीं के एसटी, एससी, ओबीसी एवं माइनॉरिटी श्रेणी के तीन विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के बीच मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सह कुदरा पंचायत मुखिया प्रकाश उरांव एवं नगर पंचायत मुखिया रवि उरांव ने कुल 139 साइकिलों का वितरण किया।

जिसमें राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोड़ेदाग - 59 , राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवनाथपुर - 41, एवं राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लठदाग - 39 छात्र एवं छात्राओं को साइकिल दी गयी।

विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से बच्चे शिक्षा ग्रहण करने विद्यालय आते हैं। विद्यालय आने जाने में बच्चों को बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण बच्चे विद्यालय से ड्रॉपआउट कर लेते हैं। वहीं साइकिल मिलने पर सभी बच्चे बहुत उत्साहित नजर आ रहे थे उनके चेहरे पर खुशियां झलक रही थी।

बच्चों ने कहा कि हमें विद्यालय आने जाने में काफी कठिनाई होती थी पैदल ही विद्यालय जाना पड़ता था इसके वजह से हमेशा विद्यालय के लिए लेट हो जाते थे और कभी कभी तो विद्यालय ही नहीं जा पाते थे। जिसके कारण हमारी पढ़ाई बाधित हो रही थी।

मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शैलेश प्रसाद यादव, तीनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहित जेएमएम के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीएलएफआइ के बंदी का कामडारा और पोकला में दिखा व्यापक असर

कामडारा (आजाद सिपाही)। पीएलएफआई संगठन के द्वारा आहूत बंदी को लेकर सोमवार को कामडारा व पोकला में बंदी का व्यापक असर देखा गया। रोज की तरह सोमवार को भी सभी दुकानें खुली परंतू बंदी की खबर लगते ही कामडारा व पोकला की सभी छोटी - बड़ी दुकानें स्वतः बंद कर दी गयी। विदित हो कि बीते 5 अगस्त की रात्रि कामडारा थाना क्षेत्र के चंगाबारी वन टोली में पुलिस मुठभेड़ में 15 लाख के ईनामी पीएलएफआई नक्सली मार्टिन केरकेट्टा को मार गिराया गया था। जबकि मुठभेड़ की घटना में शामिल अमृत होरो उर्फ मेचो समेत अन्य उग्रवादी भागने में कामयाब रहे थे। सोमवार को रांची से प्रकाशित दैनिक अखबार में बंदी की खबर तेजी से वायरल होने के बाद कामडारा - पोकला में बंदी असरदार हो गया। अमृत उर्फ मेचो के हवाले से प्रकाशित खबर में संगठन का दावा है कि फर्जी एनकाउंटर में मार्टिन को मारा गया है।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का किया प्रयास, इलाज जारी

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के पतिया निवासी 18 वर्षीय युवक ने रविवार की रात 9:00 बजे चूहा मारने वाला कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आये, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लड़की प्रेमी के बड़े भाई की पत्नी की चाची की बेटी है। दोनों एक शादी में मिले थे, जिसके बाद दोनों में प्यार हो गया। लड़की के नाबालिग होने के कारण परिजन दोनों का विवाह नहीं कर रहे हैं। रविवार को दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद युवक ने घर में रखा चूहे मारने वाला कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

# गुमला-रांची एनएच फोरलेन बाइपास में खुला अत्याधुनिक सुविधा युक्त 'अंकू ढाबा'

**ढाबा के संचालक ने बताया कि यहां पर शाकाहारी, मांसाहारी भोजन सहित चाइनीज एवं साउथ इंडियन फूड का उत्तम व्यवस्था मिलेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



सिसई। प्रखंड के गुमला रांची एनएच 23 फोरलेन बाईपास में बूढ़ा महादेव के समीप अंकू ढाबा खोला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह में अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, वार्ड सदस्य रीता देवी, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के संरक्षक मुकेश श्रीवास्तव डेविड, रोहित शर्मा, समाज सेवी डॉ कुमार एवं जनार्दन साहु शामिल हुए।

ढाबा के संचालक बजरंग साहु ने ग्राहकों को मिलने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह ढाबा अत्याधुनिक सुविधा युक्त है और इसमें शाकाहारी, मांसाहारी भोजन सहित चाइनीज एवं साउथ इंडियन फूड का उत्तम व्यवस्था मिलेगा।

**शुद्धता और स्वच्छता पर विशेष जोर :** ढाबे के संचालक ने कहा कि फूड सेफ्टी मानक के अनुसार सभी प्रकार के व्यंजनों को अच्छी क्वालिटी के फूड सामग्रियों से बनाया जायेगा। वहीं उन्होंने स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ग्राहकों को पीने का शुद्ध पानी तथा बैठने के लिए स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर सोनू साहु, नागेंद्र साहु, धनेश्वर साहु, ओमप्रकाश साहु, तरुण साहु, आलोक साहु, आनंद साहु, लालू साहु, इंदु देवी, संतोषी देवी, पुष्पा देवी, जानकी देवी, सालों देवी, अंजू देवी, इंद्राणी देवी, विधवानी कुमारी, संपति देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

# बघिमा में घर की दीवार गिरने से तीन घायल, मासूम की हालत नाजुक

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत बघिमा गांव में घर का दीवाल गिरने से विशाल राम उसकी पत्नी रानी देवी और ढाई वर्ष का पुत्र निशांत कुमार घायल हो गये। सोमवार के सुबह 8:30 तीनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। घटना में पुत्र को सीने में गंभीर चोट लगी है। जबकि पति-पत्नी को पैर में चोट लगी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सुबह पत्नी अपने पति के लिए चाय बना रही थी। बेटा भी पास में खेल रहा था। एक दो-तीन माह पूर्व घर के अंदर मिट्टी और ईंट का दीवार उठाया गया था। लगातार बारिश होने के कारण नीचे का जमीन गीला हो गया था। इसी बीच दीवार नीचे धसने लगा और गिरने लगा। पति दीवार को गिरता देख उसे अपने हाथों से रोकने की कोशिश की पत्नी बेटे को हटाने लगी। इसी बीच दीवार भरभरा कर गिर गया। जिससे उसका ढाई वर्ष का पुत्र दीवार के नीचे दब गया। घायल पति-पत्नी किसी तरह ईंटों को हटाए और उसे बाहर निकाला इस घटना में पति-पत्नी को भी चोट लगी है। तत्काल बच्चे को सदर अस्पताल लाया गया, जहां वह इलाजरत है।

## सांप के फूफकार से युवक के दोनों हाथों में जलन

गुमला (आजाद सिपाही)। घाघरा थाना क्षेत्र के सही जाना गांव निवासी 40 वर्षीय संजय उरांव रविवार की शाम को बेटी से मिलने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जा रहे थे, जहां बेटी हॉस्टल में रहकर सातवीं कक्षा में पढ़ाई करती है। इसी बीच गांव के पास सड़क खराब होने के कारण अनियंत्रित होकर बाइक सहित झाड़ी में गिर गया। वहीं झाड़ी में एक सांप ने फूफकार मारा, जो उसके दोनों हाथों में आया। इसके बाद उसे किसी तरह उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए रविवार की रात 10 बजे सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक संजय की पत्नी अपनी बेटी से मिलने विद्यालय गयी थी।

## कामडारा थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसे में दो युवक और दो महिलाएं घायल




कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा थाना क्षेत्र में सोमवार को दो अलग-अलग सड़क हादसे की घटना में दो युवक व दो महिलाएं घायल हो गयीं। घायलों में एक महिला को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गुमला रेफर किया गया। बकसपुर गांव निवासी अजय महली अपनी बाइक से पत्नी सुमन कुमारी के साथ कामडारा आ रहा था। इसी क्रम में कामडारा सीएनआई चर्च के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया, जिसमें युवक घायल हो गया। वहीं पत्नी को आंशिक चोटें लगी है। दूसरी घटना में लतरा जर्रा टोली गांव निवासी मतियस केरकेट्टा अपनी पत्नी सुकरो कुमारी और डेढ़ साल का बच्चा अश्विन केरकेट्टा के साथ बाइक पर सवार होकर कामडारा की ओर आ रहा था। इसी क्रम में कोटबो गांव के समीप पत्नी की साड़ी मोटरसाइकिल के पहिये में जा फंसा और अनियंत्रित होकर सभी सड़क पर जा गिरे। घटना में महिला सुकरो कुमारी को गंभीर चोटें लगी है। मोटरसाइकिल चालक पति मतियस केरकेट्टा व पुत्र को आंशिक चोटें लगी है। स्थानीय लोगों की सहायता से सभी को कामडारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार सबों का किया गया।

# पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



घाघरा। नवयुवक सरना संचालन समिति के तत्वावधान में घाघरा हाई स्कूल मैदान में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत सोमवार को की गयी। उद्घाटन समारोह में कांग्रेस पार्टी के बिशुनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत, थाना एएसआई सुचित कुमार, पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी, शिला रानी, समिति के अध्यक्ष समीर भगत ने संयुक्त रूप से सीता फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट में कुल 32 टीम शामिल हुए। इस मौके पर आदित्य भगत ने खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए खेल के महत्व, अनुशासन और टीम भावना को विशेष प्राथमिकता देने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि यह युवाओं को नशामुक्त और समाज के प्रति जिम्मेदार बनाता है। इधर इस मौके पर मैदान में उत्साह का माहौल देखने को मिला। वहीं मौजूद आयोजन समिति के अध्यक्ष समीर उरांव ने बताया कि टूर्नामेंट में आसपास के कई क्षेत्रों की टीमें भाग ले रही हैं और फाइनल मुकाबला स्वतंत्रता दिवस के दिन खेला जायेगा। इस मौके पर भूपेंद्र नाथ राम, झड़ी उरांव, बालकिशुन उरांव, गौतम धारा मिंज, सोमारी देवी, नारायण उरांव, सुनीता भगत सहित कई खिलाड़ी खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सड़क हादसे में घायल डीएसपी रोड निवासी 35 वर्षीय प्रदीप कंसारी की इलाज के दौरान सोमवार की शाम 6 बजे मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार प्रदीप कंसारी शुक्रवार की सुबह घर से काम करने के लिए जशपुर रोड स्थित एक होटल गया था। जहां सड़क पार करने के दौरान रायडीह की ओर से आ रहे एक कार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में होटल के संचालक के द्वारा गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान प्रदीप की मौत हो गयी। इस संबंध में मृतक के भाई ने गुमला थाना में आवेदन सौंप कर उक्त कार चालक के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद कार चालक तेज रफ्तार में सदर अस्पताल की ओर फरार हो गया। मृतक का 2 वर्ष का एक बेटा है जबकि उसकी पत्नी 7 माह की गर्भवती है।

## वृद्ध व्यक्ति की कुआं में डूबने से मौत

घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा थाना क्षेत्र के दोदांग पाकरटोली गांव में वृद्ध व्यक्ति सुखराम उरांव की कुआं में डूबने से मौत हो गयी। वहीं पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मृतक के परिजन ने बताया कि सुखराम घर से कुछ दूर स्थित कुआं में नहाने की बात कह कर निकला था। कुआं के पास पहुंचा। अंदेशा लगाया गया कि कुआं से पानी निकालने के क्रम में सुखराम फिसल कर कुएं में जा गिरा, जिससे उसकी मौत कुआं में डूबने से हो गयी।

## बाइक में साड़ी फंसने से गर्भवती महिला गिरकर घायल, रिम्स रेफर

गुमला (आजाद सिपाही)। जिले के कामडरा थाना छेत्र के कोटबो लतरा कोसा गांव निवासी 24 वर्षीय गर्भवती महिला सुकरो कुमारी बाइक में साड़ी फंसने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। जबकि उसके पति मतीयस केरकेट्टा को भी चोट आयी है। स्थानीय लोगो की मदद से दोनो पति पत्नी को इलाज के लिए कामडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों पति पत्नी को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के बाद पति की स्थिति ठीक है। मगर पत्नी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को भी चोट लगने की संभावना को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। पति ने बताया कि पत्नी के गर्भवती होने के कारण वे लोग बाइक पर सवार होकर डॉक्टर से चेकअप कराने लतरा गांव जा रहे थे। तभी बाइक के पीछे बैठी पत्नी का साड़ी फंस गया, जिसके बाद वह गिर कर घायल हो गयी। इस दौरान बाइक भी दुर्घनाग्रस्त हो गया, जिससे वे भी घायल हो गये।

## जंगल में फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव



घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बीमरला टोंका टोली निवासी लगभग 23 वर्षीय सुमित तिर्की का शव रविवार की देर शाम जंगल से फंदे में झूलते हुए बरामद किया है। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची घाघरा पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक की मां बेरथा तिर्की ने बताया कि उसका बेटा शराब की नशे में हमेशा रहता था और आंशिक विक्षिप्त भी था। पिछले शनिवार की अहले सुबह वह घर से निकला था, जिसके बाद से वह लौटकर नहीं आया। काफी खोज बिन किया गया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। घर से लगभग ढाई किलोमीटर दूर जमगई टोंगरी नामक जंगल में जब ग्रामीण बैल चराने के लिए पहुंचे तो एक पेड़ में झूलता हुआ शव देखा, जिसके बाद चर्चा गांव में फैलने लगी। चर्चा सुनते ही परिजन घटनास्थल पहुंचे और मृतक की मां ने शव को अपने बेटा के रूप में पहचान किया। शव से गंध आने लगा है, जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि शनिवार की सुबह ही उसकी मौत हुई है। 3 दिन बीत जाने के कारण शव से गंध आ रहा है।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN – U40108JH2013-SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, RAMGARH RAMGARH, PIN – 829122**

**E-Tender Notice**

E-tenders are invited from reputed tenderers having good experience in following similar type of Civil works and having sound certified financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of work | Estimated cost (InRs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (GST18% Included) Non-refundable(In Rs.) | Time of Completion (In Day) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 138/PR/JBVNL /2025-26 | R&M of toilet and provision of water supply system with APP of old office block at Electric Supply Sub- Division office,Bhurkunda. | 3,97,500.00/- | 8000.00/- | 885.00/- | 90 days |
| 02 | 139/PR/JBVNL /2025-26 | R&M of Sl no.F02 staff quarter under ESC Ramgarh premises. | 3,53,800.00/ - | 7100.00/- | 885.00/- | 90 days |
| 03 | 140/PR/JBVNL /2025-26 | Construction of approach path from E/S/C Ramgarh to Electric Supply Section, Ramgarh. | 7,11,000.00/ - | 14300.00/- | 1475.00/- | 60 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | 11/08/2025 From 02.00 PM |
| Last date and time for uploading of e-Tender | 31/08/2025 up to 03:00 PM |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money | 01/09/2025 up to 03:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 02/09/2025 At 02:00 PM |
| Date and time for opening of tender Part-II (Price Part) | To be communicated further |
| Tendering officer and address for communication | E.S.E, Electric Supply Circle, Ramgarh |

1. E-tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline No. **06034-222109**, for any clarification regarding NIT contact no. **065553-231987**
2. Demand Draft from any nationalized bank/Schedule bank in India towards cost of BOQ and Earnest Money will be prepared within the tender period in favour of **Accounts Officer, Electric Supply Circle, Ramgarhpayable at Ramgarh.**
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electric Supply Circle, Ramgarh

PR.NO.359338 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26):D

# धनबाद जिला परिषद सभागार में दी गयी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सभागार में सोमवार को शोक सभा आयोजित कर दिशोम गुरु स्व शिबू सोरेन श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही उनके संघर्ष और आदर्शों को याद किया गया। उक्त शोक समारोह जिप अध्यक्षता शारदा सिंह की अगुवाई में आयोजित किया गया था। इस दौरान शारदा सिंह ने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन के निधन से हम सभी को गहरा दुख हुआ है। उनके दिखाये राह पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान सभी ने शिबू सोरेन के योगदान और समर्पण को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# पिता-पुत्र का शव बरामद, दहशत

## बेटे का शव पेड़ लटका था, से तो पिता जमीन पर मिला मृत, जांच में जुटी पुलिस

- प्राथमिक जांच में जहर खाने से पिता की मौत की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिरटांड/धनबाद।** जिले के पिरटांड़ थाना क्षेत्र के चिरकी में रविवार को पिता और पुत्र का शव बरामद होने का मामला सामने आया है। इससे पूरे देश में मातम के साथ ही दहशत का माहौल है। उनकी पहचान सोनाराम हेंब्रम और राजू हेंब्रम (पुत्र) के रूप में हुई है। दोनों शनिवार की सुबह आठ बजे से ही लापता थे। जब पिता सोनाराम अपने मंझले बेटा राजू को ढूंढने के लिये निकले लेकिन देर रात तक वह भी घर नहीं पहुंचे। इससे परिवार के अन्य सदस्यों की चिंता बढ़ गयी। उन लोगों ने ग्रामीणों की मदद से पिता-पुत्र की तलाश शुरू की तो पुत्र राजू हेंब्रम का शव पेड़ से लटकता बरामद हुआ। जबकि पिता सोनाराम हेंब्रम का शव जमीन पर पड़ा था। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर पाते ही पीरटांड़ पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पता चला है कि सोनाराम की मौत जहर खाने से हुई है। हालांकि समाचार लिखे जाने से मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच कर रही है।



शव के पास रोते-बिलखते परिजन।

# दोस्तों के साथ मैथन डैम में नहाने गया युवक डूबा

- चार घंटे बीत जाने के बाद भी बरामद नहीं हुआ शव




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मैथन ओपी क्षेत्र स्थित मैथन स्पोर्ट्स होस्टल इंटेक बेल के समीप नहाने के दौरान डूब जाने से एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान नरहरी कुमार राम के रूप में हुई है। वह निरसा के खुदिया फाटक का रहने वाला था। उधर, घटना की सूचना मिलते ही एग्यारकुण्ड सीओ कृष्ण कुमार मरांडी, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन मौके पर पहुंचे और डूबे युवक को स्थानीय गोताखोर की सहायता से तलाश शुरू कर दी। करीब तीन घंटे के लगातार मशक्क्त के बाद भी स्थानीय गोताखोर युवक की तलाश नहीं कर सके। रात सात बजे अंधेरा होने के कारण तलाश रोक दिया गया। बताया जा राह कि एनडीआरएफ की टीम से संपर्क किया जा रहा है। उधर, निरसा के पूर्व मुखिया सह समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि नरहरी राम चार अन्य दोस्तों के साथ नहाने गया था। सभी डैम के किनारे नहा रहे थे। नरहरी तैरना जानता था। इसीलिए वह तैरते हुए आगे चला गया और गहरायी में जाने से डूब गया। बतातें चलें कि करीब दो साल पहले ही नरहरी राम के पिता की भी मौत हो गई थी। उसके बाद इसका छोटा भाई की भी करंट लगने से मौत हो गई। अब जब पिता की जगह नरहरी राम को नौकरी लगने वाली थी, लेकिन उसकी भी डैम में डूबने से मौत हो गई। पता चला है कि कुछ माह पहले ही इसी स्थान पर एक युवक की मौत हुई थी।

# युवाओं के कौशल विकास के लिए बीसीसीएल और सीपेट रायपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- कंपनी की सीएसआर पहल के तहत 120 परियोजना प्रभावित अभ्यर्थियों को मिलेगा तकनीकी प्रशिक्षण
- प्रतिष्ठित पेट्रोकेमिकल संस्थानों में मिलेंगें रोजगार के अवसर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट), रायपुर के बीच सोमवार को महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। इसके तहत बीसीसीएल के परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के 120 अभ्यर्थियों को बीसीसीएल सीएसआर पहल के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। चार माह की अवधि के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभ्यर्थियों को मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रोसेसिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो मोल्डिंग, प्लास्टिक एक्सट्रूजन, टूल रूम और मशीन ऑपरेटर एवं प्रोग्रामर-सीएनसी मिलिंग, सीएनसी लेथ जैसे विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षित किया जायेगा। कोयला भवन मुख्यालय में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर समारोह में बीसीसीएल की ओर से निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया के अलावा महाप्रबंधक (सीएसआर) कुमार मनोज और सीएसआर टीम उपस्थित रही। जबकि सीपेट रायपुर की ओर से प्रबंधक (तकनीकी) रविंद्र रेड्डी एवं सहायक तकनीकी अधिकारी एस पृथ्वीराज उपस्थित रहे। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया ने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता केवल उसके मूल कार्यों एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में नहीं, बल्कि उसके सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में निहित होती है। आज का यह समझौता ज्ञापन हमारे इसी संकल्प का एक उदाहरण है। परियोजना का उद्देश्य चयनित अभ्यर्थियों को केवल तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना नहीं, बल्कि कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाना है, जो उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर के साथ उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला सकें। बीसीसीएल खनन गतिविधियों के साथ अपने सीएसआर प्रयासों के तहत स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं के जीवन स्तर बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। गौरतलब हो कि करीब 82.04 लाख रुपये की अनुमानित लागत से क्रियान्वित इस परियोजना के लिए बीसीसीएल और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट) रायपुर की संयुक्त टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर संभावित उम्मीदवारों से सीधा संवाद किया, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित मानकों और मौजूदा एसओपी के अनुसार 120 युवाओं का चयन किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों को प्रतिष्ठित पेट्रोकेमिकल संस्थानों में प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान की जाएगी, जिससे ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर और वंचित परिवारों के लिए सतत आजीविका का मार्ग प्रशस्त होगा।

# नर्स से दुष्कर्म के आरोपित डॉक्टर की जमानत याचिका गिरिडीह कोर्ट से खारिज

- 32 दिन बाद भी आरोपी फरार, प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह/बिरनी।** जिले के बिरनी प्रखंड के बरमसिया राजधनवार मुख्यमार्ग स्थित मां अंबे नर्सिंग एवं प्रसूति केंद्र के संचालक डॉ चंदन राणा पर उसी नर्सिंग होम में कार्यरत एक नर्स ने दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी डॉक्टर ने बहला-फुसलाकर रात में उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। विरोध करने और शोर मचाने पर डॉक्टर मौके से फरार हो गया। घटना को आज 32 दिन बीत हैं, लेकिन आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उसका सुराग तक नहीं मिला। सूत्रों की मानें तो आरोपी डॉक्टर की जमानत याचिका भी अदालत ने खारिज कर दी है। बावजूद इसके पुलिस उसे पकड़ने में नाकाम है। उधर, घटना के बाद से मां अंबे नर्सिंग होम पूरी तरह सुनसान है। डॉक्टर, नर्स और अन्य कर्मचारी नदारत हैं। जबकि डॉ चंदन राणा का मोबाइल फोन भी लगातार बंद है।

### एफआईआर दर्ज, लेकिन कार्रवाई नहीं

**बिरनी थाना में पीड़िता के आवेदन पर कांड संख्या 191/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। लेकिन यह जांच कितनी धीमी है, यह 32 दिनों में गिरफ्तारी न होने से साफ है। वहीं, स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब डॉक्टर ही बलात्कारी निकल जाये, तो बेटियों की सुरक्षा कौन करेगा। अगर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला पूरे समाज के लिए खतरे की घंटी है।**

# बोकारो डीसी का फर्जी फेसबुक अकाउंट, जांच शुरू

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीसी अजय नाथ झा के नाम एवं प्रोफाइल फोटो का दुरुपयोग कर फर्जी फेसबुक आइडी बनाने का मामला प्रकाश में आया है। इस फर्जी फेसबुक आईडी के माध्यम से दूसरों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भी भेजा जा रहा हैं। इस संबंध में डीसी ने आमजनों को सतर्क रहने की अपील की है। कहा कि यदि किसी अनधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट या फोन नंबर से पैसों की मांग की जाती है या किसी प्रकार का प्रलोभन/लिंक भेजा जाता है, तो उसे तुरंत ब्लॉक कर फेसबुक को रिपोर्ट करें। साथ ही, मैसेंजर एवं किसी भी संदिग्ध मैसेज या लिंक को क्लिक करने से बचें। यदि किसी व्यक्ति की निजी जानकारी का दुरुपयोग हुआ है या आर्थिक क्षति हुई है, तो वह इसकी शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल या अपने निकटवर्ती थाना में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस मामले की जानकारी जिला पुलिस को दी गई है एवंअग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# परामर्श-आवेदन शिविर में शामिल हुए विस्थापित युवा




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन एवं बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) की संयुक्त पहल कौशल विद्या मंदिर के अतहत विस्थापित गांवों के वैध पंजीकृत प्रमाणपत्र धारक युवाओं के लिए आयोजित एक दिवसीय परामर्श एवं आवेदन शिविर सोमवार को टाउन हॉल सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें जिले के विभिन्न विस्थापित गांवों से आए काफी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। शिविर में विशेषज्ञ टीम द्वारा कैरियर परामर्श, दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश परीक्षा की प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी की गई। इस अवसर पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने युवाओं को उपलब्ध निःशुल्क कोचिंग, रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें आवेदन प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला प्रशासन-बीएसएल प्रबंधन ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह पहल युवाओं को सरकारी-पीएसयू-निजी क्षेत्र में रोजगार के साथ ही स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी।

# 'छोटे-छोटे बच्चे जान जोखिम में डाल नदी पार कर स्कूल जाने को मजबूर'



**पीरटांड़ (आजाद सिपाही)।** पीरटांड़ के बच्चों को आज भी जान हथेली पर रखकर स्कूल जाना पड़ रहा है। बतातें चलें कि पारसनाथ की तलहटी में बसे कई आदिवासी गांव जहां की आबादी करीब 1000 है। यहां के 70 से 80 बच्चे अपने गांव जराबाद से शुक्रवार को ठूंठाबेडा उत्क्रमित मध्य विद्यालय जा रहे थे। पर भारी बारिश के कारण नदी का स्तर इतना बढ़ गया था कि बच्चे बीच नदी में ही फंस गये थे। आसपास के लोगों ने किसी तरह बच्चों को नदी पार कराया। अब सोचने वाली बात यह है कि जराबाद जाने-आने का यह इकलौता रास्ता है। इसके अलावा इस गांव के पास कोई दूसरा रास्ता नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि भारी बारिश के कारण यह गांव पूरा जलमग्न हो जाता है। लेकिन इस गांव की ओर किसी का ध्यान ही नहीं है। कई बार प्रशासन को इस बारे में लिखित जानकारी दी गयी, लेकिन आज तक इसका निदान नहीं हो पाया। यह समस्या सिर्फ मधुबन के जराबाद कि नहीं, बल्कि यह पीरटांड़ के गांव की समस्या भी ठीक इसी प्रकार की है। प्लस टू हाई स्कूल कुम्हरलालो जाने वाले स्कूली बच्चों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कुलमती नदी में जब बारिश के दिनों में पूरा पानी भर जाता है तो बच्चे जान जोखिम में डालकर नदी पार करते को मजबूर होते हैं। लेकिन विकास के नाम पर यहां सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है।

# लुगुबुरू में लगेगी गुरुजी की आदमकद प्रतिमा

- डीसी ने समाज के लोगों को स्थान चिन्हित करने को कहा
- बोकारो को नशे से मुक्ति, शिक्षा का विस्तार और समग्र विकास यही बाबा दिशोम गुरु को हमारी ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विश्व आदिवासी दिवस 2025 के अवसर पर जिला प्रशासन-आदिवासी समाज की ओर से दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन को समर्पित श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गोमिया प्रखंड के ललपनिया पंचायत के लुगुबुरू में किया गया। इसमें डीसी अजय नाथ झा, एसपी हरविंदर सिंह सहित जिले के अन्य पदाधिकारी और आदिवासी समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान दिशोम गुरु के जीवन, संघर्ष और आदिवासी चेतना के प्रति उनके योगदान को भावपूर्ण ढंग से याद किया गया। अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि बोकारो को नशामुक्त बनाना और शिक्षा को हर घर तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। नशे से मुक्ति, शिक्षा का विस्तार और समग्र विकास यही बाबा दिशोम गुरु को हमारी ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिले का एक भी बच्चा बुनियादी शिक्षा से वंचित नहीं हो, इसके लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। सभी का नामांकन आंगनबाड़ी केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय से उच्च विद्यालय में हो, इसकी निगरानी की जाएगी। कहा कि नशा और सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, कौशल और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ना ही भविष्य को उज्जवल बनाएगा। डीसी ने बताया कि बाबा शिबू सोरेन की लुगुबुरू में आदमकद प्रतिमा बनेगी। इसके लिए समाज के लोगों से स्थान चिन्हित करने को कहा गया। वहीं, एसपी ने बाबा शिबू सोरेन के जीवनी, उनके संघर्ष के संबंध में बताया। इसके बाद डीसी और एसपी ने बाबा लुगुबुरू के मंदिर में पूजा-अर्चना की। वहीं, बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ ने भी कहा कि बाबा दिशोम गुरु द्वारा सूदखोरी और महाजनीय प्रथा के विरुद्ध किए गए आंदोलन एवं किसानों, दलित पीड़ित वर्गों के शोषण को बंद करने के लिए किये कार्य को भुलाया नहीं जा सकता।

# महर्षि सदाफल देव की 138वीं जयंती पर मैथन में 5100 कुंडीय विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन आज से



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ब्रह्म विद्या विहंगम योग के प्रणेता महर्षि सदाफल देव जी की 138वी जयंती पर मैथन स्थित गोगना में दो दिवसीय 5100 कुंडलीय महायज्ञ अनुष्ठान का आयोजन शुरु होने जा रहा है।जिसमें आसपास के सैकड़ों लोगों के साथ हजारों अनुयायी शामिल होंगे। 5100 कुंडलीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ मंगलवार की सुबह 10 बजे से शुरु होगा। दोनों दिन शाम में संत प्रवर जी की दिव्यवाणी होगी और 13 अगस्त की रात में न्यू जर्सी से सदगुरु देव जी की अमृतवाणी भी ऑनलाइन प्रसारित की जायेगी। इस पूरे आयोजन में करीब 10 से 15 हजार श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। उक्त बातें समारोह में आये सदस्यों ने संवाददाता सम्मेलन कर दी।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा**

**शुद्धि – पत्र**

इस कार्यालय के ज्ञापांक–645, दिनांक–07.08.2025 द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना अन्तर्गत आमंत्रित अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्यां–**05(RI)/2025-26/RWD/EE/KODERMA,** दिनांक–**07.08.2025, PR-359202 Rural Work Department(2025-26)** से प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,
कोडरमा

PR 359312 Rural Work Department(25-26)#D

# फोटो खिंचवाने और सुर्खियों में बने रहने के लिए सांसद ढुल्लू महतो ने सड़क पर की नौटंकी: प्रभात सुरोलिया

- कहा- जिस गड्ढे को भरवाया गया वह अब कीचड में तब्दील होकर जानलेवा बन गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला कांग्रेस व्यापार एवं उद्योग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रभात सुरोलिया ने सांसद ढुल्लू महतो पर सुर्खियों में बने रहने और फोटो खिंचवाने के लिए शुक्रवार और शनिवार को सड़क पर नौटंकी की थी। वह उनका राजनीतिक ड्रामा था। गया पुल अंडरपास के नीचे सड़क के गड्ढों को भरवाया तो जरूर गया, लेकिन दुख की बात है कि जिस तामझाम के साथ सड़क की मरम्मति करने का दिखावा किया गया वह रातभर भी नहीं टिकी। सुबह होते ही जनता को परेशानी होने लगी और चारों ओर कीचड़ फैल गया। गड्ढों की संख्या सांसद के वादों से भी ज्यादा हो चुकी है, जो बाइक चालकों के लिए जानलेवा बन चुकी है। यह स्पष्ट है कि अगर सांसद ढुल्लू महतो तामझाम और ड्रामेबाजी में समय गंवाने के बजाय जमीनी हकीकत पर काम करते, तो जनता को सड़क की समस्या से जूझना नहीं पड़ता। गया पुल के दूसरे अंडरपास का काम झारखंड सरकार ने पहले ही वर्क ऑर्डर अलॉट कर दिया था, लेकिन रेलवे ने रोक लगा दी और पुनः परमिशन (एनओसी) लेने को कहा है। सवाल है कि सांसद वहां क्यों नहीं ताल ठोक रहे? क्यों रेलवे से मिलकर जनता के लिए जरूरी एनओसी दिलवा नहीं रहे हैं, ताकि दूसरा अंडर पास भी अविलंब बनकर तैयार हो जाए और जनता को जाम कि समस्या से छुटकारा मिल सके। उन्होंने कहा कि इस घटिया निर्माण और जनता के साथ हुए छलावे की कड़ी शब्दों में निंदा करते हैं। साथ ही प्रशासन से अपील है कि जल्द से जल्द विभागीय स्तर पर एक मजबूत सड़क का निर्माण किया जाये। धनबाद की जनता को विकास के नाम पर फोटो खिंचवाना और रात की नौटंकी नहीं, बल्कि टिकाऊ और सुरक्षित सड़क चाहिए।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, रॉंची**

**अल्पकालिन निविदा /कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–43/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 22.08.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23.08.2025 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.08.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Main Building and Construction Boundary Wall of E Type Qtr No-104 in Sector-02 at HEC, Dhurwa, Ranchi. | 31,36,600.00 | 5000.00 | 63000.00 | Four Months |

नोट : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2,रॉंची

PR 359325 Building(25-26).D

# झारखंड में नेत्रदान जागरूकता का बड़ा श्रेय हरिनारायण सिंह को : डॉ भारती कश्यप







**डॉ भारती कश्यप**

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन की सूचना पर मैं स्तबध रह गयी। आज हम उन्हें नेत्र दान जागरूकता अभियान के शुरूआती दौर में उनकी पहल के लिए याद करते हैं। बात उन दिनों की है, जब झारखंड का पहला नेत्र प्रत्योरोपण झारखंड में स्वर्गीय हरि प्रसाद के मृत्युपरांत नेत्र दान से शुरू हुआ था। हमें इसके लिए समाज में जनजागरूकता अभियान बहुत बड़े तरीके से चलाने की जरूरत पड़ रही थी। तो हमने वर्ष 2002 में पहला नेत्रदान अभियान राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े में आयोजित किया, तो उसमें प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आने की बात हुई। जब सब प्रोग्राम निर्धारित हो गया, लेकिन अंतिम समय में कुछ कारण से प्रोग्राम में स्थगित होने जैसा लगा। ऐसी स्थिति में तत्कालीन डीपीएस के प्रिंसपल महेश बरेजा जो हमारे बहुत ही घनिष्ठ मित्र हैं, उन्होंने हरिजी को, जिन्हें हरि भइया कह कर बुलाते थे। उन्हें हमारे पास लेकर आये। हरिजी आये और उन्होंने हमारी परेशानी सुनी, तो उन्होंने उस समस्या का निराकरण तो किया ही। साथ ही दस विधायक और मंत्री को भी फोन कर दिया। नतीजा ये हुआ कि उस राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े में मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने न सिर्फ नेत्रदान का शपथ पत्र भरा, बल्कि पूरे शरीर के दान की घोषणा की। मुख्यमंत्री के द्वारा नेत्रदान का शपथ पत्र भरने से पूरे समाज में एक बड़ा संदेश गया। इतना ही नहीं, सारे मंत्री आये थे, सभी ने नेत्रदान का शपथ पत्र भरा।

इसके बाद 2004 में डीपीएस में हम लोगों ने राष्ट्रीय नेत्रदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया था। इसमें हम लोगों ने चीफ गेस्ट के रूप में हरिनारायण सिंह को बुलाया। वे न सिर्फ आये, बल्कि उन्होंने अपनी नेत्रों आंखों का दान भी भरा। उन्होंने डीपीएस में नेत्रदान पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया।

इसके अलावा उन्होंने उस समय अपने संवाददाता आनंद मोहन (वर्तमान प्रभात खबर ब्यूरो चीफ) को नेत्रदान करनेवालों और नेत्र प्रत्यारोपण से रोशनी पानेवालों के घर भेज कर हिंदुस्तान अखबार में एक-एक पेज का कवरेज करवाया। उन्होंने ग्राउंड स्तर पर रिपोर्टिंग करवायी। उनके इस कदम से नेत्रदान जागरूकता का संदेश पूरे झारखंड में फैला। उनकी इसी कार्यशैली के माध्यम से हम उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**(लेखिका : कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक और निदेशक हैं।)**

# जेलेंस्की ने मोदी से फोन पर बातचीत की

- रूसी हमलों की जानकारी दी और कहा : भारत शांति प्रयासों का समर्थन कर रहा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को पीएम मोदी को फोन कर बातचीत की। जेलेंस्की ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंबी बातचीत की। हमने द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक कूटनीतिक पर विस्तार से चर्चा की।

जेलेंस्की ने मोदी को यूक्रेन पर रूसी हमलों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- मैंने उन्हें (पीएम मोदी को) हमारे ऊपर रूसी हमलों के बारे में बताया, खासकर कल जापोरिझिया में बस स्टेशन पर हुए हमले के बारे में, जहां रूस ने जानबूझकर एक शहर पर बमबारी की, जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए।

जेलेंस्की ने कहा कि- भारत हमारे शांति प्रयासों का समर्थन कर रहा है और इस बात पर सहमत है कि यूक्रेन से जुड़ा हर फैसला यूक्रेन की भागीदारी के साथ ही होना चाहिए।

**जेलेंस्की ने भारत को रूस से तेल खरीद कम करने को कहा :** जेलेंस्की ने मोदी से रूस पर प्रतिबंध लगाने पर भी बात की और रूस के तेल निर्यात को सीमित करने को कहा। जिससे जंग को बढ़ाने की उसकी क्षमता कम हो सके। जेलेंस्की ने मोदी से सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान व्यक्तिगत मुलाकात करने की बात कही। साथ ही दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के देशों की यात्राओं पर विचार करने का फैसला किया है।

**जेलेंस्की बोले- यूक्रेन का दूसरी बार बंटवारा नहीं होने देंगे :** इस बातचीत से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए कहा था कि रूस को किसी भी हाल में यूक्रेन का दूसरा बंटवारा करने नहीं दिया जायेगा।

# शपथ पत्र



I, Bahuri Devi, wife of the late Vinod Khadiya, a resident of Baraik Mohalla, Gumla Village, Post + Police Station Gumla, Gumla District, Jharkhand State, would like to inform you through Affidavit Number 11836/25 dated 01.08.2025 that my name is incorrectly recorded as Meena Devi on my Aadhaar card (serial number 295327714636). My actual and correct name is Bahuri Devi, which is also recorded on my Voter ID card (number CZD 1012642) and Jharkhand Gramin Bank account (number 84065933731). Therefore, from this date forward, I, Bahuri Devi, wife of the late Vinod Khadiya, will be known and identified by this name through Affidavit Number 11836/25 dated 01.08.2025, and all my future work will be done under the name Bahuri Devi.

# युवती के आत्महत्या मामले में पूर्व प्रेमी हुआ गिरफ्तार


- आरोपी ने निजी वीडियो लीक करने की धमकी दी थी : पुलिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के केंद्रपाड़ा जिले में 19 साल की युवती की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को उसके पूर्व प्रेमी को गिरफ्तार किया है। युवती का जला हुआ शव 6 अगस्त को घर की सीढ़ियों पर मिला था। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों के रिश्ते खत्म हो चुके थे, लेकिन आरोपी लगातार निजी वीडियो लीक करने की धमकी देता रहा। पुलिस ने बताया कि उसने बाद में ये वीडियो युवती के पिता और 5-6 अन्य लोगों को भेज दिये। आरोपी के फोन से 60 अश्लील वीडियो मिले हैं। पुलिस का कहना है कि 6 अगस्त की सुबह 7:34 बजे उसने पीड़िता को संदेश भेजा, जिसके तुरंत बाद उसने आत्महत्या कर ली। मामले में आरोपी पर बीएनएस की धारा 296 (अश्लील कृत्य), 75 (यौन उत्पीड़न), 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और आइटी एक्ट की धारा 66-ए और 67-ए के तहत केस दर्ज हुआ है। युवती के पिता का आरोप है कि आरोपी ने उनकी बेटी के साथ बने अश्लील वीडियो इंटरनेट पर फैलाये, जिससे वह मानसिक दबाव में आकर जान देने को मजबूर हो गयी।

उधर, आरोपी के पिता ने बेटे की रिहाई न होने पर थाने के बाहर आत्मदाह की धमकी दी है। उन्होंने खुद को गरीब बताते हुए न्याय न मिलने की बात कही। आरोपी की मां और बहन ने दोनों के बीच संबंध स्वीकार किए, लेकिन ब्लैकमेल के आरोपों से इनकार किया। उनका दावा है कि यह मामला ऑनर किलिंग का हो सकता है। पुलिस ने पीड़िता के पिता, भाई और मां से पूछताछ की है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**